राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-41
लखनऊ, सोमवार 25 सितम्बर, 2023 पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



देश की सीमाएं व गरीबों का हित मोदी के हाथों में सुरक्षित 02

2024 में कांग्रेस व विपक्ष का होगा सफाया : पाठक 03

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अपग्रेडेड तेजू एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

एजेंसी

**लोहित।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश में अपग्रेडेड तेजू एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी मौजूद रहे। यह एयरपोर्ट लोहित जिले में स्थित हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज अरुणाचल प्रदेश के लिए एक एतिहासिक दिन है। आज 170 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश और 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्र वाले हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया है। यह प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के कारण हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर-पूर्व क्षेत्र में केवल नौ एयरपोर्ट थे, जिनकी संख्या अब 17 हो गई है। यह कनेक्टिविटी सामरिक महत्व और समृद्धि लाएगी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि लाने का एक माध्यम है। इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि तेजू एयरपोर्ट पर एक नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन 24 सितंबर को होगा। मौजूदा समय में यह घरेलू हवाई अड्डा एक ही रनवे पर संचालित होता है। यह एयरपोर्ट 212 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नए टर्मिनल बिल्डिंग की विशेषताओं को बताते हुए एक वीडियो एक्स पर शेयर किया है।

# भारतीय नौसेना को मिला तीसरा मिसाइल-एम्युनिशन जहाज

## रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर दी जानकारी, मेक इन इंडिया पहल में मिली एक और कामयाबी

▸ एसईसीओएन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स के साथ किया अनुबंध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीसरी मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, यार्ड 77 को 22 सितंबर को आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी के गुट्टेनादेवी में कमांडर जी रवि, युद्धपोत उत्पादन अधीक्षक (विशाखापत्तनम) द्वारा शुरु किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है।



स्वदेशी निर्माताओं से प्राप्त सभी प्रमुख और सहायक उपकरण के साथ, यह बार्ज रक्षा मंत्रालय की मेक इन इंडिया पहल का एक गौरवशाली ध्वजवाहक है। भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप, 08 एक्स मिसाइल-एम्युनिशन बार्ज का निर्माण और वितरण के लिए एसईसीओएन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के साथ अनुबंध किया गया था।

### पहले भी दो जहाज हुए शुरू

एमएसएमई शिपयार्ड ने पहले ही 18 जुलाई, 2023 को पहला एमसीए बार्ज वितरित कर दिया है और 18 अगस्त 2023 को दूसरा बार्ज लॉन्च किया। यह बार्ज 30 साल की सेवा जीवन के साथ भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के तहत बनाया जा रहा है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, एमसीए बार्ज की उपलब्धता आईएन जहाजों के लिए घाटों और बाहरी बंदरगाहों पर परिवहन, आरोहण और सामान/गोला-बारूद के उतरने की सुविधा प्रदान करके गति प्रदान करेगी।

### इस साल की शुरुआत में मिला था दूसरा जहाज

इस साल की शुरुआत में, दूसरा मिसाइल सह गोला बारूद (एमसीए) बार्ज, यार्ड 76 (एलएसएएम 8) को 18 अगस्त को कमांडर जी रवि, युद्धपोत उत्पादन अधीक्षक (विशाखापत्तनम) द्वारा गुट्टेनादेवी, पूर्वी गोदावरी, आंध्र प्रदेश (एम/का प्रक्षेपण स्थल) पर लॉन्च किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### दो करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक और ड्रग्स विरोधी अभियान में 2 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने यह ड्रग्स कछार जिले में जब्त की है। चूंकि यह जिला असम-मणिपुर और असम-मिजोरम दोनों सीमा पर स्थित है। जिले में हाल ही में बहुत सारी ड्रग्स की गतिविधियां हुई हैं। कछार जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नुमल महत्ता ने कहा, एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने शनिवार को ड्रग्स की तस्करी के प्रयास को विफल करने के लिए एक अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने आजाद उद्दीन बारलास्कर नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एसपी ने कहा, हमने एक वाहन से कम से कम 18,000 याबा टैबलेट जब्त किए हैं।

### हिमाचल में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मंडी शहर के पास रविवार को भूकंप के झटके महसूस किये गए। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग जानकारी दी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.8 मापी गयी। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह तड़के 04.52 बजे आया जिसका केंद्र 31.60 उत्तर अक्षांश और 77.09 पूर्व देशांतर और राज्य की राजधानी शिमला से लगभग 65 किलोमीटर दूर मंडी शहर के पास पृथ्वी की सतह से चार किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। जान-माल के किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### उत्तर प्रदेश में दो आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। कानपुर कमिश्नरेट में तैनात आईपीएस रवीना त्यागी को वहां से हटा कर पुलिस अधीक्षक महिला बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश बनाया गया है। रवीना त्यागी ने कानपुर में डीसीपी यातायात की जिम्मेदारी को बखूबी तरीके से निभाई है। इसी तरह पद्जा चौहान को अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं मुख्यालय लखनऊ को अपने वर्तमान दायित्यों के साथ महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में महिला शक्तिकरण के कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी भी दी गई है।

### बीएसएफ व पंजाब पुलिस ने गिराया पाक का ड्रोन

**अमृतसर।** अमृतसर में बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने सीमा के साथ सटे मुहावा गांव के पास ड्रोन को मार गिराया है। पुलिस और बीएसएफ ने ड्रोन मार गिराने के बाद संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान धान के खेत से ड्रोन बरामद किया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ और पुलिस के जवान शुक्रवार के देर रात गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उनको पाकिस्तान की ओर से ड्रोन आने की आवाज सुनाई दी। जवानों ने आवाज की दिशा में फायरिंग की।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नौ नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देते हुए कहा

# 11 राज्यों में बढ़ेगी रेल कनेक्टिविटी

▸ पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश को नौ नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 सितंबर को नौ नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है। इन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद सभी 11 राज्यों में यात्रा में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। देश के इन 11 राज्यों में रेलवे कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल नौ वंदे भारत ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई है।



देशभर के कई रूटों पर वंदे भारत ट्रेन में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। इसी बीच जिन नौ ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रवाना किया है उनके शुरू होने के बाद से भारत में ट्रेनों का बेड़ा अधिक बड़ा होने वाला है। ये ट्रेन देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। बयान में कहा गया, ''वंदे भारत ट्रेन अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज गति वाली ट्रेन होंगी और इससे यात्रियों का काफी समय बच सकेगा।'' इसके मुताबिक, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम मार्ग पर वर्तमान की सबसे तेज ट्रेन की तुलना में, वंदे भारत ट्रेन से संबंधित गंतव्यों के बीच यात्रा के समय में लगभग तीन घंटे कम हो जाएंगे। हैदराबाद-बेंगलुरु के मार्ग पर ढाई घंटे से अधिक जबकि तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई मार्ग पर सफर में दो घंटे से अधिक समय बचेगा। वंदे भारत ट्रेन के जरिये रांची-हावड़ा, पटना-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय इन गंतव्यों के बीच वर्तमान में सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग एक घंटे कम हो जाएगा।

### 11 राज्यों के धार्मिक व पर्यटन स्थलों को जोड़ेंगी यह ट्रेनें

जानकारी के लिए बता दें कि नौ वंदे भारत ट्रेनों को 11 राज्यों से चलाया जाएगा जिसमें राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, उड़ीसा, झारखंड और गुजरात शामिल है। ये सभी वंदे भारत ट्रेनें 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ेंगी। नयी वंदे भारत रेलगाड़ियां उदयपुर-जयपुर, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, विजयवाड़ा-चेन्नई, पटना-हावड़ा, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी, रांची-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच चलेंगी। राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और तिरुनेलवेल्ली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस से पुरी और मदुरै जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के बीच संपर्क सुविधा बढ़ेगी। विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेनीगुंटा के रास्ते संचालित होगी और तिरुपति धार्मिक स्थल तक संपर्क उपलब्ध कराएगी।

### मन की बात में बोले मोदी प्रतिभा के धनी हैं भारतीय

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल को देश के लिए हर नागरिक का कर्तव्यकाल बताते हुये रविवार को कहा कि अपने कर्तव्य को निभाते हुये भी हम अपने लक्ष्यों को पा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में सोत नदी के पुनरूद्धार के लिए किये गये काम और पश्चिम बंगाल निवासी शकुनंतला सरकार का उदाहरण भी दिया। मोदी ने मन की बात की 105वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुये कहा कि कर्तव्य की भावना, हम सभी को एक सूत्र में पिरोती है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोग प्रतिभा के धनी हैं।

## एशियन गेम्स में भारत ने जीते पांच पदक, तीन रजत, दो कांस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियन गेम्स में भारत की शानदार शुरुआत हुई है। रविवार को भारत की झोली में एक के बाद एक पदक आए हैं। सुबह दो पदक जीतने के बाद तीन और पदक भारत की झोली में आए हैं। भारत के लिए तीसरा पदक पुरुषों के कॉक्सलेस पेयर इवेंट में आया। भारतीय जोड़ी लेख राम और बाबू लाल यादव ने कांस्य पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने 6:50:41 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद पुरुष कॉक्स 8 इवेंट से भारत के लिए एक और पदक आया। नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष और धनंजय उत्तम पांडे की भारतीय टीम ने 05:43.01 के समय के साथ दूसरे नंबर पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया।



भारत के लिए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में शूटर रमिता ने एक और पदक दिलाया।

रमिता ने 10 मीटर एयर राइफल में भारत को कांस्य पदक दिलाया है। इससे पहले सुबह मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने एशियाई खेलों में देश के लिए पहला पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में महिला तिकड़ी ने कुल 1886.0 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। इसके बाद रोइंग में भारत के अर्जुन लाल और अरविंद सिंह की जोड़ी ने पुरुषों की लाइट वेट डबल स्कल्स में 6:28:18 समय के साथ रजत पदक जीता।

## राम लला के अभिषेक में शामिल होने वाले गेस्ट की सूची तैयार कर रहा ट्रस्ट

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या में राम लला के अभिषेक समारोह में आमंत्रित करने के लिए 2,500 प्रमुख लोगों की सूची तैयार कर रहा है, जिन्हें अगले जनवरी में अयोध्या में आमंत्रित किया जाएगा। इस सूची में खेल जगत के लोग, पूर्व सेना कर्मी और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के अलावा राम मंदिर आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिवार के सदस्य और देश के प्रमुख मंदिरों के प्रतिनिधि शामिल हैं। सूची में अन्य लोगों के अलावा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के प्रमुख सदस्य भी शामिल होंगे, जिन्हें मेगा समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि ये आमंत्रित लोग देश भर के 4,000 संतों के अलावा होंगे जिन्हें इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सर्दियों की स्थिति के कारण विभिन्न संप्रदायों के प्रमुखों से फरवरी में अयोध्या आने की अपील जारी की है।

## दानिश अली के खिलाफ हो कार्रवाई : रवि किशन

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** बीजेपी इन दोनों लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा दानिश अली पर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर हंगामा मचा हुआ है। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा दी गई टिप्पणी के कारण पार्टी को काफी किरकिरी का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच गोरखपुर सदर से भाजपा सांसद रवि किशन ने भी इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। आपत्तिजनक बयान मामले में विपक्ष के हमलावर होने के बाद भाजपा सांसद रवि किशन ने दानिश अली को भी कई आरोपों में घेरा है।

इस संबंध में रवि किशन ने बताया कि रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली पर जो विवादित टिप्पणी की वो अच्छा नहीं है। मैं रमेश बिधूड़ी के बयान का किसी भी स्तर पर समर्थन नहीं करता हूं लेकिन संसद में रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई हो रही है ऐसे में दानिश के



खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दानिश अली पहले दो बार संसद में मुझ पर अभद्र भाषा में टिप्पणी कर चुके हैं।

दानिश अली ने जनसंख्या नियंत्रण विधेयक पेश होने के दौरान मेरे परिवार पर निजी टिप्पणी की थी। उनके इस बयान के बाद मुझे उम्मीद है कि लोकसभा अध्यक्ष इस मामले पर भी ध्यान देंगे। बता दें कि रवि किशन इस मामले पर एक पत्र लिख रहे है जिसका मसौदा तैयार किया जा चुका है। रवि किशन ने पत्र में अनुरोध किया है कि अगर विवादित टिप्पणी को लेकर रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तो दानिश के खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई होनी चाहिए।

## गैर हिंदुओं को भी जोड़ेगा आरएसएस

▸ संघ प्रमुख ने सद्भाव पर फोकस बढ़ाने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक सद्भाव के तहत अब गैर हिंदुओं के साथ अपना संपर्क व समन्वय बढ़ाएगा, जिसके तहत आरएसएस सिख, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और पारसी समेत अन्य धर्म के लोगों के साथ समन्वय बढ़ाए जाने के लिए जोर देगा। जहां एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक समरसता के तहत दलित और मलिन बस्तियों के बीच पैठ बढ़ाए जाने के संबंध में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहा है, इसी बीच अब ईसाइयों और मुसलमानों को संघ के साथ जोड़े जाने का भी बड़ा फैसला अवध प्रांत व उनके साथ विभागों की टोलियां के साथ बैठक में सर संघचालक मोहन राव भागवत ने लिया है ।



सर संघ चालक मोहनराव भागवत जहां दलित और मलिन बस्तियों के बीच पैठ बढ़ाये जाने व मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और पारसी समेत अन्य धर्म के लोगों के साथ समन्वय बनाए जाने के निर्देश दे रहे हैं, इसी बीच शताब्दी वर्ष तक अवध प्रांत के प्रत्येक गांव में शाखा, साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली बैठक का आयोजन करने पर भी बैठकों पर जोर दे रहे हैं। संघ प्रमुख ने सामाजिक समरसता व सद्भाव बढ़ाने के तहत गैर हिंदुओं के साथ भी संपर्क और समन्वय बनाने की बात कही है साथ ही संघ के कामकाज की जानकारी देने की बात भी मोहनराव भगत के द्वारा कही गई। सर संघचालक मोहन राव भागवत ने शताब्दी वर्ष तक प्रत्येक गांव तक संघ की उपस्थिति को बढ़ाए जाने व प्रमाणिक स्वयंसेवको की टीम तैयार करने की भी बात कही, जिसमें मोहन भागवत ने बताया कि ऐसे स्वयंसेवक तैयार करें जो अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह स्वयं करें प्रांत और विभाग के पदाधिकारीयो से मोहन भागवत ने कहा कि ऐसे स्वयंसेवक तैयार करें जो दिन में कम से कम 3 से 4 घंटे संघ को दे सके।

### सरकारी योजनाओं का दलितों व गरीबों को दिलाएं लाभ

संघ प्रमुख ने दलितों और गरीबों को उनका हक दिलाए जाने पर जोर डालते हुए पदाधिकारी से कहा कि दलितों और मलिन बस्तियों की बीच लगातार कार्यक्रमों के आयोजन पर सभी पदाधिकारी जोर दें, साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ भी सभी को पहुंचे इसका ध्यान रखें। दलित व मलिन बस्तियों में संघ की सेवा कार्यक्रम लगातार संचालित होते रहने चाहिए साथ ही त्योहार और धार्मिक कार्यक्रमों में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## कोयला लेवी घोटाला मामले में दो विधायकों समेत नौ के खिलाफ नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रायपुर की एक विशेष अदालत ने कथित कोयला लेवी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में आरोपी कांग्रेस के दो विधायकों और सात अन्य आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। अदालत ने कथित आरोपियों को 25 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने को कहा है। विशेष लोक अभियोजक सौरभ कुमार पांडे ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने चतुर्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में मामले में दूसरा पूरक आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र सिंह यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय और आईएएस अधिकारी रानू साहू सहित 11 लोगों को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत ने शनिवार को दूसरा पूरक आरोपपत्र दर्ज किया और 11 आरोपियों में से नौ को नोटिस जारी किया।

## 10 जिलों से होते हैं देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एफसीआरएफ के सह संस्थापक हर्षवर्धन सिंह ने बताया, ''हमारा विश्लेषण भारत के 10 जिलों पर केंद्रित था जहां से सबसे अधिक साइबर अपराध को अंजाम दिया जाता है। श्वेत पत्र में पहचान की गई है, इन जिलों में साइबर अपराध के प्रमुख कारकों को समझना प्रभावी रोकथाम और खत्म करने की रणनीति तैयार करने के लिए आवश्यक है।

देश में साइबर अपराध के केंद्र के रूप में कुख्यात झारखंड के जामताड़ा एवं हरियाणा के नूंह का स्थान अब राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले ने ले लिया है। यह दावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में शुरू स्टार्टअप ने अपने अध्ययन में किया है। शीर्ष 10 जिले से देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध होते हैं। आईआईटी-कानपुर में स्थापित एक गैर-लाभकारी स्टार्टअप, फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन ने अपने नवीनतम अध्ययन पत्र 'ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया' में इन निष्कर्षों का उल्लेख किया है। एफसीआरएफ ने दावा किया कि भरतपुर (18 प्रतिशत), मथुरा (12 प्रतिशत), नूंह (11 प्रतिशत), देवघर (10 प्रतिशत), जामताड़ा (9.6 प्रतिशत), गुरुग्राम (8.1 प्रतिशत), अलवर (5.1 प्रतिशत), बोकारो (2.4 प्रतिशत), कर्मा टांड (2.4 प्रतिशत) और गिरिडीह (2.3 प्रतिशत) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं।

**अवसर** सीएम योगी ने मोटो जीपी में हिस्सा लेने आई विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को किया संबोधित

# युवा पीढ़ी के रूप में निवेशकों के लिए बड़ा बाजार है यूपी

एजेंसी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। ये संभावनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर में हैं, रोड कनेक्टिविटी में हैं, मेट्रो सेक्टर में हैं, एयर कनेक्टिविटी में हैं, वाटरवेज में हैं और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर इनवेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए आज मोटो जीपी में जितने भी इस फील्ड के निवेश करने के उत्सुक स्टेक होल्डर्स, ऑर्गनाइजर और अन्य महानुभाव आए हैं, उन सबको आमंत्रित करता हूं कि वे सभी उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का लाभ लें। उत्तर प्रदेश




न सिर्फ मोटो जीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा मार्केट है, बल्कि यहां पर भारत की सबसे यंग जेनरेशन भी है जो आपके लिए एक अवसर होगा अपने निवेश को आगे बढ़ाने का। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव के अवसर पर कहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी।

### स्पोर्ट्स सेक्टर पर केंद्र-राज्य दोनों सरकारों का फोकस

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56 फीसदी वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को प्रदेश सरकार ने 2011 में विकसित किया था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर जो अनेक संभावनाएं हैं, उन्हें एक लघु फिल्म के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत किया गया।

## हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत के महासम्मेलन में पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने कहा

# देश की सीमाएं व गरीबों का भविष्य मोदी के हाथों में सुरक्षित

▸ मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए हों एकजुट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की 80 संसदीय सीटों को जीताने के लिए तथा प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ पिछड़े वर्गों के भुर्जी समाज के संगठन हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत द्वारा आयोजित किया गया प्रदेश का यह पहला महासम्मेलन है, जो कि एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भी प्रयास है कि समाज के इन छोटे छोटे संगठनों को एकजुट कर एक बड़ा संगठन बनाना है, जिससे कि भविष्य में कोई जाति के नाम पर, ऊंच नीच के नाम पर राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा इन्हें एक दूसरे से अलग न कर सके। उन्होंने कहा कि हमारा समाज जितना संगठित होगा, उतना ही तेजी से हम आगे बढ़ेंगे।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा रविवार को सहकारिता भवन में हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत द्वारा आयोजित सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मोदी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकजुट होने को कहा। उन्होंने जोश भरते हुए कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतें हमें तोड़ने का प्रयास करेंगी, हमें इनसे सावधान रहना होगा। इसकी पहचान के लिए आपको इंडिया गठबंधन के लोगों से दूर रहना होगा। यह गठबंधन अब 28 फ्यूज बल्बों का एक झालर मात्र है, जिससे आप अपने जीवन में रोशनी की उम्मीद मत करिएगा। जब ये सत्ता में थे, तब इनसे कुछ हुआ नहीं। अब आपके लिए बड़े-बड़े वायदे कर रहे। प्रधानमंत्री ने गरीबों, वंचितों के लिए विश्वकर्मा योजना लाए हैं। इसका लाभ लेकर यह समाज आत्मनिर्भर बनेगा। जिस समाज को 70 वर्षो से हाशिए में रखा गया, उसके हितों एवं विकास के लिए मोदी और योगी संकल्पित है। भुर्जी समाज पीढ़ियों से लईया-चना भूंजने का कार्य करता था, लेकिन समय के साथ आज उनके समाज में बदलाव आया है। आसामाजिक तत्वों द्वारा ही हमारी आस्था एवं श्रद्धा को चोट पहुंचाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति हम सबको एक साथ लेकर आगे बढ़ाने की विचारधारा है। देश के लोगों की भगवान राम के प्रति बड़ी श्रद्धा है। सुबह से ही लोग राम-राम एक दूसरे से करने लगते हैं। भगवान राम ने समाज में एकरूपता लाने के लिए ही शबरी के जूठे बेर खाए, निषाद राज के गले मिले, उन्हें सम्मान दिया। सभी लोग ईश्वर के शरणागत होते हैं, छोटे बनकर ही ईश्वर से यांचाना करते हैं। भक्त और भगवान में अटूट संबंध होता है, इसका प्रत्यक्ष उल्लेख विभिन्न शास्त्रों में है। भक्त हनुमान और भगवान राम के बीच का अटूट प्रेम सर्वविदित है। मोदी और योगी का अपना कुछ नहीं है, वे दोनों समाज की भलाई करने के लिए ही जीते हैं। मोदी जी के हाथों देश की सीमाएं और गरीबों का भविष्य दोनों सुरक्षित है। यही अब विरोधियों को नहीं पच रहा है। भारत माता के जयकारो और वंदे मातरम के साथ मंत्री ने अपना संबोधन समाप्त किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से आए संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

### भाजपा की दृष्टि में सभी लोग समान

भाजपा की दृष्टि में भी हम सब एक ही हैं, न कोई छोटा है न कोई बड़ा है, न कोई ऊंचा है न कोई नीचा। भाजपा की इसी भावना को तोड़ने के लिए ही आसामाजिक तत्व आपके पास आएंगे और आपको एक दूसरे से अलग करने का प्रयास करेंगे, इनसे सावधान रहिएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने घर-घर शौचालय बनवाये, गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बंटवाए, गरीबों को मुक्त अनाज और आवास की सुविधा प्रदान की। रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना संचालित है और अब छोटे कारीगरों, शिल्पकारों के लिए 13 हजार करोड रुपए की विश्वकर्मा योजना मोदी द्वारा लागू की गई है। इससे इस समाज की गरीबी और पिछड़ापन दूर होगा।

## ग्राम्य विकास विभाग को प्रोन्नति से मिले 113 नए एडीओ

समृद्धि न्यूज

▸ उप मुख्यमंत्री सहायक विकास अधिकारियों को दी बधाई

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर पूरी तत्परता बरतते हुए ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा 113 ग्राम विकास अधिकारियों को पदोन्नति देकर सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बनाया गया है। पदोन्नति से आये इन सहायक विकास अधिकारियों को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बधाई दी है।

उन्होंने इन सहायक विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह पूरी निष्ठा व सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और गांव-गरीब के लिए संचालित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग में जो भी पद पदोन्नति से भरे जाने हैं, उन्हें नियमानुसार समय से पदोन्नति देने की कार्यवाही की जाए।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने पदोन्नति आदेश जारी करते हुए कहा है कि नव प्रोन्नत से आये इन सहायक विकास अधिकारियों की तैनाती के आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे। इन 113सहायक विकास अधिकारियों में 8 लोग दिव्यांग श्रेणी के हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने निर्देश दिए हैं कि प्रोन्नत सहायक विकास अधिकारी अपने तैनाती जनपद में नियन्त्रक अधिकारी को अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें।

## खबरें एक नजर में

### अनिल विक्रम सिंह को मिला लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड



**लखनऊ।** बस्ती जनपद के सबसे प्रतिष्ठित खैर इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज के पहले री यूनियन 2023 के आयोजन में खैर कॉलेज ऑफ़ ओल्ड बॉयज एसोसिएशन ने सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। बनारस के रहने वाले मेरठ में 1945 में जन्मे श्री सिंह ने बस्ती में सातवीं और आठवीं कक्षा की शिक्षा ग्रहण की थी। उनके पिता जेलर के पद पर कार्यरत थे इसीलिए सिंह ने कई जनपदों में शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय से प्राप्त संस्कारों, ज्ञान और आत्मविश्वास के सहारे ही अपनी योग्यता सिद्ध की है। श्री सिंह वर्तमान में सहारा हॉस्पिटल लखनऊ में मुख्य अभिभावक सहारा श्री के विजन को पूरा करते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मैनेजमेंट के क्षेत्र में श्री सिंह ने बड़ा मुकाम हासिल किया और सहारा इंडिया परिवार में रहते हुए जिस तरह से उन्होंने अपनी कार्य कुशलता के कई आयाम स्थापित किये, उसे देखते हुए एसोसिएशन की ज्यूरी कमेटी ने उन्हें पहले री यूनियन 2023 के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करने का निर्णय लिया। श्री सिंह को यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलने पर बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

### हमदर्द अलुमि ऑफ फाउंड्स डे कार्यक्रम का आयोजन




**लखनऊ।** रविवार को अटल बिहारी वाजपाई कॉन्वेंशन सेंटर, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में जमिया हमदर्द अलुमि मीट और जमिया हमदर्द फ़ाउंडेशन डे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की एंकरिंग डॉ ख़ूबेब अहमद ने की। वेलकम स्पीच ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन थे अलुमि एकोसिएशन ऑफ़ जामिया हमदद यूपी चैप्टर डॉ शकील अहमद ने किया। अलुमि असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ एस एम सलमान ने अलुमी मेम्बर का परिचय कराया। डॉ बीएम उस्मानी, वाईस प्रेसिडेंट अलुमि एसोसिएशन, यूपी स्टैट ने हक़ीम अब्दुल हामिद साहब की तालीमी और समाजी ख़िदमत पर रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन सेक्रेट्री डॉ असद आईड्रिस ने ओल्ड बॉयज़ अलुमि असोसिएशन और जमिया हमदर्द ने अपने ख़िदिमद पर ख़यालात का इज़्हार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाईस चांसलर डॉ अफ़सर आलम साहब ने हमदर्द अलुमि के बच्चों को एडमिशन मी रीलेशन देने की बात कही उन्होंने ये भी कहा कि अलुमि को स्कॉलरिक हाउस में ठहरने के लिए रिसर्वेशन और कंसेशन दिया जाएगा।

### ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के सहयोग से बाइक रैली आयोजित




**लखनऊ।** नारी शक्ति के संकल्प और एकता के प्रदर्शन के उद्देश्य से समाज के विभिन्न हिस्सों की महिलाएं जी बेफिकर ऑल-वुमन बाइक रैली के लिए रविवार की सुबह सड़क पर उतरीं। इस प्रेरणास्पद आयोजन की शुरुआत राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित 1090 क्रॉसिंग से हुई जहां लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का समापन आलमबाग स्थित शालीमार गेटवे मॉल पर हुआ, जहां मेयर सुषमा खर्कवाल उपस्थित थीं। इस अनूठी बाइक रैली का आयोजन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के सहयोग से किया गया। इस आयोजन के विषय में चर्चा करते हुए, ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के सौमित्र सराफ ने बताया, जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को पहचान दिलाने और उनकी सराहना करने के लिए महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली का आयोजन जी बेफिकर थीम पर किया गया। यह महिलाओं के प्रति सामाजिक स्टीरियोटाइप सोच को बदलने का प्रयास है।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती कैंडिडेट्स का प्रदर्शन 48वें दिन भी जारी

समृद्धि न्यूज

▸ अभ्यर्थियों की मौजूदगी में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन

**लखनऊ।** 69 हजार शिक्षक भर्ती की नियुक्त के लिए अभ्यर्थियों का धरना 48वें दिन भी जारी रहा। रविवार को ईको गार्डन में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की मौजूदगी में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया।

अभ्यर्थियों ने कोर्ट का निर्णय पक्ष में आने के बाद भी नियुक्ति न मिलने पर बजरंगबली से गुहार लगाई। मौके पर बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी मौजूद रही। कुछ दिन पहले अभ्यर्थियों ने निदेशालय का घेराव भी किया था और महानिदेशक से मुलाकात कर कोर्ट के आदेश के पालन करने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम न निकले के कारण इको गार्डन के धरना स्थल पर प्रदर्शन जारी हैं। प्रदर्शन कर रहे दुर्गेश शुक्ला ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग उच्चतम न्यायालय के अंतिम आदेश के साथ 48 दिनों से लगातार हो रहे धरने को भी अनदेखा कर रहा है।

इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल, स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद के साथ बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा एक अंक विवाद पर नियुक्ति सम्बंधित कोई लिखित कार्यवाही शुरू नही हुई। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों में दुर्गेश शुक्ला ने बताया कि नवंबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अंक बढ़ाते हुए अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार नियुक्ति देने का आदेश दिया था। इसके बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग ने अभी तक नियुक्ति नहीं दी।

### कड़ी सुरक्षा में निकला चुप ताजिया का जुलूस

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को चुप ताजिया का जुलूस कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया। चुप ताजिये का जुलूस सुबह की नमाज के बाद नाजिम साहब इमामबाडे से शुरू होकर तय मार्ग से रौजा-ए-काजमैन पर समाप्त हुआ। हजरत इमाम हुसैन के गम के अंतिम दिन इमामबाड़ा नाजिम साहेब से चुप ताजिये का जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ गमगीन माहौल में निकाला गया। चुप ताजिये का जुलूस सुबह की नमाज के बाद नाजिम साहब के इमामबाडे से शुरू हुआ जो तय रास्तों से होता हुआ रौजा-ए-काजमैन पहुंच के समाप्त हुआ। जुलूस के पूर्व अलविदाई मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया। कर्बला के शहीदों के गम में निकाला जाता है जुलूस कर्बला के शहीदों के गम में दो महीने आठ दिन बाद मनाया जाने वाला मोहर्रम आज चुप ताजिए का जुलूस के साथ पूरा हो गया।

## तनाव दूर करने में योग की भूमिका अहम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इण्डियन योग फेडरेशन, इण्डियन एकेडमी ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योग तथा यूपी नेचुरोपैथी एण्ड योग टीचर्स एण्ड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रातः 10 बजे से यू0पी0 प्रेस कल्ब, लखनऊ में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि व्यक्ति की टेंशन को दूर करने के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का बड़ा योगदान है जीवन में न्यूनतम आवश्यकता रख कर आप अपने मन को स्वस्थ रख सकते हैं समाज और परिवार की उन्नति कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विलक्षण चिकित्सा पद्धति है उत्तर प्रदेश राज्य में इसके राजकीय चिकित्सालय खुलने चाहिए इसके लिए प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की नियमावली बनाने के लिए मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में परिवाद दायर किया गया था। जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने 2014 में ही नियमावली बनने के लिए आदेश पारित किया था किंतु आज दिनांक तक नियमावली बनाई नही गई है जिससे योग एवं प्राकृतिक चिकित्सको में असंतोष व्याप्त है राज्य सरकार को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के नियम बना के इस पद्धति के लोगों का उत्थान करना चाहिए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. एम एल बी भट्ट, पूर्व कुलपति किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जीवनशैली जनित रोगियों में अत्यंत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है तथा इन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सको का उत्तर प्रदेश में पंजीकरण होना आवश्यक है जिससे योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सकती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो0 आर ए एस कुशवाहा ने बताया कि योग को अपनाकर जीवन को सरल सहज और स्वस्थ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ विकास त्रिवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विद्यालय, महाविद्यालय, चिकित्सालय खुलने चाहिए जिससे प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के माध्यम से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का स्वास्थ्य लाभ जन सामान्य तक पहुंचाया जा सकता है।



सांसद दिनेश शर्मा ने ऐशबाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया पर नौकरी के झांसे में न आएं लोग : यूपी पुलिस

**लखनऊ।** यूपी पुलिस ने लोगों को चेताया है कि वह सोशल मीडिया पर दिए जा रहे नौकरी के प्रस्तावों के झांसे में न आएं। यह सलाह तब आई है जब क्लिक फार्म धोखाधड़ी के 50 से अधिक मामले सामने आए हैं और उनमें से कई अभी भी रिपोर्ट नहीं किए गए। यूपी पुलिस की साइबर सेल का उद्देश्य लोगों को झांसे के बारे में जागरूक करना और उन्हें आकर्षक नौकरी के जाल में फंसने से रोकने के लिए आगाह करना है। अनुमान के मुताबिक शहरवासियों को अब तक ऐसे घोटालेबाजों के कारण 17 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। क्लिक फार्म में वस्तुओं और सेवाओं को अच्छी ऑनलाइन रेटिंग देने के लिए लोगों को काम पर रखा जाता है। एक तरह से यह भी एक तरह की नौकरी है जिसका फायदा घोटालेबाज उठा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, स्कैमर्स उपयोगकर्ताओं से संपर्क कर कहते हैं कि वे एक पार्ट-टाइमर की तलाश कर रहे हैं जो प्रति दिन 5,000 रुपये तक कमा सकते हैं।

## भ्रष्टाचार करने वालों का पर्दाफाश करेगा विद्युत उपभोक्ता परिषद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा आयोजित वेबीनार में भ्रष्ट कर्मचारी और अभियंताओं के साथ एकमुश्त समाधान तथा किसानों को मुफ्त बिजली का मुद्दा छाया रहा। वेबीनार में तया किया गया कि किसी काम के बदले पैसा मॉगने वाले कर्मचारी अथिकारियों के खिलाफ उपभेक्ता के साथ उपभोक्ता परिषद एक रिपोर्ट बनाकर पर्दाफाश करेगा।

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उन्हें नियमों कानूनो की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए शुरू किए गए ऑनलाइन वेबीनार में आज दूसरे दिन भी सैकड़ों की संख्या में शाम 4 से 5 बजे पूरे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता जुड़े और सर्वसम्मत से पारित किया प्रस्ताव बिजली कंपनियों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और भ्रष्टाचार करने वाले कार्मिकों का पर्दाफाश करेगा। एक गोपनीय रणनीति के अनुसार कोई भी बिजली कार्मिक या अभियंता यदि उनसे अनुचित धन की मांग करता है। उनका किसी समस्या को लेकर उत्पीड़न करता है, तो उपभोक्ता जागरूक होकर गोपनीय तरीके से उनका रिकार्ड तैयार कर सोशल मीडिया व प्रबंधन को भेजेंगे। जरूरत पडने पर उपभोक्ता ऊर्जा मंत्री से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार तक अपनी शिकायत को सबूत के साथ भेज कर भ्रष्टाचारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

उपभोक्ता परिषद वेबीनार में शामिल होने के लिए अपने उपभोक्ताओं को सोशल मीडिया पर पोस्ट व उसका लिंक जारी करता है जिसके माध्यम से उपभोक्ता जुड़ रहे हैं। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं ने आज वेबीनार में शामिल होकर जहां अपनी समस्याओं पर बेबाकी से बात की वही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में घोषित किसानो की फ्री बिजली व एक मुस्त समाधान योजना को तत्काल लागू करने की मांग उठाई।

## औद्यानिक कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नामित

▸ नोडल अधिकारी औद्यानिक कार्यक्रमों का करेंगे निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित औद्यानिक कार्यक्रमों की मानिटरिंग करने हेतु नोडल अधिकारी नामित किए गए है। यह नोडल अधिकारी अपने आवंटित मण्डल के जनपदों में जाकर औद्यानिक कार्यक्रमों व योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं अनुश्रवण करेंगे, मासिक रूप के कार्यक्रमों मे गतिशीलता लाते हुए तात्कालिक समस्याओं के समाधान करते हुए मण्डल की सूचनायें संकलित करेंगे।

निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में मुख्यालय स्तर के अधिकारियों को मंडलों का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इन नामित नोडल अधिकारियों द्वारा आवंटित मण्डल के समस्त जनपदों में वृक्षारोपण, राजकीय उत्पादन इकाइयों में उत्पादन सुदृढ़ीकरण एवं नवीन प्रस्तावों की समीक्षा तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित समस्त विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों हाईटेक नर्सरी इन्क्यूबेशन सेन्टर पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना आदि के स्थलीय निरीक्षण, सत्यापन, क्रियान्वयन की जनपद व मण्डल की मासिक समीक्षा करके लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु विश्लेषणात्मक रिपोर्ट प्रेषित की जाय।

**निर्देश** — उपमुख्यमंत्री ने अमरोहा भ्रमण के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों के संबंध में की बैठक

# बिजली विभाग की छवि धूमिल करने वाले कर्मियों पर करें कार्रवाई

▸ गायों को सड़कों पर छोड़ने वाले लोगों पर रखें निगरानी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/अमरोहा।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा रविवार को अमरोहा भ्रमण के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण विभागों से एक-एक करके जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उपमुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जनपद मुख्यालय, ग्रामीण व तहसील में विद्युतसप्लाई की स्थिति की जानकारी लिया। निर्धारित समय के अनुसार ही विद्युत की सप्लाई की जानी चाहिए। बिजली की कटौती पर रोक लगनी चाहिए ,जो विभाग के अधिकारी और संविदा कर्मचारी द्वारा बिजली विभाग की छवि धूमिल हो कर रहे हैं, उन पर कार्यवाही की जाए। लापरवाह संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त किया जाए। किसी भी व्यक्ति का नुकसान न हो। उत्पीड़न किसी का नहीं होना चाहिए। बिजली का जो भी लाइन लास हो रहा है उसकी समीक्षा किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के ट्यूबवेल के बिल की माफ की घोषणा सरकार द्वारा कर दी गई है, किंतु फिर भी संज्ञान में आया है कि विभाग द्वारा किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन काट दिए गए हैं, जिन किसानों के कनेक्शन काटे गए हैं, उनको जोड़ा जाए। बिल जमा न होने पर उनके कनेक्शन काटा न जाय। कहा कि बिजली विभाग और पुलिस दोनों संयुक्त रूप से किसी भी त्यौहार में हो, विद्युत संबंधी कोई भी दिक्कत ना हो इसके लिए कार्य करें। त्योहारों में बिजली संबधी कोई भी लापरवाही न हो।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में जहां पर भी बिजली उप केंद्र बनाने के लिए कार्यवाही चल रही है, उसे पर गंभीरता के साथ कार्य किया जाए शासन स्तर पर यदि लंबित है। पत्राचार के माध्यम से धन की मांग कर जल्द से जल्द कार्यवाही प्रारंभ किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने गौ आश्रय स्थल के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि कताई मिल गौशाला के क्रियाकलापों की कमेटी बनाकर जांच किया जाए। जनपद में सभी 18 गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए । गौ आश्रय स्थलों की देखरेख प्राथमिकता से किया जाय। कहा की खंड विकास अधिकारी पशुपालन विभाग, जो भी गोवंश छुट्टा घूम रहे हैं, अभियान चलाकर गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। जो लोग गायों को अंधेरे में सड़कों पर छोड़ देते हैं, उन पर निगरानी रखा जाए और उन्हें गौ आश्रय स्थल पहुंचाया जाए ।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तिगरी गंगा धाम में इलेक्ट्रिक शवदाह ग्रह के लिए प्रस्ताव भिजवाया जाए और निर्माण कार्य के लिए प्रकिया प्रारम्भ किया जाए, यह कार्य जन कल्याण व गरीब से जुड़े हुए लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। शवदाह गृह हर हाल में बनवाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो गेस्ट हाउस की जमीन के लिए आज पत्थर का अनावरण किया गया है, वह उपयुक्त नहीं है, एक टीम बनाकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उचित लोकेशन में जमीन का चिन्हित कर गेस्ट हाउस बड़ा बनाया जाए। इसके लिए बड़ी जगह का चिन्हित किया जाए। जल जीवन मिशन के संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा, पाइपलाइन बिछाने के तहत जो सड़क तोड़ी गई है, वह हर हाल में सही कर दिया जाए।

### माफियाओं के कब्जे से खाली कराई जाए सरकारी भूमि

उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, गोचर, ग्राम समाज वन विभाग व अन्य सरकारी जमीन की जितनी भी भूमि है उस पर अगर भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया गया है तो अभियान चलाकर खाली कराया जाए। कहा कि यह सुनिश्चित हो कि कहीं पर भी इन सब मे अवैध कब्जा ना हो। जनपद के सभी चकमार्गो को अभियान चलाकर खाली कराया जाए, यह भी सुनिश्चित हो कि यदि किसी भी गरीब व्यक्ति द्वारा कब्जा किया गया है, तो उसके साथ शालीनता से व्यवहार कर वैकल्पिक मार्ग अपनाया जाए, गरीब को सताया न जाय। यह ध्यान देना है कि गरीब को छेड़ना नहीं है और माफिया को छोड़ना नहीं है। तालाब, नदी को संरक्षित किया जाए।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोकसभा चुनावों को लेकर कहा

# 2024 में कांग्रेस व विपक्ष का होगा सफाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस एवं विपक्ष का राज्य से सफाया हो जाने का दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को राज्य में कोई गंभीरता से नहीं लेता।

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री पाठक ने एक साक्षात्कार में दावा किया कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बहुत भरोसा है जो निस्संदेह तीसरी बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। भाजपा नीत राष्ट्रीय



▸ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल को राज्य में कोई गंभीरता से नहीं लेता

जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीट में से कुल 64 सीट जीती थीं, जिनमें दो पर सहयोगी अपना दल (एस) के उम्मीदवार विजयी हुए थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में बसपा को 10 और सपा को पांच सीट पर जीत मिली थी, जबकि रायबरेली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी चुनाव जीती थीं। बाद में हुए उप चुनावों में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर संसदीय सीट भी जीत लीं। उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रमुख ब्राह्मण चेहरा माने जाने वाले पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में राहुल और प्रियंका (गांधी वाद्रा) लोकसभा चुनाव में कोई करिश्मा नहीं कर सकेंगे। यहां राहुल गांधी को लोग गंभीरता से नहीं लेते। राज्य में कांग्रेस और विपक्ष का खाता तक नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनता में भरोसा है, जबकि विपक्ष सत्तालोलुप लोगों का समूह है। पाठक ने कहा कि लोग भाजपा के साथ हैं और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी पर बहुत भरोसा है।

भाजपा नेता ने विपक्षी दलों के समूह इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के बारे में कहा, ये वही लोग हैं, जो संप्रग-एक (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) और संप्रग-दो में शामिल थे। यह सत्ता के लोलुप लोगों का समूह है। यह कुर्सी के भूखे लोगों का समूह है, जो 'येन-केन प्रकारेण जनता को गुमराह करके सत्ता पाना चाहते हैं, लेकिन जनता इन्हें अच्छी तरह समझती है। 'इंडिया में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, जनता दल यूनाइडेट (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत विपक्षी दल शामिल हैं। पाठक ने कहा कि ये वही लोग हैं जो संप्रग-एक और संप्रग-दो में कांग्रेस के साथ सत्ता में थे और वे अपने-अपने राज्य में कांग्रेस की तरह भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और प्रचंड बहुमत से मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जैसे समाजवादी पार्टी का बिहार या पश्चिम बंगाल में कोई जनाधार नहीं है, वैसे ही जदयू या राजद का उत्तर प्रदेश में कोई आधार नहीं है। ये सब दल अपने-अपने राज्यों में भाजपा से लड़ेंगे और भाजपा विजयी होगी। महिला आरक्षण को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर पाठक ने कहा कि भाजपा महिलाओं का हमेशा सम्मान करती है- शक्ति के रूप में, सरस्वती के रूप में और लक्ष्मी के रूप में। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में महिलाओं के प्रति सच्ची श्रद्धा पैदा करने और उन्हें आत्म्म सम्म्मान और गौरव की अनुभूति कराने का कार्य किया है।

### 2019 में हारी सीटों को जीतने के लिए मेहनत शुरू

उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 80 सीट पर भाजपा की जीत होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा सोनिया गांधी के प्रतिनिधित्व वाली लोकसभा सीट रायबरेली और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के प्रतिनिधित्व वाली एवं सपा का गढ़ मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर भी जीत हासिल करेगी। पाठक ने अमेठी लोकसभा सीट संबंधी एक सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी को इस संसदीय सीट से चुनाव लड़ाने या नहीं लड़ाने का फैसला उनकी पार्टी करेगी, लेकिन भाजपा नेता स्मृति ईरानी पहले से भी ज्यादा प्रचंड मतों से जीतेंगी और इस बार ''हम (भाजपा) रायबरेली में भी भारी मतों के अंतर से जीतेंगे। अमेठी में 2019 के चुनाव में ईरानी ने राहुल गांधी को पराजित किया था। रायबरेली से सोनिया गांधी 1999 से लगातार चार बार निर्वाचित हुई हैं। पाठक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन 16 सीट पर जीत हासिल करने के लिए मेहनत शुरू कर दी है, जिन्हें पार्टी 2019 में जीत नहीं पाई थी। उन्होंने कहा, ''पार्टी के शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने इन निर्वाचन क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## पूर्व डिप्टी सीएम की बहन के घर से नगदी व जेवर ले गए चोर

**लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा की बहन के घर नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा मलिहाबाद कस्बे में भी चोरों ने एक बंद पड़े मकान पर भी हाथ साफ किया। चोरों ने दोनों घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये कीमत की ज्वैलरी सहित नकदी पार दी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। मामले में महमूदनगर पाठकगंज निवासी संध्या पाठक ने तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात असलहे से लैस 3 चोर उनके घर में घुस आए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से पता चला कि सभी लोग नींद में थे। घर की लाइट बंद कर इत्मीनान के साथ कमरे में रखे लॉकर को तोड़कर उसमें रखे 10 हजार रुपये नकद, एक सोने की चौन व कंगन चोरी कर ले गए। इस संबंध में अतिरिक्त इंस्पेक्टर पारसनाथ सिंह यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की खोजबीन की जा रही है।

## छात्रा निष्ठा की हत्या के मामले में आदित्य खुद को बता रहा निर्दोष

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में छात्रा निष्ठा त्रिपाठी की हत्या मामले में नया मोड़ आ गया है। दरअसल, असलहा ठिकाने लगाने वाले आरोपित आदित्य शुक्ल को पुलिस ने देवरिया से शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया आदित्य शुक्ल अपने आप को निर्दोष बता रहा है।

पकड़े गए आरोपी आदित्य शुक्ल ने बताया कि घटना के समय वह और मोनू दूसरे कमरे में थे। आदित्य देव पाठक ने गोली मार कर निष्ठा की हत्या की थी। जब उसे लगा कि उसकी मौत हो गई तो उसने आत्महत्या का रुप दिखाने की कोशिश की। उसके बाद वह मोनू और अभिषेक के साथ निष्ठा को लेकर लोहिया अस्पताल चले गए थे। वहीं, उसे तमंचा दिया और कहा इसके जाकर कहीं फेंक देना। इस पर उसने तमंचा एक नीले रंग के बैग में रखा और फिर उसे जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर छह के पास छुपाकर भाग निकला था। उन्होंने बताया कि तमंचा ठिकाने लगाने के बाद उसने आदित्य देव पाठक को फोन कर जानकारी दी और फिर भाग गया था। निष्ठा मूल रूप से हरदोई जनपद में कोतवाली रोड की रहने वाली थीं। यहां बीबीडी विश्वविद्यालय से बीकाम आनर्स की पढ़ाई कर रही थी। बता दें कि लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवक ने छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को लेकर अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्व) सैयद अली अब्बास ने बताया, ''हमें निष्ठा त्रिपाठी (23) नाम की छात्रा के बारे में जानकारी मिली है, जिसे बृहस्पतिवार तड़के अस्पताल में मृत पाया गया था। छात्रा मूल रूप से हरदोई की रहने वाली थी और यहां अयोध्या रोड पर स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा थी। अब्बास ने बताया, ''प्रारंभिक जांच के बाद हमने बृहस्पतिवार को आदित्य देव पाठक नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और घटना में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्तौल बरामद कर ली है। मूल रूप से बलिया का निवासी पाठक खुद को ठेकेदार बताता है। वह चिनहट थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है। छात्रा एक सोशल मीडिया मंच के माध्यम से पाठक के संपर्क में आयी थी।अधिकारी ने कहा ''निष्ठा बुधवार रात को पाठक के किराए के अपार्टमेंट में गई थी। उनके बीच कुछ बहस हुई जिसके बाद युवक ने उसे गोली मार दी। अस्पताल के कर्मचारियों को जब पता चला कि गोली लगने से उसकी मौत हो गई है तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया गया।

▸ पुलिस बोलीं, आत्महत्या का रूप देना चाहता था हत्यारा

## खबरें एक नजर में

### भगवान गणेश को समर्पित किया गया 56 भोग

**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास चल रहे गणेशोत्सव के छठे दिन रविवार को भगवान गणेश को 56 भाग समर्पित किया गया। छप्पन भोग आकर्षण का केन्द्र रहा। इसमें कमेटी के 251 परिवारोंको द्वारा भगवान गणेश को छप्पन भोग लगाया गया। छप्पन भोग उत्सव की शुरुआत 251 परिवारों ने जिसमें महिलायें, पुरुष, बच्चें सभी हाथों में छप्पन भोग की थाल लिये नाचते, गाते, झूमते बप्पा के दरबार पहुंचे। मनौतियों के राजा के दरबार जब भक्त पहुंचे तो कोलकाता के संजय शर्मा ने एक खूबसूरत भजन 'राज गजानन आओ जी छप्पन भोग का थाल सजाया, आकर भोग लगाओं' सुनाया तो छप्पन भोग की थाल लिये सभी भक्त झूमझूमकर नाचने लगे और संजय शर्मा के साथ भजन को गाने लगे। उसके बाद संजय ने जब दूसरा भजन 'बप्पा खा ले जरा छप्पन भोग धरा, तेरा मैं मानूंगा, कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्याम दास अग्रवाल, योगेश बंसल, संजय सिंह गांधी, रंजीत सिंह महिलाओं में संध्या बंसल, रुक्मिणी देवी, बिन्नी बंसल, नीरजा सिंह, अंशु बंसल, अंजू गुप्ता, आंचल गोयल आदि 56 भोग लेकर पहुंचे।

### भगवान का स्वर्ण कलश से अभिषेक

**लखनऊ।** दसलक्षण पर्व में रविवार को जैन मंदिरों में जैन धर्म के 10 वे तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की पूजा अर्चना की गई। इन्दिरानगर जैन मंदिर में प्रातः भगवान को अपने मस्तक पर लेकर नितिन जैन, अभिषेक जैन, वंश जैन ने तीन परिक्रमा लगाई और स्वर्ण कलश से भगवान का अभिषेक किया। विश्वशांति की कामना से जंबू कुमार, विनय कुमार परिवार एवं जैन समाज के अध्यक्ष ई पी के जैन द्वारा शांतिधारा की गई। ब्रह्मचारी श्रीपाल की द्वारा सुगंध दशमी व्रत की कथा का वाचन किया गया। पूजन के बाद महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल को जन्मदिन पर बधाई दी गई और ईश्वर से दीर्घायु की कामना की।

### नवरात्रि, दशहरा व दीपावली पर नहीं कटेगी बिजली

**लखनऊ।** अगले महीने में त्योहार का सिलसिला शुरु हो जाएगा। नवरात्रि, दशहरा व दिवाली जैसे त्योहारों की शुरुआत हो जाएगी।त्योहारों को लेकर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। नवरात्रि, दशहरा और दिवाली पर बिजली न काटने के निर्देश दिए गए है। विभागीय अधिकारियों इस मामले में जरुरी निर्देश दिया गया है।इस दौरान शटडाउन नहीं लेने का निर्देश दिया गया है। अनुरक्षण के कार्य त्यौहार से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

### नि:शुल्क रसोई से गढ़ी चुनौटी के ग्रामीणों ने किया भोजन

**लखनऊ।** डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की जनता से नियमित संवाद कर, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए रविवार को ग्राम गढ़ी चुनौटी में 43वां आपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम उनकी समस्या के समाधान के लिए सक्रिय दिखी, टीम के सदस्यों ने जनता से सहजतापूर्वक संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। साथ ही गांव की शान अभियान के अंतर्गत मेधावियों को सम्मानित करने के क्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गांव के 4 मेधावियों आकाश प्रताप सिंह (75:), प्रियांशी रावत (73:), आंचल (67:) एवं उत्कर्ष सिंह चौहान (65:) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## डंपर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर चालक की मौत, दो लोग घायल

▸ हरधौरपुर गांव के पास अडंरपास के पास हुआ हादसा, चालक फरार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने एक ई रिक्शे को टक्कर मार दी। रविवार सुबह हुई इस घटना में रिक्शा चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं उस पर बैठी सवारियों को मामूली चोटे आई। घटना के काफी देर बाद तक चालक के शव को डंपर के नीचे से नहीं निकाला जा सका। डंपर पर मिट्टी लदी थी। दुर्घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया।

रविवार सुबह बीकेटी थाना इलाके में चंद्रिका देवी मंदिर रोड पर हरधौरपुर गांव के पास निर्माणाधीन किसान पथ के बने अडंरपास के करीब तेज रफ्तार का कहर दिखा। जहां तेज रफ्तार अनियंत्रित मिट्टी लदे डंपर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। वहीं ई रिक्शा चालक टक्कर के बाद उछलकर डंपर के नीचे आ गया। ई रिक्शा चालक धीरज गिरी (20) निवासी कठवारा ग्राम पंचायत का मजरा रमगढा थाना बख्शी का तालाब की मौके पर मौत हो गई। ई-रिक्शा सवार दो सवारियों को मामूली चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी पाकर मृतक ई रिक्शा चालक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद एसडीएम बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी और बीकेटी थाना प्रभारी बृजेश चंद्र तिवारी और इटौंजा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्होंने परिजनों को कारवाई का आश्वासन दिया।

## तीन साल पूरे कर चुके पुलिस कर्मियों के होंगे तबादले

▸ डीजीपी के निर्देश पर एडीजी स्थापना ने जारी किए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के जिलों में तीन वर्ष पूरे कर चुके पुलिस कर्मियों का तबादला होगा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव में नियुक्त पुलिसकर्मियों का तबादला रहे। चुनाव में नियुक्त रह चुके कर्मियों का भी तबादला होगा। एक साल सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मियों का नहीं तबादला होगा। 31 मई 2024 तक सेवानिवृत होने वालों का तबादला नहीं, राजनीतिक दल की पूर्वाग्रह की शिकायत पर भी तबादला होगा। डीजीपी के निर्देश पर एडीजी स्थापना ने निर्देश जारी किया, एक ही जिले में 3 साल पूरे कर चुके पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर होंगे।





बीते तीन साल से एक जिले में तैनात पुलिसकर्मियों का तबादला आगामी 30 सितंबर तक किया जायेगा। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक से उप निरीक्षक रैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शासन के निर्देश पर गठित स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समस्त एडीजी जोन और पुलिस आयुक्तों से ऐसे पुलिसकर्मियों का तबादला करके सूची डीजीपी मुख्यालय भेजने को कहा गया है। एडीजी स्थापना संजय सिंघल ने समस्त एडीजी जोन व पुलिस आयुक्तों को भेजे पत्र में कहा कि निर्वाचन कार्य में लगा कोई भी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक यदि अपने गृह जनपद में तैनात हो, तो उसका तबादला कर दिया जाये। जो निरीक्षक एवं उप निरीक्षक 31 मई 2024 तक विगत चार वर्षों में तीन वर्ष एक जिले में तैनाती रहा है, उसको दूसरे जिले में स्थानांतरित किया जाये। साथ ही, 31 मई 2022 से पूर्व उस विधानसभा क्षेत्र में हुए सामान्य अथवा उपचुनाव में नियुक्त रहे हैं या लगातार नियुक्त हैं, उनका भी दूसरे जिलों में भेजा जाये। ऐसे निरीक्षक एवं उप निरीक्षक जिनकी 31 मई 2024 को सेवानिवृत्ति में केवल छह माह शेष है, वह स्क्रीनिंग के दायरे में नहीं आएंगे। उनकी चुनाव में ड्यूटी भी नहीं लगेगी। यदि किसी पुलिसकर्मी को विगत चुनावों में शिकायत के आधार पर हटाया गया है अथवा अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी है, उनको भी चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाया जायेगा। यदि किसी निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक के खिलाफ कोई विशिष्ट शिकायत या किसी राजनीतिक दल के प्रति पूर्वाग्रह या पक्षपात की शिकायत है, तो उसका दूसरी जगह तबादला किया जायेगा। यदि प्रकरण गंभीर है तो उसके बारे में मुख्यालय को जानकारी देनी होगी। कोई भी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक जो जिला पुलिस के कार्य के लिए उपयुक्त नहीं है, उसके बारे में कारण सहित प्रस्ताव मुख्यालय को भेजना होगा।



लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के जन्मदिन पर नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ, आरआर नगर निगम कर्मचारी संघ व जलकल नगर निगम नियमित एवं आऊटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के संगठनों ने केक काट कर दी शुभकामनाएं।

## वर्तमान में विलुप्त हो रही नौटंकी : पंडित रामदयाल

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से व्यंजना आर्ट एंड कल्चर सोसायटी द्वारा भारतीय रंगमंच की संगीत परंपरा एवं प्रयोग विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन दिवस पर नौटंकी पर पदमश्री पंडित रामदयाल शर्मा जी नौटंकी ने कहा की नौटंकी का मूल रूप आज निश्चित रूप से विलुप्त हो रही है,नौटंकी का उद्देश्य मनोरंजन करना जितना है, उससे ज्यादा जनसंदेश देना है। डॉ विद्या बिंदु सिंह ने कहा नक्टौरा में जब पहले के समय में पुरुष चले जाते थे, जो स्त्रियां घर पर रहती थीं वह गारी गाती थी, हास-व्यंग्य, गाना नाचना करती थी, उनका मानना था कि आसुरी शक्तियां चली जाती हैं, साथ ही साथ इन्हीं माध्यमों से वह अपने मन की व्यथाएं, अपने विचार भी कह जाती थीं। डॉ. धनंजय चोपड़ा ने कहा जब भाषा संवाद के लिए नहीं भी आई होगी, उसके पहले का संवाद का पहला माध्यम था।

## बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में बिना मान्यता या मान्यता रद्द किए जाने के बाद भी चल रहे विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिलों में 10 अक्टूबर तक अभियान चलाकर ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा। ऐसे विद्यालयों पर नियमानुसार दंड के साथ ही एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यही नहीं, उल्लंघन जारी रहने की स्थिति में प्रतिदिन दस हजार रुपये की दर से भी जुर्माना लगेगा।

बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी बीएसए को इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। उनसे कहा है कि कोई भी व्यक्ति, जो मान्यता प्रमाण-पत्र के बिना कोई विद्यालय स्थापित करता है या चलाता है। मान्यता वापस लेने के बाद भी विद्यालय चलाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। यदि बिना मान्यता लिए कोई स्कूल चल रहा है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। शिक्षा निदेशक ने निर्देश दिया है कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करके निदेशालय को उपलब्ध कराएं कि उनके ब्लॉक में कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के नहीं चल रहा है। जिन विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाए उसकी विद्यालयवार सूची 15 अक्टूबर तक निदेशालय को भेजी जाए। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम आरटीआई में प्रावधान है कि बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही चलाया जा सकता है।

▸ अभियान चलाकर स्कूलों को किया जाएगा चिन्हित

## कांग्रेस अमेठी अस्पताल को बंद करने को इलाहाबाद हाईकोर्ट में देगी चुनौती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने अमेठी के मुंशीगंज में संजय गांधी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के आदेश को सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। पूर्व कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर इस आदेश के पीछे हाथ होने का आरोप लगाया और कहा कि आदेश को चुनौती दी जाएगी।

संजय गांधी चौरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल चलाता है और इसकी अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी हैं। जबकि राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इसकी सदस्य हैं। दीपक सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उस अस्पताल को बंद करने की योजना बनाई थी जो आसपास के जिलों के लोगों की चिकित्सा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा कर रहा था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संजय गांधी अस्पताल को बंद कराने की साजिश रची है। आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। हालांकि, बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के आदेश से केंद्रीय मंत्री का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक महिला की मौत के बाद जांच के आदेश दिए थे, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा था और बाद में उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। भाजपा नेता ने आगे कहा कि रजिस्ट्रेशन रद्द करने का आदेश जांच के बाद जारी किया गया था और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ कांग्रेस के आरोप निराधार हैं।



रणनीति | भाजपा ने तैयार की कार्ययोजना, महिला मोर्चा 10 अक्टूबर तक चलाएगा जागरूकता अभियान

## महिलाओं के बीच जनाधार मजबूत करने की तैयारी

▸ भाजपा का लोस चुनाव में 80 सीटें जीतने व 60 फीसदी वोट का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों से पारित कराने के बाद भाजपा की नजर आधी आबादी पर जा टिकी है।बीजेपी मोदी सरकार का तोहफा बताकर अपने पाले में लाने की कोशिश करेगी। महिलाओं के बीच जनाधार मजबूत करेगी। पार्टी की दिसंबर तक की कार्ययोजना तैयार है। यूपी के 80 लोकसभा क्षेत्रों में 16 करोड़ से अधिक मतदाता हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 7.5 करोड़ से ज्यादा है।



भाजपा का लोकसभा चुनाव में 80 सीटें जीतने और 60 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के यूपी में लामबंद होने पर भाजपा के लिए लक्ष्य पाना मुश्किल हो सकता है। इंडिया के जातीय वोट बैंक की काट के रूप में भाजपा ने महिला वोट बैंक को हथियार बनाने की रणनीति बनाई है। पार्टी का प्रयास है कि जाति, मत और मजहब से ऊपर उठकर महिलाओं के बीच वोट बैंक बढ़ाने पर फोकस किया जाए।भाजपा महिला मोर्चा की ओर से 10 अक्तूबर तक वोटर चेतना अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रत्येक बूथ पर दस नई महिला मतदाता बनाई जाएंगी। इसके बाद मंडल स्तर पर एक हजार नव महिला मतदाताओं के सम्मेलन होंगे। इसमें हर वर्ग की महिलाओं को बताया जाएगा कि अधिनियम के लागू होने के बाद उनके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति में किस तरह बदलाव आएंगे। पदाधिकारियों को सक्रिय करने के लिए महिला मोर्चा 12 अक्तूबर राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती से 30 अक्तूबर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। महिला मोर्चा 6 से 20 दिसंबर तक 2014 से पहले और उसके बाद देश की तुलनात्मक स्थिति से अवगत कराएगा। 6 दिसंबर को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन इंटर और डिग्री कॉलेज की छात्राओं के बीच प्रश्नोतरी कराई जाएगी।

### संगठन से जोड़ी जाएंगी हर वर्ग की महिलाएं

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 के परिणाम के आधार पर महिला वोट बैंक की दृष्टि से कमजोर 40 जिलों में मोर्चा पदाधिकारियों के प्रवास होंगे। महिला वोट बैंक बढ़ाने पर खास जोर दिया जाएगा और हर वर्ग की महिलाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा। आरएसएस ने पिछले दिनों हुई समन्वय बैठक में संघ परिवार से जुड़े संगठनों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का साफ संकेत दिया है। सर संघ चालक मोहन भागवत ने अपने प्रवास के दौरान महिला आरक्षण बिल पास होने पर जिस तरह महिला सहभागिता के विकास की उम्मीद जताई है, उससे माना जा रहा है कि संघ से जुड़े संगठनों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ाने की कार्यवाही होगी।

# अपनी ड्यूटी कागजों में पूरी कर रहे सफाईकर्मी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पीएम के मिशन स्वच्छता अभियान का ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल है। गांव में नियुक्त सफाई कर्मी नदारद रहते हैं। अधिकतर सफाई कर्मी अधिकारियों व प्रधानों की सेवा कर अपनी ड्यूटी कागजों में पूरी कर रहे हैं।

दरअसल पंद्रह साल पहले प्रदेश सरकार ने गांव को स्वच्छ रखने को लेकर सफाई कर्मियों की नियुक्ति की थी। इससे सरकार की मंशा साफ थी की सफाई कर्मी गांव में रहकर गांव को स्वच्छ बनाये रखने का काम करेंगे, लेकिन नियुक्ति के बाद कुछ दिन तक तो सफाई कर्मियों ने गांव में काम किया। उसके बाद अचानक गांव से नदारद हो गए। जिससे गांव को स्वच्छ रखने की सरकार की मंशा

## छावनी में लगा गंदगी का अंबार

को अब पलीता लग रहा है। क्योंकि गांव से सफाई कर्मचारी अब नदारद हो चुके हैं वहीं गांव में जगह जगह कूड़े का अंबार लगता जा रहा है और नालियाँ भी गंदगी से बजबजा रही हैं।

यही नही मजबूरन गाँव वासियों को खुद सफाई करनी पड़ रही है। मालूम हो कि विकासखंड झंझरी ग्राम पंचायत छावनी सरकार में कागजी तौर पर दो सफाई कर्मी तैनात हैं परंतु हकीकत पर गौर करें तो यह सफाई कर्मचारी कभी भी गांव में नहीं आते हैं। ये सफाई कर्मचारी जिले के किस अधिकारियों को अपनी सेवा दे रहे



है। छावनी सरकार के गांवों में गंदगी का अंबार है।

नालियों में कीचड़ भरा है। विद्यालयों के शौचालय साफ नहीं होते हैं। गांव में सफाई कार्य के लिए कर्मचारी तैनात हैं। निगरानी के लिए प्रधान का पहरा है, इसके बाद पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में एडीओ पंचायत की तैनाती है। लेकिन इन सबके बावजूद गांव में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रही है। राजस्व ग्रामों मे तैनात सफाई कर्मी गांवों तक नही पहुँच रहे हैं। जिससे नालियों को ग्रामीण स्वयं साफ करने को विवश हैं। वहीं सफाई कर्मी की उपस्थिति सिर्फ एडीओ पंचायत के कार्यालय तक ही सीमित है।जिसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड पंडरी कृपाल ग्राम पंचायत छावनी सरकार में देखा जा सकता है।दो सफाई कर्मी तैनात होने के बाद भी पूरे ग्राम पंचायत में जगह जगह कूड़े कचरे का ढेर लगा हुआ हैं और झाड़ियाँ उगी हुई हैं। गांव के मुख्य मार्ग के किनारे बनी नालियां पूरी तरह कीचड़ से भरी हुई बजबजा रही हैं। यहां सफाई न होने से नालियां चोक हो चुकी हैं।

हैंडपंप के चारों तरफ घास उगी हुई है। गांव मे सरकारी पक्की नाली बनी है लेकिन उसकी सफाई नही हो रही है। कई बार सफाई कर्मचारी की शिकायत एडीओ पंचायत से भी की गई लेकिन सफाई को कौन कहे देखने तक नहीं आया। वही गाँव के लोग खुद सप्ताह मे एक दिन घर के सामने बनी नाली की सफाई करते हैं और गांव में कई वर्षों से सफाईकर्मी को देखा तक नही है।

गांव मे सफाई नहीं होती है। लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी की तैनाती होने या नही होने से कोई फर्क नही पड़ता है। ब्लाक पर ही सब कागजों में सफाई कार्य कर रहे हैं।सफाईकर्मी की उपस्थित प्रधान के घरों और एडीओ पंचायत के कार्यालय तक सीमित है। जहाँ ग्रामीणों ने बताया कि अधिकतर गांव में तो सफाईकर्मी आते ही नहीं हैं। गांव वालों को खुद ही सफाई करनी पड़ती है। सफाई कर्मी प्रधान और ब्लॉक कर्मचारियों की मिलीभगत से सेटिंग और गेटिंग के खेल से अब सफाई नहीं करते। फिलहाल जमीनी हकीकत यही है कि सफाई कर्मी अब गांव से नदारद हो चुके हैं और गांव में कूड़े का ढेर लगने के साथ ही नालियाँ भी गंदगी से पट रही हैं। जिससे मच्छरों की समस्या उत्पन्न होने से संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी आशंका बनी हुई है।लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए मौन हैं।

# पुलिस ने गुमशुदा बालक को परिजनों से मिलाया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री अंकित मित्तल ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा बालकों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटरा बाजार पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के पर्यवेक्षण में गुमशुदा/ अपहृत बालक कुन्तुन उर्फ जौव्वाद अली को पतारसी-सुरागरसी कर बरामद किया गया। गुमशुदा लड़का दिनांक 20.09.2023 को अपने घर से करिश्मा स्कूल कस्बा कटराबाजार गया था तथा वहां से घर वापस नहीं गया था। जिसके सम्बन्ध में गुमशुदा बालक की बहन श्रीमती सकीना पत्नी शब्बीर निवासी शंकर चौराहा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा द्वारा थाना कटरा बाजार में




इसकी सूचना दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कटरा बाजार में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। गुमशुदा/ अपहृत बालक को अग्रिम विधिक कार्यवाही कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य की आमजनमानस में काफी सराहना की जा रही है।

# 275 बच्चों को मिला हाइजीन किट : डॉ. पंकज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जैनस एनिशियटिव्य के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कंपोजिट विद्यालय इमामबाड़ा में बच्चों में व्यक्तिगत स्वच्छता का शिविर आयोजन कर निःशुल्क 275 बच्चो को हाइजीन किट वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा एवं श्रावस्ती के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नगर शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ आदित्य वर्मा उपस्थित रहे जैनस एनिशियटिव्य के संस्थापक डॉ पंकज श्रीवास्तव ने कहा नगर के समस्त 27 प्राथमिक विद्यालयो में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर एवं हाइजीन किट वितरण कर स्वास्थ्य प्रति बच्चो को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है इसी अंतर्गत आज कंपोजिट विद्यालय इमामबाड़ा में डॉ पंकज ने कहा कि बच्चो को समय-समय पर हाथ धोना एव शारीरिक स्वच्छता पर अगर ध्यान दिया जाए तो बहुत सी गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने डॉ पंकज के इस कार्य को सरहना करते हुए कहा कि अपने इस व्यस्त समय को निकाल कर समाज के लिए कार्य करना एक पुनीत कार्य है एवं बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छ शरीर पर स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इस लिए स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता पर प्रारंभिक शिक्षा दी जानी चाहिए। अंत में नगर शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने भी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए बच्चों को जागरूक किया रेड क्रॉस सोसाइटी के मंडल अधिकारी कसीम सिद्दीकी ने भी व्यक्तिगत स्वच्छता और संचारी रोगों के रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया इसके पश्चात कसीम सिद्दीकी ने डॉ पंकज श्रीवास्तव को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया स्कूल के प्रधान ध्यापक समस तरबेज आब्दी ने डॉ रश्मि वर्मा को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र नगर पालिका के सभासद आजम अली ने नगर शिक्षा अधिकारी को सम्मानित किया प्रधानाध्यापक ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया रूबी बानो सिमी बानो शिक्षामित्र रईस फातिमा गुल फसा फातिमा अलीना ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। जेनस इनीशिएटिव के कोऑर्डिनेटर आशीष श्रीवास्तव एकांश श्रीवास्तव का अहम योगदान रहा।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम : 55 नव साक्षरों ने लिया हिस्सा

**मनकापुर, गोंडा समृद्धि न्यूज।**

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मनकापुर के परीक्षा केंद्र कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में पचपन नव साक्षरों ने हिस्सा लिया। परीक्षा का संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बलजीत सिंह कनौजिया के देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिन नव साक्षरों ने हिस्सा लिया उनमें हैं रामवती, साविरा देवी, सावित्री देवी, कुसुम देवी, मीना देवी, पूजा, छविराजी, मालती, अनीता, पिंकी, छोटका, प्रेमा, सरोज, राममूर्ति, अब्दुल जब्बार, अनूपा, संगीता, सुबेदार, रहीशुन निशा, राम लखन, सरोज देवी, सोनू, ज्योति, जमीरुन निशा, संजू, संगीता, संवारी, रवीन्द्र, मनीषा, मंजू, धूपा आदि प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# कोटेदार की दबंगई से हलकान धलौनी के ग्रामवासी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश सरकार भले ही हर गरीब को राशन के लिए करोड़ों रुपये खर्च रही है,लेकिन जनपद में अफसरों की लापरवाही से दबंग राशन डीलर गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं।उन्हें किसी का डर नहीं है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कोटेदार इतने बेफिक्र हैं कि किसी से भी शिकायत करने की बात खुद कहते हैं।शनिवार को कैनविज टाइम्स संवाददाता ने जब पंडरी कृपाल विकासखंड ग्राम पंचायत धनौली के कोटेदार कि दुकान की पड़ताल की तो महीनों से कम राशन पा रहे गरीबों का दर्द छलक पड़ा।

राशन डीलर निकहद फातिमा की दुकान में राशन ले रहे है लोगों ने बताया कि राशन डीलर प्रति यूनिट



स्थानीय ग्रामीण

एक किलो राशन की कटौती कर रहा है।इस पर राशन डीलर निकहद फातिमा का लड़का भड़क गया और जानकारी देने से इंकार कर दिया।धनौली गांव में राशन लेने आई एक युवती ने बताया कि छह यूनिट में राशन 25 किलो राशन ही दे रहा है।पूरे राशन के लिए कहने पर धमकी देता है कि नहीं मिलेगा राशन चाहे जहां शिकायत कर दो, राशन लेने आई बदला हुआ नाम रेशमा कहती है कि राशन तो एक किलो प्रति यूनिट

> शासन के निर्देशानुसार कोई भी दुकानदार एक ग्राम भी कम राशन नहीं देगा।अगर ऐसा है तो राशन डीलर की जांच कराकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएसओ संबंधित राशन डीलर की जांच कराई जाएगी।अगर जांच में आरोप सही पाए जाएंगे तो दुकान का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा।
> उप जिलाधिकारी, सदर

कम मिल ही रहा है। लेकिन चीनी का तो दर्शन नहीं हो रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया गया कि दुकान में राशन लेने वालों की भीड़ लगी थी।

राशन लेने पहुंचे लोग बोले कि राशन डीलर कहता है कि ऊपर से अधिकारियों को पैसा देते हैं और कम भी मिलता है तो हम कहां से दें, जहां शिकायत करना जिसको कर दो हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। लेकिन सवाल किया कि तो प्रति यूनिट एक किलो राशन हर एक व्यक्ति का क्यों काट रहे हो तो वहां पर मौजूद युवक कुछ जवाब नहीं दे सका और अपना नाम बताने से इंकार कर दिया। क्योंकि सूत्र बता रहे हैं कि राशन डीलर का लड़का एक दबंग किस्म का व्यक्ति है। अगर कोई कुछ बोलता है तो उससे मारपीट पर आमादा हो जाता है।

वही गांव के एक युवक ने बताया कि हमारा अंत्योदय राशन कार्ड है। हमको हर महीने 5 किलो कम राशन मिलता है। कई बार पूरा राशन देने को लेकर कहा तो धमकाने पर अमादा हो जाता है। वही एक व्यक्ति ने बताया कि हमारा 5 यूनिट है इसमें 5 किलो काट कर 20 किलो राशन दिया जा रहा है। जो राशन काट रहे हैं उसका भी पैसा ले लेते हैं।

## खबरें एक नजर में

### कृष्ण जन्मोत्सव की लीला ने भक्तों को किया भावविभोर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में चल रहें श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शनिवार की देर शाम भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव की लीला नैमिषारण से आये कथा व्यास आचार्य धनंजय महराज द्वारा कथा के माध्यम से दिखाई गई। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर श्रोताओं ने खूब नृत्य किया और खूब बधाई बांटी गई। जन्मोत्सव के पूर्व श्री शुकदेव परीक्षित मिलन,श्री ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र की कथा का वर्णन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महावीर प्रसाद प्रमोद कुमार द्वारा किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा 26 सितम्बर तक सांयकाल 3 बजें से 6 बजे तक चलेगा। कथा के समापन पर आरती हुई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया और उधर गोंडा के श्याम मंदिर पर धूमधाम से केक काटकर राधा अष्टमी मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान रेनू –महेश सिंघल और सरिता –राज कुमार अग्रवाल के अलावा विजेन्द्र सिंघल, प्रमोद सिंघल, विमलेश सिंघल, अशोक अग्रवाल, श्याम सिंघल, अभिषेक सिंघल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, सचिन सिंघल, सुमित सिंघल, संजय सिंघल, कमलेश सिंघल, सुमित्रा देवी, द्रोपती देवी, सुनीता सिंघल सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### मदन गोपाल त्रिपाठी चुने गए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर मदन गोपाल त्रिपाठी, महामंत्री पद पर राजकुमार सिंह निर्वाचित घोषित किए गए हैं। अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए जीत का जश्न मनाया। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह व सदस्य गोविंद प्रसाद अग्रवाल, महावीर प्रसाद चाटिया, रामअचल सिंह सेंगर व राधेश्याम खन्ना की देखरेख में सम्पन्न अधिवक्ता संघ की निर्वाचन प्रक्रिया में मतगणना के उपरान्त अध्यक्ष पद पर मदन गोपाल त्रिपाठी ने 508 मत हासिल कर रामजी वाजपेई को 234 मतों से परास्त किया। वाजपेई को 374 मत मिले। इसके अलावा अध्यक्ष पद के दावेदार इन्द्र प्रताप चौधरी को 82, श्रवण कुमार निगम को 231 तथा बृजेन्द्र नाथ मिश्र को 81 मत मिले। महामंत्री पद पर राजकुमार सिंह को 557, राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ संजय सिंह को 304, बालकृष्ण मिश्र को 249 मत मिले और महामंत्री जैसे अहम पद पर एक बार फिर राजकुमार सिंह ने जीत दर्ज की। **शिवनरायन वर्मा कोषाध्यक्ष की कमान :** वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार ओझा, उपाध्यक्ष के दो पदों पर क्रमशः राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी व अनिल शुक्ल ने विजयश्री हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर सीधी टक्कर में शिवनरायन वर्मा विजयी घोषित किये गये। दूसरी ओर संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर बृजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ अमित सिंह, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर रमेश कुमार उपाध्याय तथा संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर पंकज कुमार वाजपेयी निर्वाचित घोषित किये गए।

### लेखपाल के विरुद्ध ग्राम प्रधान ने की डीएम से शिकायत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। ग्राम प्रधान ने लेखपाल पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर टंकी निर्माण में अवरोध उत्पन्न किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। जांच कराकर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामला जिले के विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोलपुर का है। यहां की ग्राम प्रधान उर्मिला सिंह ने प्रस्तावित जल जीवन मिशन अंतर्गत ओवरहेड टैंक के निर्माण के लिए आरक्षित जमीन का सीमांकन करने के लिए लेखपाल से कई बार कहा लेकिन लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी द्वारा कार्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतते हुए जमीन का सीमांकन नहीं किया गया जिससे निर्माण का काम नहीं हो पा रहा है। लेखपाल की मनमानी पूर्ण रवैया के चलते ग्राम प्रधान ने आइजीआरएस के तहत उक्त जमीन का सीमांकन न किए जाने का कारण जानना चाहा। आरोप है कि लेखपाल ने ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन का वाद न्यायालय में लंबित होने का फर्जी तरीके से हवाला देकर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जबकि रिपोर्ट में न तो वाद संख्या और न ही किसी प्रकार के स्थगन आदेश का उल्लेख किया गया है। ग्राम प्रधान उर्मिला सिंह ने इस संबंध में जिला अधिकारी से शिकायत कर लेखपाल के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# डीएम ने अफसरों के साथ की शांति समिति की बैठक

## कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करेंगे बर्दाश्त, जाना पड़ेगा जेल : जिलाधिकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में ईद-ए-मिलाद (बारावफात) एवं श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टेट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी मोनिका रानी व एसपी प्रशान्त वर्मा ने मौजूद लोगों को शासन एवं जिला प्रशासन की गाइडलाइन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजकों से अपील की। निर्धारित समयावधि का पालन करते हुए परम्परागत ढंग से त्योहार मनाएं।डीएम व एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले शराती तत्वों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान गुड पुलिसिंग के साथ-साथ शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी से निगरानी भी की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि मिलजुलकर हंसी-खुशी त्योहार मनाएं। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि त्योहार के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जुलूस के मार्गो की समुचित साफ-सफाई एवं बेहतर जलापूर्ति इत्यादि सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि बैठक में मौजूद लोगों की ओर से बिजली, पानी एवं साफ-सफाई इत्यादि के सम्बन्ध में जो सुझाव प्राप्त हुए, उनका निराकरण समय से करा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है, जो प्रारम्भ से अन्त तक जुलूस के साथ मौजूद रहेंगे।

डीएम ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की युवाओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें। सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहारों को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।डीपीआरओ व नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के जुलूस मार्गो और विसर्जन स्थलों की साफ-सफाई करा दें। विसर्जन स्थल पर जहां पानी गहरा हो वहां पर संकेतक भी खड़े करवा दिए जाएं। लोक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि सड़कों की मरम्मत करा दें।

बिजली के तारों और खम्भों को देख लिया जाए, जहां पर तार लटके हुए हों उन्हें दुरूस्त करा दें। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने कहा कि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जुलूस मजिस्ट्रेटों के साथ भी पुलिस बल मौजूद रहेंगे। श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है कोई समस्या नहीं आने दी जायेगी। परम्परागत ढ़ंग से चले कोई नई परम्परा न डालें और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना आहत हो। एसपी ने अफवाहों पर ध्यान न देते हुए आमजन से शान्तिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाये जाने की अपील की।

# ट्रक और डाला की जोरदार भिड़ंत में बालक समेत तीन घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-बहराइच हाइवे पर ट्रक और डाला की आमने सामने भिडंत हो गयी। भिडंत में डाला के ड्राइवर सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद सभी घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

जरवलरोड थानाक्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाईवे पर चुरईपुरवा के पास लखनऊ से आ रहे डाला और ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिडंत में डाला चालक तपन कुमार गुप्ता (35) पुत्र राम कुमार गुप्ता निवासी बेरु मुकेमऊ थाना असोहा जनपद उन्नाव,झुघरा (50) पत्नी लखपत व दीपू (8) पुत्र राजकुमार निवासी गण नियामतपुर थाना जरवलरोड गम्भीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सिपाही विजय कुमार व



▸ घायलों की हालत गम्भीर देख डाक्टर ने किया मेडिकल कालेज रेफर

अरविन्द कुमार ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। इलाज के बाद तीनों घायलों की हालत गम्भीर देख डाक्टर ने मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड ददन सिंह ने बताया कि ट्रक और डाला दोनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# फुटपाथ पर लगी दुकानों का कटा चालान

▸ शहर से जाम हटाने का प्रयास, चेतावनी के बाद भी नहीं मान रहे लोग : प्रतिमा सिंह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर में रोक के बाद भी रविवार को लोगों ने सड़क के फुटपाथ पर दुकान लगा दिया। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी ने टीम के साथ जांच की। जिनके दुकान सड़क की पटरियों पर लगे, उनके चालान काटा गया। इससे हड़कंप मच गया।

शहर के घंटाघर से रोडवेज बस अड्डे तक काफी संख्या में लोग प्रत्येक रविवार को सड़क की पटरियों पर दुकान लगा देते हैं। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, शहर वासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। बीते दो रविवार से नगर पालिका बहराइच के अधिशासी अधिकारी प्रतिमा सिंह की ओर से चेतावनी दी जा रही, इसके बावजूद लोग नहीं सुधर रहे हैं। रविवार को पुनः सभी ने सड़क की पटरियों पर दुकान लगा दिया।अधिशाषी अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंची तो काफी संख्या में दुकानें फुटपाथ पर लगी मिलीं। जिस पर दुकानदारों का चालान काटा गया। ईओ ने बताया कि शहर में जाम न लगे, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। लेकिन चेतावनी के बाद लोग नहीं माने, जिस पर कार्यवाई की गई है।

# 322 वृद्धजनों को मिली 2036 सहायक उपकरणों की सौगात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग क तत्वावधान में सम्पूर्ण भारत में एक साथ 74 स्थानों पर सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजन की कड़ी में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र (सीआरसी लखनऊ), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा जिला प्रशासन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जे.बी. सिंह सभागार में आयोजित मेगा सहायक उपकरण वितरण शिविर का सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

शिविर के दौरान एलिम्को, कानपुर द्वारा चिन्हित 322 वृद्धजनों को मुख्य अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत 2036 उपस्कर उपकरण व्हीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी, बत्तीसी, सिलिकान पैड, मोडिफाइड कमोड चेयर तथा लम्बर सपोर्ट का वितरण किया गया।



### अनेकों कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रहीं

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों हेतु अनेकों कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है तथा दिव्यांगजनों के साथ-साथ वृद्धजनों को स्वावलम्बी बनाने हेतु अन्तिम पाएदान तक योजनाओं को पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। अनुपमा जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व केन्द्र व राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के दिव्य मंत्र के साथ निरन्तर आगे बढ़ रही है और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ अग्रसरित है। आज जनपद के चिन्हांकित वृद्धजनों को यह उपस्कर/उपकरण प्रदान कर सरकार उनके जीवन में नई चेतना जाग्रत कर रही है।

# महिला होमगार्ड को सेवानिवृत्त पर दी भावपूर्ण विदाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को महिला कंपनी के तीन महिला होमगार्ड का विदाई समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। जिले में महिला कंपनी के तीन महिला होमगार्ड चंद्रकांता सैनी, आबिदा बेगम, महताब जहां का विदाई समारोह महिला कंपनी की प्लाटून सार्जेंट अरूणा वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त महिला होमगार्ड को चंदन लगाकर माल्यार्पण किया तथा अंग वस्त्र, शाल मीठा आदि देकर भाव भीनी विदाई दी गई।

सभा को संबोधित करते हुए अरुणा वर्मा ने कहा कि होमगार्ड जवान अपने जीवन के 60 वर्ष विभाग में कार्य करते हुए देश की



सेवा में व्यतीत कर देता है। परंतु जीवन के आखिरी समय पर सरकार खाली हाथ घर वापस भेज देती है। ऐसी स्थिति में वृद्ध अवस्था में सेवानिवृत्त जवान को जीवन यापन करना काफी कठिन हो जाता है। सरकार को अपने जीवन के अमूल्य वर्ष देश सेवा में व्यतीत करने वाले जवानों को जीवन यापन करने के लिए उचित धनराशि तथा पेंशन आदि की व्यवस्था करनी चाहिए। तथा होमगार्ड जवानों को राज्य केंद्रीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर कंपनी कमांडर नवाबगंज चर्दा राजकुमार सिंह मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव निर्मल जैन, रमेश चंद तिवारी, सर्वेश पाठक, वकील अहमद, शाहिद सहित तमाम पुरुष महिला होमगार्ड मौजूद रहे।

# बहराइच के राजा के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

श्री गणपति पूजन महोत्सव समिति बहराइच के राजा के तत्वाधान में चल रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव में शनिवार रात देवी जागरण का आयोजन किया गया। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से आये राम भजन मण्डल जागरण पार्टी के संचालक पुनीत जेटली पागल बाबा ने पूरी रात एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कलाकारों ने देवी गीत एवं झांकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को पूरी रात बांधे रखा। मां भगवती के जागरण के आयोजन में तारा रानी का पाठ वाचन महन्त रवि भोला ने किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्या डॉ शुचिता चतुर्वेदी रहीं। सर्वप्रथम प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की विशालकाय प्रतिमा का यजमान ने पूजन अर्चन एवं आरती किया तत्पश्चात माँ भगवती के जागरण की शुरुआत हुई।

काशी से आये पागल बाबा निशा मल्होत्रा एवं शुभम धर दुबे के भजनों ने पूरी रात बहराइच के राजा के दरबार में उमड़े आस्था के सैलाब को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने कलाकारों को अंगवस्त्र देकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। जहां पागल बाबा के बम-बम बोल रहा है काशी एवं महाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है भजनों पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर किया वहीं अन्य



▸ भजनों पर जमकर थिरके श्रोता,काशी के कलाकारों ने बांधा समां

गायकों ने गणेश वंदना के गीत गजानन आ जाओ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूरी रात भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में पहुँची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या डॉ. शुचिता चतुर्वेदी का समिति के अध्यक्ष विनय रस्तोगी महामंत्री अनुराग गुप्ता,शिवाराज गुप्ता ने बहराइच के राजा की छायाचित्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विजय रस्तोगी पप्पू,देव गुप्ता,आर्यन गुप्ता, शोभित साहू, राहुल गौड़,दिनेश गुप्ता, आलोक कोहली, जतिन मलिक, अक्षय रस्तोगी, दुर्गेश सोनी, नितिन मलिक, अम्बिकेश सोनी, विशाल रस्तोगी, करन साहू, मुकुल रस्तोगी, आशीष गुप्ता, ऋषि रस्तोगी, अभिषेक सिंह, अंकित जालान, राज निगम सहित समिति के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यवस्था में लगे रहे।

समिति के अध्यक्ष विनय रस्तोगी और महामंत्री अनुराग गुप्ता ने बताया कि आज सायं 7 बजे से विशाल भण्डारा 26 सितम्बर को धार्मिक प्रश्नोत्तरी 27 सितम्बर को बहराइच के राजा की महाआरती महाश्रृंगार एवं महाप्रसाद एवं 28 सितम्बर को विसर्जन शोभा यात्रा के साथ गणेशोत्सव सम्पन्न होगा।

## कैनाल पंप डलमऊ से पर्याप्त रूप से नहर में पानी न पहुंचने से सिंचाई की गंभीर समस्या

# जर्जर मोटर क्षमता के अनुरूप नहीं उठा रहे पानी

▶ भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने विद्युत मोटर मरम्मत के नाम पर जेब भरने का लगाया आरोप



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चौधरी चरण सिंह कैनाल पंप डलमऊ प्रथम के आला अधिकारियों की अनदेखी और उदासीनता के चलते पंप पूरी क्षमता से पानी नहीं दे रहे हैं जिससे सिंचाई के लिए पर्याप्त रूप से किसानों को पानी उपलब्ध न होने के चलते धान और अन्य फसल की सिंचाई के लिए किसानों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने मांग के अनुसार पंप ना चलने का आरोप लगाया और कहा वर्तमान समय में सिंचाई के लिए कम से कम 10 पंप चलाने की आवश्यकता है

भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज कुमार यादव सुशील कुमार यादव के साथ अन्य कार्यकर्ताओं ने रविवार को चौधरी चरण सिंह कैनाल पंप प्रथम पहुंचकर तैनात कर्मचारियों से मांग के अनुसार पंप चलाने की मांग की गई और आरोप लगाते हुए कहा की कैनाल पंप की विद्युत मोटर जर्जर हो गई हैं अधिकारियों द्वारा उनकी मरम्मत के नाम पर मोटी रकम डकार ली जाती है और खाना पूर्ति करते हुए विद्युत मोटर की मरम्मत कर दी जाती है जिससे कैनाल पंप पूरी क्षमता से पानी नहीं दे रहे हैं यही नहीं सिर्फ सफाई के नाम पर खाना पूर्ति करते हुए लाखों रुपए विभागीय अधिकारी डकार जाते हैं जिससे पूरी क्षमता से पानी चलने पर नहरू में कटान हो जाती है वर्तमान समय में धान उड़द आदि के साथ अन्य फसलों की सिंचाई के लिए नहर और माइनर ऑन में पर्याप्त रूप से पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे फसले सुख रही हैं और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाते हुए नलकूप के सहारे सिंचाई करनी पड़ रही है आक्रोशित किसानों ने कहा कि यदि पूरी क्षमता से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान कैनाल पंप डलमऊ पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे

इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज कुमार यादव ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा खाना पूर्ति के नाम पर कैनाल पंप प्रथम से कुछ ही दूरी तक सिल्ट सफाई के नाम पर बालू निकालकर नहर की पटरी पर ढेर लगा दिए गए हैं जो फिर से हवा और बरसात के चलते नहर में समा रही है इस मौके पर बच्चू लाल अजमेर सिंह कुलदीप आदि के साथ गार्डन में किसान मौजूद रहे।

## राहुल राजपूत सहित अन्य लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक राहुल राजपूत, उनके भाई और साले के खिलाफ रविवार को खीरों थाने में धोखाधड़ी, जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज कराया गया है। आरोप है कि विधायक समेत तीन लोगों ने भारतीय खाद्य निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर एक बेरोजगार से नौ लाख रुपये ऐंठ लिए।केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

खीरों थाने के दुलारपुर पोस्ट रनापुर गांव निवासी रामनरेश ने दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा है कि शहर क्षेत्र के चक अहमदपुर नजूल निवासी एवं सपा विधायक राहुल राजपूत, उसके भाई रोहित राजपूत और साले कृष्ण कुमार उर्फ केके लोधी ने उसके भाई को नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख रुपये ले लिए। इसके बाद मेरे भाई को भारतीय खाद्य निगम का एक फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। ज्वाइनिंग लेटर में राहुल राजपूत के सभी हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए। पीड़ित के मुताबिक आरोपी मेरे भाई को कार्मिक पंजीकरण की फर्जी रसीद दे रहे थे और फर्जी हस्ताक्षर भी कराते रहे। भारतीय खाद्य निगम में फर्जी खाता खुलवाया और हर हफ्ते वेतन की राशि उनके खाते में ट्रांसफर होने की बात कही। इसके बाद मेरे भाई को लखनऊ के तालकटोरा स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम, बाराबंकी स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम व सरोजनी नगर स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में ले जाकर बैठा देते थे और कहते थे कि आपका ट्रांसफर रायबरेली करा देंगे। जालसाजी का पता चलने पर पैसा मांगा तो फर्जी चेक वापस कर दिया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। सीओ लालगंज महिपाल पाठक ने बताया कि केस दर्ज करा दिया गया है। जांच कराई जा रही है। प्रकरण में कार्रवाई होगी।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय कल्याण मंच के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न



**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक मुद्दों एवं सभी की सामाजिक सहभागिता को लेकर कार्यरत राष्ट्रीय कल्याण मंच के विकास क्षेत्र शिवगढ़ के पदाधिकारियों की बैठक जिला प्रभारी राष्ट्रीय कल्याण मंच के आवास पर आयोजित हुई जिसमे सामाजिक मुद्दों एवं सभी की सामाजिक सहभागिता को लेकर चर्चा हुई गौरतलब हो कि रविवार को सामाजिक मुद्दों एवं सभी की सामाजिक सहभागिता को लेकर मुखर रहने वाले राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कल्याण मंच के विकास क्षेत्र शिवगढ़ के पदाधिकारी की बैठक रायबरेली के जिला प्रभारी राष्ट्रीय कल्याण मंच राजेश पासवान के बहुदा स्थित आवास पर आयोजित हुई जिसमे राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद कुमार ने सभी पदाधिकारी से संगठन को मजबूत करने एवं सामाजिक मुद्दों में बढ़–चढ़कर सहभागिता लेने की अपील की साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा एवं सभी सामाजिक मुद्दों पर बढ़–चढ़कर सहभागिता करनी होगी जिससे हम लोग अपने समाज को एक नई दिशा दे सकें इस मौके पर ध्रुव रावत,राकेश कुमार, दीपक कुमार, राकेश कुमार बीडीसी सहित अन्य पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित पिकअप की तांगे और कार से भीड़ंत में आठ घायल

**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में बांदा बहराइच राजमार्ग पर हुआ सड़क हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार पिकअप ने सवारियों से भरे तांगे को टक्कर मारते हुए कार को मारी जोरदार टक्कर तांगा सवार मासूम बच्चों सहित 7 लोग हुए घायल दो की हालत गंभीर मामला गुरबख्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओनई गांव का है तेज रफ्तार पिकअप में सवारियों से भरे तांगे को पीछे से जोरदार टक्कर मारने के बाद सामने से आ रही कार से भिड़ गई जिसमें मासूम बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य के लिए जाया गया जहां 2 मासूम बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक व पिकअप को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जांच में दोषी मिली तीन स्टाफनर्स, सीएमओ को भेजी रिपोर्ट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गर्भवती महिला की मौत के मामले में परिजनों की तहरीर पर गठित चिकित्सको की तीन सदस्यीय टीम ने जांच के दौरान स्टाफनर्स सहित दो अन्य को दोषी पाए जाने पर कार्रवाई के लिए सीएमओ को रिपोर्ट भेजी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अहमदपुर वादे गांव निवासी कमलेश कुमार की पत्नी संगीता (30) को बीते आठ सितंबर दोपहर 1 बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने प्रसव करवाने के लिए सीएचसी में भर्ती कराया था। परिजनो का आरोप था कि घंटो प्रसूता को किसी ने कोई इलाज नहीं किया गया और काफी देर के बाद गलत इंजेक्शन लगाने की वजह से गर्भवती महिला की हालत बिगड़ते देख स्टाप नर्सो ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनो ने स्टाप नर्स प्रीति व शालिनी की लापरवाही के चलते मौत होने का प्रार्थनापत्र सीएमओ को देकर जांच की मांग की थी जिसपर सीएमओ डा. सत्यप्रकाश ने तीन सदस्यीय टीम में डॉ0 आफताब अहमद, प्रमोद कुमार, डॉ0 पीयूष मिश्रा से जांच रिपोर्ट मांगी थी। जांच टीम ने प्रथम दृष्टया संविदा पर तैनात स्टाफनर्स प्रीति देवी, अलका वर्मा एवं रश्मि श्रीवास्तव की लापरवाही से प्रसूता का उपचार न करने से मौत होने की पुष्टि की है। जिसकी जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है। जहां से उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ0 प्रमोद ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीन स्टाफनर्स दोषी पाई गई हैं। जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए लेटर बनाकर जिले पर भेज दिया गया है।

### शिक्षक ने वीडियो जारी कर लगाई सुरक्षा की गुहार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के गोड़हिया गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने मुकदमा दर्ज होने के बाद वीडियो जारी कर भावुक अपील करते हुए जानमाल का खतरा बताते हुए अपना ट्रांसफर किसी दूसरे विद्यालय में कराने की मांग की है। भयभीत शिक्षक ने ट्रांसफर न होने की स्थित में बीआरसी से अटैच करने की मांग की है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गोडहिया के सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार और भारतीय किसान यूनियन (भानू) के प्रदेश सचिव हसनैन खां के बीच विवाद हो गया था। शिक्षकों ने कैसरगंज थाने का घेराव भी किया था। पुलिस ने शिक्षक की तहरीर पर किसान नेता समेत चार लोगों पर सरकारी काम मे बाधा, धमकी और एससीएसटी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वहीं दूसरे दिन किसानों की तरफ से शिक्षक पर छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद परेशान शिक्षक ने वीडियो सन्देश जारी कर अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए अधिकारियों से ट्रांसफर की गुहार लगाई है। ट्रांसफर न होने पर बीआरसी पर अटैच करने की मांग की है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो की जानकारी नहीं है। लिखित पत्र जब मिलेगा, तब उस पर कार्यवाई होगी।



### सीएचसी में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरेनी में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। समारोह के संयोजक युवा भाजपा नेता अनूप पाण्डेय ने कहा कि गरीबों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार की आयुष्मान कार्ड योजना अत्यंत लाभकारी है। इससे पाँच लाख रुपये तक के इलाज का खर्च सरकार वहन करती है। उन्होंने वहाँ उपस्थित लोगों से शीघ्रातिशीघ्र आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। उन्होंने इस काम में तनिक भी लापरवाही न बरतने की सलाह दी। स्वास्थ्य मेले को भाजपा नेता दिनेश त्रिपाठी, संयोजक राघवेन्द्र सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. अमल पटेल ने भी सम्बोधित किया। सभी ने लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में पूरा सहयोग दिये जाने का भरोसा दिया। वक्ताओं ने कहा कि इस योजना का नाम ही आयुष्मान भव है जो हमारे देश में प्राचीन काल से ऋषि–मुनियों, बुजुर्गों से आशीर्वाद के तौर पर दीर्घ आयु व स्वस्थ जीवन के लिये दिया जाता रहा है। इस अवसर ,पर डा. अजीतसिंह, डा. शुभम सिंह, डा. अलौकिक गुप्ता, साधना सिंह, गंगाप्रसाद नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने आयुष्मान कियोस्क का फीता काट कर किया उद्घाटन

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना के पात्र लाभार्थियों को कार्ड जारी कराने में क्षेत्रीय लोगों को भटकना न पड़े इससे राहत देने के लिए सीएचसी पर आयुष्मान कियोस्क की स्थापना की सीएचसी शिवगढ़ पर स्थापित आयुष्मान कियोस्क का उद्घाटन रविवार को ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ ने फीता काट कर किया गौरतलब हो को रविवार को ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान योजना के तहत सीएचसी शिवगढ़ पर स्थापित आयुष्मान कियोस्क का फीता



▶ आयुष्मान ऐप से अब चयनित पात्र लाभार्थी स्वयं बना सकते हैं अपना गोल्डन कार्ड : डॉ. अमित सिंह

काटकर उद्घाटन किया इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत चयनित परिवार के सभी सदस्य एक वर्ष तक पांच लाख रुपए तक कैशलेश इलाज आयुष्मान भारत योजना में नामित अस्पताल से करा सकते हैं योजना का त्वरित लाभ लेने के लिए पीड़ित का गोल्डन कार्ड जरूरी है लेकिन जानकारी के अभाव में अधिकांश चयनित परिवार योजना का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं लोगों को इस समस्या से दूर करने के लिए सरकार ने आयुष्मान ऐप लॉन्च किया है जिसके जरिए आयुष्मान योजना में चयनित पात्र लाभार्थी अब घर बैठे अपना आयुष्मान कार्ड स्वयं बना सकते हैं इसके लिए उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा वहीं उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद सीएचसी शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीएचसी परिसर में स्थापित कियोस्क का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान योजना में चयनित पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े वह यहां पर आकर योजना से संबंधित सभी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सके और आसानी से अपना गोल्डन कार्ड बना सकें।

## बुजुर्ग की हत्या में पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हत्या की घटना में वांछित चार अभियुक्त हुए गिरफ्तार गुरदत्त सिंह मजरें पूरे ज्यौना गांव में घटी घटना में 60 वर्ष व्यक्ति ने दम तोड़ दिया था। जिसमें परिजनों द्वारा चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई थी 23 तारीख को सुबह 5:00 बजे लाल बहादुर पुत्र विश्वनाथ राजेश पुत्र लाल बहादुर को लाठी डंडों से लैस होकर पिता पुत्र को जमकर मारा पीटा गया था जिसमें पिता लाल बहादुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था तो वही पुत्र राजेश जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

महराजगंज कोतवाली पुलिस ने हत्या का मुकदमा कायम करते हुए चार लोगों को आरोपी बनाया था जिसमें हेमराज पुत्र दयाराम पाल देशराज पुत्र दयाराम संतोष दयाराम राम प्रसाद उर्फ बल्ला पुत्र गजोधर निवासी ग्राम पुरे गुरदत्त मजरे ज्यौना सभी आरोपी पुरे गुरदत्त के ही निवासी है जिन्हें गिरफ्तार करते हुए कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दिया वही हत्या में प्रयुक्त तीन अदद लाठी एवं डंडा बरामद किया गया।



### परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से किया इनकार

पूरे गुरदत्त सिंह मजरें ज्यौना गांव में घटी घटना में अचानक एक नया मोड़ आ गया बुजुर्ग की हत्या मामले में एक हत्यारोपी का नाम न होने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली कोतवाली पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे पुलिस पर हत्यारोपी आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बीती रात छोड़ने का आरोप परिजनों द्वारा लगाया गया हत्यारोपी श्री चंद यादव के नाम तहरीर लेने पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए किसी तरह राजी हुए बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती कोतवाली प्रभारी बालेंद्रु गौतम सहित ग्रामीणों का भारी जमावड़ा लगा रहा तहरीर लेने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

### युवक ने नहर में लगाई छलांग, मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने शारदा नहर में लगाई छ्लांग पानी में डूबने से युवक की हुई मौत मृतक युवक का शव कई किलोमीटर दूर नहर से पुलिस ने किया बरामद मामला भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनेसरा गांव का है जहां के रहने वाले रवि कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 35 वर्ष ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर नहर में छलांग लगा दी युवक को डूबता देख वहां हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डूबे युवक की तलाश शुरू की लेकिन युवक का शव कई किलोमीटर दूर ऊंचाहार थाना क्षेत्र के मिर्जापुर ऐहारी गांव के पास नहर में मिला, युवक की मौत से जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधि कार्रवाई शुरू की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के चमरहिया मजरे मऊ गांव में युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव के रहने वाले हरी पासी का 18 वर्षीय पुत्र मेघराज अज्ञात कारणों से छत की धन्नी से रस्सी के सहारे लटक कर फांसी के फंदे से झूल गया और अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।भाई रामनिवास ने बताया कि, आज रविवार दिन में 12:00 बजे उनके छोटे भाई मेघराज ने घर की कच्ची कोठरी में लगी धन्नी से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता हरी लाल, मां पुरबिन, भाभी रामवती तथा वह स्वयं जब खेतों से काम करके दोपहर लौटे तो देखा कि, मेघराज धन्नी के सहारे फांसी के फंदे से लटक रहा था। परिजनों की चीख पुकार सुनकर सैकड़ो की तादात में ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए।

घर वालों ने तत्काल घटना की जानकारी महराजगंज पुलिस को दी, मय फोर्स मौके पर पहुंचे कोतवाल बालेंदु गौतम ने ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि, मृतक के पिता हरी लाल खेती किसानी और गांव में ही मजदूरी करते हैं। गरीबी के कारण किसी तरह गुजर बसर करते थे, इस बीच घर में मौजूद छोटे लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## सामाजिक समरसता विभाग की बैठक सम्पन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

केशव कुंज संघ कार्यालय रायबरेली में सामाजिक समरसता विभाग की एक जिला बैठक सम्पन्न हुई ।जिसमें प्रथम सत्र प्रांत संयोजक ओम प्रकाश के उद्बोधन से प्रारम्भ हुआ उन्होंने समरसता गतिविधि की मूल भावना पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में विविध आयाम व उनके कार्य का निरुपम प्रांत मीडिया अध्ययन प्रमुख, आत्मप्रकाश व प्रांत विधि प्रमुख विनोद द्विवेदी ने किया। विभाग संयोजक महेन्द्र व जिला संयोजक सतीश जी नये कार्यकर्ताओ का व अधिकारियों का परिचय कराया व वृत्त निवेदन किया। जिला सह संघचालक माननीय डी बी ने नये दायित्वों की घोषणा की अन्तिम सत्र में प्रांत समरसता प्रमुख अवध प्रांत प्रचारक राजकिशोर द्वारा जिज्ञासा समाधान व समरसता के करणीय कार्यों पर विशेष रुप से समाज में व्याप्त विषमता ,छुआछूत, अश्पृश्यता, सनातन संस्कृति पर अपना व्यापक दृष्टिकोण कार्यकर्ताओं के समक्ष रख्खा। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह शिवाकांत जिला प्रचारक अमरजीत सचिन सतेन्द्र यतीन्द्र जयकिशन जी शिवकुमार व प्रधान दिनेश घुराडीह खण्डों के संयोजक व टोली के सदस्य उपस्थित थे।

## माध्यमिक विद्यालयों की जूडो प्रतियोगिता सम्पन्न

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालयों की जूडो प्रतियोगिता सम्पन्न हुई इस जूडो की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। माध्यमिक विद्यालय जिला खेल कूद सचिव अजय सिंह चंदेल ने बताया इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी जिले की टीम से लखनऊ में 7 से 8 अक्तूबर तक आयोजित होने वाली मण्डल की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों की घोसडा जूडो के जिला सचिव चंद्रप्रकाश तिवारी ने किया जिले की टीम में 14 वर्ष के अंदर बालिका में 32 किलो भार वर्ग में डाश रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की माही




यादव ने 36 किलो भार वर्ग में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की निधि मेहरा 40 किलो में विधि मेहरा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही 17 वर्ष के अन्दर में डाश रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की दिव्या कुमारी ने 44 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक एस जे एस स्कूल की वैष्णवी गुप्ता 48 किलो तथा उन्नति सोनी ने 52 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 19 वर्ष के अन्दर में बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की दीक्षा जितेंद्र जादव ने 63 किलो में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वहीं बालक वर्ग 14 वर्ष के अन्दर डाश रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के मोहम्मद ताहा 35 किलो में शौर्य जितेंद्र जाधव 45 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वही 17 वर्ष के अन्दर में पण्डित दीना नाथ इण्टर कालेज के सुयश शुक्ला ने 50 किलो में तथा बैसवारा इण्टर कालेज के हर्ष शेर बहादुर ने 60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगिता संयोजक अताउर रहमान ने मेडल पहना कर तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### सांप के काटने से दो सगे भाईयों की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सांप काटने के बाद झाड़फूंक के चक्कर में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों मासूम सगे भाई कमरे के भीतर एक साथ सो रहे थे। दोनों की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। मामला सलोन थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव का है। यहां के रहने वाले शिव कुमार के दो बेटे 13 वर्षीय मयंक और 9 वर्षीय यश एक साथ कमरे में सो रहे थे। एक बच्चे को सांप ने काटा तो वह रोता हुआ आकर पिता से बोला कि उसे सांप ने काट लिया है। जब तक परिजन भाग कर कमरे में पहुंचते तब तक सांप ने दूसरे बच्चे को भी डस लिया।

परिजनों ने सांप को कमरे से भागते हुए भी देखा उसके बावजूद अस्पताल ले जाने की जगह झाड़फूंक के चक्कर में पड़ गए। परिजन दोनों को झाडफूंक के लिए पड़ोस के गांव में ले गए जिसके चलते इलाज मिलने में देरी हो गई। काफी समय गुज़र जाने के बाद परिजन दोनों बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## ब्लाक प्रमुख ने पीएचसी में स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड पुरवा में ब्लॉक प्रमुख सतीश चौधरी ने विकासखंड सभागार में दूर संचार उपकरण पर मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुना। बाद में सेवा पखवाड़ा अभियान आयुष्मान भवः के अन्तर्गत पुरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (स्वास्थ्य मेला) का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

उन्होंने पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड वितरित कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर भाजपा ब्लॉक प्रमुख सतीश चौधरी ने बताया कि जबसे केन्द्र में मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार आयी है तबसे स्वास्थ्य विभाग में काफी सुधार हुआ है। आज उत्तर प्रदेश के सभी अस्पतालों में मौके पर डॉक्टर भी मिलेंगे और दवाइयां भी उपलब्ध होंगी। आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरेवा में ऑक्सीजन तक मौजूद है।

उन्होंने जानकारी दी कि आयुष्मान कार्ड के द्वारा 5 लाख तक का इलाज निजी तथा सरकारी हायर सेण्टर में निःशुल्क करा सकते हैं। जिनके पात्र गृहस्थी कार्ड में 6 यूनिट या 6 से अधिक यूनिट दर्ज है, ऐसे परिवारों को भी सरकार ने इस योजना में शामिल किया है। प्रमुख ने यह भी बताया कि सभी सरकारी अस्पतालो में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पात्र लाभार्थी स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इसके अलावा केन्द्र सरकार ने जन औषधि केन्द्र के माध्यम से सभी वर्गो के लिए सस्ती दवाइयां भी उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम का संचालन इशहाक अली ने किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सज्जन लोधी, मण्डल अध्यक्ष शुभम् श्रीवास्तव, सीएचसी प्रभारी दिनेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि बृजभान सिंह, शिवाकांत, धर्म सिंह घायल, विजय शिकारी, रजोल अवस्थी, रमेश कुशवाहा, बितेंद लोधी आदि मौजूद रहे।



## धूमधाम से निकली गजानन की शोभायात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सफीपुर नगर व क्षेत्र में गणेश चतुर्थी पर मंदिर एवं घरों में विराजमान किए गए गणपति महाराज के चल रहे महोत्सव के समापन के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए बैंड-बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गणेश भक्त लंबोदर के भजनों पर झूमते नजर आए। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य चौराहों से होते हुए नगर की सिद्धपीठ मां शंकरी देवी से होते हुए मियागंज मार्ग पर शारदा नहर पर पहुंची जहां गणेश प्रतिमा का भक्तों ने विसर्जन कर लोक कल्याण की कामना की। कस्बे में मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क टिकली बाजार, किला बाजार, सरांय खुर्रम, वाकरगंज सहित अन्य जगहों में गणेश चतुर्थी को विराजमान किए गए। पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के समापन से पूर्व श्रद्धालुओं ने लोक कल्याण के लिए विधि-विधान से पूजन-हवन कर कामना की। गणेश महोत्सव के समापन पर गजानन की आचार्य कैलाशनाथ शुक्ल से विधि-विधान से पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद शोभायात्रा निकाली गई। लंबोदर भक्त मय गाजे-बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाल शारदा नहर में मूर्तियों का विसर्जन किया।


**नीलामी सूचना**

उपजिला मजिस्ट्रेट महोदय पयागपुर के आदेश के क्रम में 36 लावारिस / 5 मुकदमाती वाहनों की नीलामी थाना विशेश्वरगंज में दिनांक 30-9-2023 को समय 10:00 बजे से नियत है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक व्यक्ति नीलामी में निर्धारित तिथि को समय से उपस्थित हों। अग्रिम धनराशि रुपये 15000 जमा करना होगा।

थानाध्यक्ष
थाना विशेश्वरगंज
जनपद बहराइच

# चीन की पुरानी चाल

भारत ने जब भी चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया उसने हमारी पीठ में खंजर घोप दिया। भारत में जी-20 की सफलता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती अन्तर्राष्ट्रीय छवि से परेशान चीन ने एक बार फिर घिनौनी हरकत की। खेलों के आयोजन और कला संस्कृति के आदान-प्रदान से देशों के रिश्ते मजबूत होते हैं लेकिन धूर्त चीन ने खेल प्रतिस्पर्धाओं के बीच अपनी पुरानी चाल को फिर दोहराया। चीन के हांग झाउ शहर में आयोजित एशियाई खेलों में भाग लेने जाने वाले अरुणाचल प्रदेश के रहने वाले तीन भारतीय वुशू खिलाड़ियों को एंट्री देने से मना कर दिया। चीन पहले भी अरुणाचल के निवासियों को नत्थी यानि स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। स्टेपल वीजा का मतलब चीन उन्हें भारत का नागरिक नहीं मानता। उसका कहना है कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है, इसलिए अरुणाचल के लोगों को चीन आने के लिए वीजा की जरूरत ही नहीं है। भारत ने इस पर कड़ा प्रोटेस्ट जताते हुए अपने तीन खिलाड़ियों को हवाई अड्डे से ही लौटा लिया। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपना चीन दौरा भी रद्द कर दिया। चीन के अधिकारियों ने टारगेट और पूर्व निर्धारित तरीके से भारतीय खिलाडिय्यों को मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। चीन का कृत्य एशियाई खेलों की भावना, उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन करता है। भारत निवास स्थान के आधार पर भारतीय नागरिकों से भेदभावपूर्ण बर्ताव को अस्वीकार करता है। इसलिए भारत ने उचित कदम उठाते हुए उसको मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद बरसों से चल रहा है। कभी लद्दाख में चीन के सैनिक भारतीय सीमा में घुस आते हैं तो कभी डोकलाम और तवांग में घुसने की हिमाकत करते हैं। भारत ने हर बार सख्ती से जवाब दिया और भारतीय सैनिकों ने चीन के जवानों की गर्दन मरोड़ कर उन्हें वापिस जाने को मजबूर किया। लद्दाख सीमा पर गतिरोध अभी भी बना हुआ है और 18 दौर की बातचीत के बाद भी चीन अपने सैनिकों को पूर्व बिन्दुओं पर ले जाने को तैयार नहीं हो रहा। चीन सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा। चीन हर बार 109 साल पुराने उस सच से भागने की कोशिश करता है जो भारतीय इलाकों में जताए जा रहे चीन के हर दावे की पोल खोल देता है। 1950 से लगातार चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता आ रहा है। चीन अरुणाचल के दक्षिणी तिब्बत होने का दावा करता है, इसलिए वह इस भारतीय राज्य पर अपना दावा जताता है। भारत और चीन के बीच विवाद की प्रमुख वजह 3500 किमी लम्बी सीमा रेखा है। इसे मैकमोहन लाइन कहते हैं। चीन लगातार इसे मानने से इन्कार करता है। मैकमोहन लाइन 109 साल पहले 1914 में हुए उस शिमला समझौते के बाद खींची गई थी जिसमें ब्रिटिध्श भारत, चीन और तिब्बत अलग-अलग शामिल हुए थे। इस समझौते के मुख्य वार्ताकार सर हेनरी मैकमोहन थे, इसीलिए इसे मैकमोहन लाइन कहते हैं। उस समय भारत व तिब्बत के बीच भी 890 किमी. की सीमा रेखा का बंटवारा हुआ था। खास बात ये है कि इस समझौते में तवांग को भारत का हिस्सा माना गया था। 109 साल पहले हुए इस समझौते को चीन नहीं मानता। इससे पहले 2021 में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 15 जगहों के नाम बदले थे और 2017 में भी उसने कई इलाकों के नाम बदले। पिछले महीने ही चीन ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश, अक्साईचिन, ताइवान, दक्षिणी चीन सागर और कई विवादित क्षेत्रों को शामिल कर ध्लिया था। आक्साईचिन पर तो चीन ने 1962 में कब्जा कर लिया था। बाद में वह इससे पीछे हट गया था। यह सब जानते हैं कि चीन अरुणाचल के साथ लगती अपनी सीमा में जबरदस्त बुनियादी ढांचे को कायम कर रहा है और उसने सड़क, पुल, छावनी बना लिए हैं। उसकी नजरें अरुणाचल पर लगी हुई हैं। भारत-कनाडा विवाद से चीन का नाम भी जुड़ रहा है।चीन की चालों को पुरानी चाल कहकर नजरंदाज नहीं किया जा सकता। क्योंकि वह अपनी विस्तारवादी नीतियों पर लगातार काम करता रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय सेना अब चीन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। मगर चीन की हरकतों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कूटनीतिक कदमों की जरूरत है। इसके लिए केन्द्र सरकार को ठोस और निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# पहाड़ पर भूस्खलन चिन्ताजनक

प्रेम शर्मा

**जलवायु परिवर्तन के कारण भूस्खलन और हिमस्खलन की घटनाएं न केवल बढ़ेंगी बल्कि बेमौसम कहर भी बरपाएंगी। हिमाचल, उत्तराखंड और लद्दाख भी इससे अछूते नहीं हैं। जर्नल अर्थ्स फ्यूचर में प्रकाशित एक शोध अध्ययन के अनुसार हिमाचल,उत्तराखंड और लद्दाख अब भूस्खलन की दृष्टि से बेहद खतरनाक श्रेणी में आ चुके हैं।देश के कुल भूस्खलन के मामलों में उत्तर-पश्चिम हिमालय का योगदान 67 प्रतिशत के करीब है। हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही भूस्खलन की घटनाओं के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि हिमालय में अवैज्ञानिक निर्माण, घटते वन क्षेत्र और नदियों के पास पानी के प्रवाह को अवरुद्ध करने वाली संरचनाएं भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं का कारण बन रही हैं। सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए पहाड़ी ढलानों की व्यापक कटाई, सुरंगों और जलविद्युत परियोजनाओं के लिए विस्फोट में वृद्धि भी भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के मुख्य कारण हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तलहटी में चट्टानों के कटाव और जल निकासी की उचित व्यवस्था की कमी के कारण हिमाचल व उत्तराखंड में ढलानें भूस्खलन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो गई। वैज्ञानिकों ने इस भयावह स्थिति का आकलन करने के लिए हिंदू कुश, काराकोरम, पश्चिमी हिमालय, पूर्वी हिमालय, मध्य हिमालय और हेंगडुआन शान क्षेत्र में इन खतरों का विश्लेषण किया है। इसमें उन्होंने हिमालय की इन छह प्रमुख पर्वत श्रृंखलाओं में रहने वाले लोगों, बुनियादी ढांचे, सड़कों पर मंडराते खतरे को मापने का प्रयास किया है।**

हिमाचल में 2022 में बड़े भूस्खलन की घटनाओं में 6 गुना चिंताजनक हुई। 2020 में 16 की तुलना में 2022 में 117 बड़ी भूस्खलन की घटनाएं हुईं। राज्य में 17,120 भूस्खलन के जोखिम वाले स्थल हैं, जिनमें से 675 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और बस्तियों के करीब हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2000 से 2017 के बीच हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख में 20,196 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। हिमाचल प्रदेश में 1674, उत्तराखंड में 11219, जम्मू कश्मीर में 7280 और लद्दाख में 23 घटनाएं हुईं। नैनीताल के चार्टन लॉज अवागढ़ कंपाउंड में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के आनी की तरह बीते शनिवार दोपहर भूस्खलन से दो मंजिला भवन पलभर में जमींदोज हो गया। इस भवन की चपेट में आने से दो अन्य भवन भी क्षतिग्रस्त हो गए। भूस्खलन के बाद 12 से ज्यादा मकान खतरे की जद में आ गए हैं। पहाड़ के रहवासी क्षेत्रों में होने वाले इस तरह के भूस्खलन वाकई चिन्ताजनक है।

सरकार का इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का क्या तरीका है यह तो गुप्त है, लेकिन जिस तरह से पहाड़ में भूस्खलन बढ़ रहा है उस पर सरकार को बड़े मिशन के रूप में काम करना चाहिए। विकास के चक्कर में जिस तरह से पहाड़ों पर बुलडोजर चलाए जा रहे है वह किसी भी मायने में ठीक नही है।इससे पूर्व जोशीमठ में भूस्खलन पर उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बुधवार (20 सितंबर) को राज्य के जोशीमठ में हुए भूस्खलन पर रिपोर्ट सार्वजनिक न करने के लिए प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार की आलोचना की थी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और जस्टिस आलोक कुमार वर्मा की पीठ ने कहा, 'हमें कोई कारण नहीं दिखता कि राज्य को विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को गुप्त रखना चाहिए और जनता के सामने इसका खुलासा नहीं करना चाहिए। अदालत कहा था कि 'असल में उक्त रिपोर्टों के प्रसार से जनता को महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी और जनता को यह भरोसा होगा कि राज्य ऐसी स्थिति से निपटने के लिए गंभीर है। अदालत ने यह टिप्पणी तब की, जब जोशीमठ के भूस्खलन का अध्ययन करने वाले केंद्र सरकार के आठ संस्थानों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में उसके सामने रखा गया।

इस साल जनवरी में हाईकोर्ट ने एक याचिका को सुनते हुए राज्य सरकार को जोशीमठ में धंसाव होने को लेकर किए जा रहे अध्ययन में कुछ विशेषज्ञों को शामिल करने का निर्देश दिया था। लेकिन इसने पाया कि आठ महीने बाद भी सरकार ने उसके आदेश का पालन नहीं किया है। उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में कमजोर जमीन पर निर्माण होने के कारण जमीन धंसाव का इतिहास रहा है। इस साल जनवरी में जोशीमठ में जमीन धंसने से कई घरों में दरारें आ गई थीं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, शहर के नौ वार्डों की 868 इमारतों में दरारें पाई गई, जबकि 181 इमारतें असुरक्षित क्षेत्र में आ गई थीं। इसके चलते 300 से अधिक परिवार विस्थापित हुए थे। उसके पास आठ संस्थानों की रिपोर्ट हैं. इसमें कहा गया है कि आठ संस्थानों में से एक नोडल एजेंसी- सेंट्रल बिल्डिंग



रिसर्च इंस्टीट्यूट ने पाया है कि जोशीमठ में विश्लेषण किए गए 2,364 घरों में से 20 प्रतिशत 'अनुपयोगी' थे, 42 प्रतिशत को 'आगे मूल्यांकन' की जरूरत थी, 20 प्रतिशत 'इस्तेमाल योग्य' थे और 1 प्रतिशत को 'ध्वस्त' करने की जरूरत है। उत्तराखंड में मानसून सीजन में पर्वतीय क्षेत्र आपदा का दंश झेल रहा है। कहीं-कहीं अतिवृष्टि के कारण भारी नुकसान और जनजीवन प्रभावित है।

अतिवृष्टि की घटनाएं पिछले 10 सालों में बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में पहले से कमजोर भूगर्भीय स्थिति वाले उत्तराखंड के पहाड़ तेजी से दरक रहे हैं। नैनीताल, मसूरी रोड, पिथौरागढ़, चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, यमुना वैली, अलकनंदा वैली, मंदाकिनी, भागीरथी नदी क्षेत्र, टिहरी (बूढ़ाकेदार), नीलकंठ महादेव क्षेत्र (पौड़ी) भूस्खलन की दृष्टि से अधिक संवेदनशील हैं। मौसम विज्ञानी इसे जलवायु परिवर्तन का दूरगामी प्रभाव मान रहे हैं, लेकिन वर्तमान परिपेक्ष्य में यह वर्षा का सामान्य पैटर्न है। वहीं, उत्तराखंड में कमजोर भूगर्भीय स्थिति को आपदा का कारण माना जाता है। तीव्र वर्षा को उत्तराखंड के कमजोर पहाड़ नहीं झेल पाते हैं और लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। बीते कई वर्षों में जलवायु परिवर्तन समेत मौसम के बदले पैटर्न पर कई शोध और अध्ययन भी किए गए हैं। वहीं, उत्तराखंड में भी ग्लेशियर और भूगर्भ विज्ञान से जुड़े शोध भी हुए हैं। इन सब शोध और अध्ययन को लेकर विज्ञानियों की भी अपनी-अपनी राय है।

वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी डा. विक्रम गुप्ता के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के रूप में वर्षा का मिजाज विश्वभर में बदला है। कई बार कम समय के लिए ही सही, लेकिन तीव्र वेग से वर्षा हो रही है। इसके साथ ही अतिवृष्टि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, उत्तराखंड में बीते कुछ वर्षों से फुटहिल्स में अधिक वर्षा दर्ज की जा रही है। हालांकि, हर वर्ष ही किसी न किसी क्षेत्र में अतिवृष्टि होती है। इस बार भी जुलाई में वर्षा अधिक रही, लेकिन अगस्त में सामान्य है। राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की के विज्ञानी डॉ. संजय कुमार जैन के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन एक गंभीर समस्या है, जिसका प्रभाव हम सभी महसूस कर रहे हैं। हिमालय क्षेत्र में विशेष रूप से हमें जलवायु परिवर्तन पर शोध की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को समझने के लिए विज्ञानिक अनुसंधान और डेटा संग्रहण की भी जरूरत है। एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर के भूविज्ञानी विभाग प्रमुख प्रो. वाईपी सुंदरियाल के अनुसार, शिवालिक पर्वतमाला हिमालय का सबसे नया और सबसे नाजुक हिस्सा है, क्योंकि यह मलबे से बने हैं। बलुआ पत्थर और शैल से मिलकर पहाड़ों का निर्माण हुआ है, जो किसी भी चट्टान का सबसे कमजोर रूप है। हिमालय और खास तौर पर मध्य हिमालय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दरकते पहाड़ों और हिमस्खलन से सबसे ज्यादा खतरा है। यह खतरा न केवल वर्तमान में बल्कि भविष्य में भी बना रहेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पूरा इलाका बेहद संवेदनशील श्रेणी में आता है।

हिमालय भारत में पृथ्वी पर सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला है। यह भारतीय और यूरेशियाई प्लेटों के टकराने के कारण बनी है। भारतीय प्लेट के उत्तर( चीन ) की ओर बढ़ने से चट्टानों पर लगातार दबाव पड़ता है, जिससे वे भुरभुरी और कमजोर हो जाती हैं। इस वजह से भूस्खलन की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है और भूकंप का भी खतरा है। जलवायु परिवर्तन के कारण भूस्खलन और हिमस्खलन की घटनाएं न केवल बढ़ेंगी बल्कि बेमौसम कहर भी बरपाएंगी। हिमाचल, उत्तराखंड और लद्दाख भी इससे अछूते नहीं हैं। जर्नल अर्थ्स फ्यूचर में प्रकाशित एक शोध अध्ययन के अनुसार हिमाचल,उत्तराखंड और लद्दाख अब भूस्खलन की दृष्टि से बेहद खतरनाक श्रेणी में आ चुके हैं।देश के कुल भूस्खलन के मामलों में उत्तर-पश्चिम हिमालय का योगदान 67 प्रतिशत के करीब है। हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही भूस्खलन की घटनाओं के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि हिमालय में अवैज्ञानिक निर्माण, घटते वन क्षेत्र और नदियों के पास पानी के प्रवाह को अवरुद्ध करने वाली संरचनाएं भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं का कारण बन रही हैं। सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए पहाड़ी ढलानों की व्यापक कटाई, सुरंगों और जलविद्युत परियोजनाओं के लिए विस्फोट में वृद्धि भी भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के मुख्य कारण हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तलहटी में चट्टानों के कटाव और जल निकासी की उचित व्यवस्था की कमी के कारण हिमाचल व उत्तराखंड में ढलानें भूस्खलन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो गई। वैज्ञानिकों ने इस भयावह स्थिति का आकलन करने के लिए हिंदू कुश, काराकोरम, पश्चिमी हिमालय, पूर्वी हिमालय, मध्य हिमालय और हेंगडुआन शान क्षेत्र में इन खतरों का विश्लेषण किया है। इसमें उन्होंने हिमालय की इन छह प्रमुख पर्वत शृंखलाओं में रहने वाले लोगों, बुनियादी ढांचे, सड़कों पर मंडराते खतरे को मापने का प्रयास किया है।

विचार

# मीर वाइज उमर की रिहाई

केन्द्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर हुर्रियत कान्फ्रेंस के चेयरमैन मीर वाइज मौलवी उमर फारुक को नजरबन्दी से रिहा करके सूबे में अमन-ओ-अमान कायम करने की दिशा में कदम उठाया है। मीर वाइज कश्मीर के उदारवादी नेता माने जाते हैं और अहिंसा व शान्ति के रास्ते से कश्मीर की समस्याओं को निपटाने की वकालत करते रहे हैं।

1990 के लगभग उन्हीं के पिता मीर वाइज की उग्रवादियों ने हत्या करके घाटी से अमन और भाईचारे की आवाज को बन्द करने की नापाक कोशिश की थी। उसके बाद ही उमर फारुख को मीर वाइज की पदवी से नवाजा गया था। मौलवी फारुक को 5 अगस्त, 2019 को कश्मीर से 370 समाप्त करने से पहले ही नजरबन्दी में ले लिया गया था और तभी से वह घर में कैद थे। अब 370 को हटे हुए भी चार साल हो गये हैं अतः सरकार का प्रयास है कि हालात पूरी तरह सामान्य होने चाहिए और घाटी समेत पूरे सूबे का सामाजिक वातावरण साजगार होना चाहिए। मौलवी फारुख ने रिहा होते ही अपील की है कि कश्मीरी पंडित वापस अपने घर लौट आयें। उन्होंने पंडितों की समस्या को मानवीय समस्या बताते हुए कहा कि सूबे में सदियों से भाईचारे के साथ अमन पसन्दी में सभी हिन्दू-मुसलमान रहते आये हैं।

कश्मीरी पंडितों का घर कश्मीर है अतः उनकी वापसी होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा दौर बैर-भाव या युद्ध का दौर नहीं है। यूक्रेन और रूस युद्ध के बारे में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यक्त किये गये उद्गार कि 'वर्तमान समय युद्ध का समय नहीं हैं', से इत्तेफाक रखते हुए मीर वाइज ने ये विचार प्रकट किये। मीर वाइज के तेवर बताते हैं कि वह जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति में यह परिवर्तन चाहते हैं कि इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाये। यह मांग सूबे के विभिन्न क्षेत्रीय दल भी कर रहे हैं। इससे यह भी सन्देश जा रहा है कि इन नेताओं ने 370 के हटने को हकीकत मान लिया है। हालांकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। मगर सर्वोच्च न्यायालय केवल 370 हटाये जाने के संवैधानिक पहलू की ही जांच कर रहा है। मीर वाइज का यह कहना महत्वपूर्ण है कि घाटी के पंडितों की समस्या राजनैतिक नहीं है। इससे पता चलता है कि मीर वाइज का यकीन कश्मीर की उस संस्कृति में है जो मजहब की बुनियाद पर आदमी-आदमी में भेद नहीं करती है। मीर वाइज बेशक धार्मिक नेता हैं मगर उनका नजरिया मानवीयता को बराबर की जगह देता है। उनके बाहर आने से कश्मीर वादी के वातावरण में और सुधार की संभावना इसलिए है क्योंकि कश्मीर में मीर वाइज के औहदे का सम्मान सभी वर्गों के लोग करते आये हैं। मीर वाइज ने यह भी कहा कि कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान में है और एक भाग चीन के कब्जे में भी है अतः इसका समाधान इसी नजरिये से निकालने की कोशिश की जानी चाहिए। मीर वाइज को एक जमाने में राष्ट्रवादी नजरिये का भी माना जाता था क्योंकि उन्होंने कभी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया लेकिन राजनैतिक क्षेत्रों में समझा जा रहा है कि मीर वाइज की रिहाई से जम्मू-कश्मीर में चुनावों का मार्ग प्रशस्त होने में मदद मिलेगी हालांकि इससे पहले इस राज्य का दर्जा केन्द्र शासित क्षेत्र से पूर्ण राज्य का किया जाना जरूरी होगा। इसलिए मीर वाइज का यह कहना महत्वपूर्ण है कि कश्मीर मामले को मुलामियत से हल किया जाना चाहिए न कि सख्ती से। अभी भी बहुत लोग जेलों में हैं जिनकी रिहाई की जानी है।

मीर वाइज ने पिछले महीने अपनी नजरबन्दी के चार साल पूरे हो जाने के बाद सरकार को कानूनी नोटिस भेजा था जिसमें कहा गया था कि यदि उनकी नजरबन्दी खत्म नहीं की जाती है तो वह न्यायालय में इसे चुनौती देंगे। इस पर गत 15 सितम्बर को न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर से उनकी स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी। जिसके बाद उनकी नजरबन्दी समाप्त कर दी गई। राज्य के राजनैतिक दलों की भी राय थी कि मीर वाइज की नजरबन्दी बहुत लम्बी खिंच गई। उन्हें इतने लम्बे अरसे तक घर में बन्द रखने की कोई जरूरत नहीं थी। मगर केन्द्र सरकार ने राज्य के हालात ठीक करने और सुरक्षा कारणों से उन्हें नजरबन्द रखना उचित समझा था लेकिन इस सबके बावजूद जम्मू-कश्मीर के सभी प्रमुख नेता अब रिहा हो चुके हैं जिससे यह उम्मीद बंधती नजर आ रही है कि सूबे में उच्च राजनैतिक प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू होगी। राज्य में चुनाव परिसीमन का काम भी पूरा हो चुका है जिसने विधानसभा में अनुसूचित जातियों व जन जातियों की सीटें भी चिन्हित कर ली हैं और कुछ सीटें बढ़ा भी दी हैं। इन सभी चीजों को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर के बारे में कोई बड़ा निर्णय जल्दी ही लेगी।

साहित्य



## क्यहै...

अशोक चक्रधर

जो रोया
सो आंसुओं के
दलदल में
धंस गया,
और कहते हैं,
जो हंस गया
वो फंस गया

अगर फंस गया,
तो मुहावरा
आगे बढ़ता है
कि जो हंस गया,

झरोखा



उसका घर बस गया।

मुहावरा फिर आगे बढ़ता है
जिसका घर बस गया,
वो फंस गया !
...और जो फंस गया,
वो फिर से
आंसुओं के दलदल में
धंस गया !!



# राशिफल

**मेषः-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**बृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-**परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईश्वरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# भारत-कनाडा विवाद पर दुनियां की नजर



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर एक ओर भारत की दुनियां के विकसित देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी है, तो दूसरी ओर भारत ग्लोबल साउथ का नेता बनकर उभर रहा है वहीं तीसरी और वर्तमान परिपेक्ष में भारत अमेरिकी दोस्ती की प्रगाढ़यता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं रूस के साथ भी भारत की पारंपरिक यारी रही है। यानें कहा जाए तो भारत वैश्विक स्तरपर दोनों महाशक्तियों के साथ बैलेंस बनाकर कुछल कूटनीति, विदेशनीति रणनीति अपना रहा है ताकि उसे किसी भी विपरीत परिस्थिति में किसी भी प्रकार का नुकसान ना हो। इसी रणनीति का हमें आज भारत कनाडा विवाद में सकारात्मक पहलू नजर आ रहा है कि कनाडा नाटो जी-7 फाइव आइज का सदस्य होने केबावजूद भारत-कनाडा विवाद में कोई पश्चिमी देश सीधे रूप से कनाडा के साथ खड़ा नजर नहीं आ रहा है। बल्कि कनाडा का विपक्ष भी उनके विरोध में खड़ा हो गया है।

बता दें 2025 में कनाडा में आम चुनाव हैं जिसके चलते एकविशेष वर्ग के वोटो पर पकड़ रखने का यह रणनीतिक दांव भी हो सकता है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु यह निश्चित लग रहा है कि भारत कनाडा के बिगड़ते संबंधों को ठीक होने में काफी लगभग लग सकता है, जिसका दुष्परिणाम दोनों देशों केनागरिकों सहित अनेक क्षेत्रों में पढ़ सकता है। परंतु पेंटागंन के एक पूर्व अधिकारी द्वारा विवाद बढ़ने पर अमेरिका का रुख भारत के साथ आने के बयान से हमारी बाशें खिल उठी है, इसमें हम अपनी प्रतिष्ठा और रुतबा देख रहे हैं। चूंकि भारत-कनाडा संबंध काफी बिगड़ से जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका को भारत-कनाडा में चुनना पड़ा तो भारत को चुनेगा, पेटांगन के पूर्व अधिकारी के बयान से भारत का रुतबा दिखा।

साथियों बात अगर हम 23 सितंबर 2023 को पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी के बयान की करें तो, अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञ बोले, अमेरिका, भारत का साथ देगा, माइकल रुबिन ने बड़ाबयान देते हुए कहा कि अमेरिका उस स्थिति में नहीं आना चाहता कि उसे दो दोस्तों में से किसी एक को चुनना पड़े, लेकिन अगर ऐसा होता है तो हम भारत को चुनेंगे क्योंकि निज्जर एक आतंकवादी था और भारत, अमेरिका के लिए अहम भी है। हमारे संबंध महत्वपूर्ण हैं। जस्टिन ट्रूडो लंबे समय तक कनाडा के पीएम नहीं रहेंगे और ऐसे में उनके जाने के बाद हम फिर से संबंध मजबूत कर सकते हैं। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो ने भारत कनाडा विवाद पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि कनाडा के सहयोगी देश उनकी थ्योरी से सहमत हैं। जब जमाल खाशोगी की इंस्तांबुल में हत्या हुई थी तो उस वक्त तुर्किए ने कई अहम सबूत दिए थे, जिसके चलते सऊदी अरब की दुनियाभर में आलोचना हुई थी। लेकिन यहां बिना सोचे समझे आरोप लगा रहे हैं और वह अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर सके हैं।

जब वे कहते हैं कि उनपर विश्वास कीजिए तो लगता है कोई भी उन पर विश्वास नहीं करता। यह सबकुछ चुनाव प्रचार के लिए हो सकता है, जिसमें उनकी हारने की संभावना दिख रही है। यही वजह है कि अमेरिका समेत फाइव आइज देश इस मुद्दे पर कनाडा का साथ नहीं दे रहे हैं। अब बात इसकी कि यह मुद्दा कितना लंबा खिंच सकता है, इस पर भी जानकारों की राय बंटी हुई है। अमेरिका के पूर्व रक्षा अधिकारी उन्होंने कहा है,अगर कनाडा इस मुद्दे पर विवाद करना चाहता है, तो यह किसी चींटी के हाथी से लड़ाई करने जैसा है। भारत रणनीतिक रूप से कनाडा से कहीं ज्यादा अहम है। इसे पश्चिम से आया सबसे मुखर बयान कह सकते हैं, क्योंकि इससे पहले वाशिंगटन में विल्सन सेंटर थिंकटैंक में साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक ने कहा था, मेरा मानना है कि यह हम सबके लिए सबक है कि भारत के पश्चिमी साझेदारों के साथ घनिष्ठ संबंधों में कुछ भी अलंघनीय नहीं है। यह एक चेतावनी है कि हां, भारत एक गुट-निरपेक्ष देश है, यह ग्लोबल साउथ के साथ अपने रिश्तों को तवज्जो देता है, यकीनन भारत के लिए पश्चिम के साथ संबंध अहम हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि इन संबंधों में किसी बड़े संकट की आशंका नहीं है, उन्होंने कहा कि खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाकर कनाडा के पीएम ने बड़ी गलती कर दी है। यहां तक कि कनाडा के सहयोगी फाइव आइज (यूएस, यूके, न्यूजीलैंड अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया) देशों से भी कनाडा को वह समर्थन नहीं मिला, जिसकी वह उम्मीद कर रहे थे।

वस्तुस्थिति आज तो यह है कि अधिकांश देश भारत—कनाडा विवाद पर चुप्पी साधे हैं। पेंटागन के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कनाडा पीएम की तीखी आलोचना करते हुए साफ कहा कि उन्होंने बिना सोचे भारत पर आरोप मड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि निज्जर कोई प्लंबर नहीं था। निज्जर वैसा ही प्लंबर था, ओसामा बिन लादेन कंस्ट्रक्शन इंजीनियर था। उन्होंने कहा कि कनाडा के पीएम को यह समझना होगा कि आतंकवादियों का साथ देकर वह अपने ही देश के लिए मुश्किल खड़ी करने जा रहे हैं। निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाकर कनाडा के पीएम फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल वे अपने आरोपों के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं कर पाए हैं, वहीं भारत ने जिस तरह से कनाडा के आरोपों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है, उससे खुद कनाडा के पीएम भी हैरान होंगे। कनाडा के सहयोगी फाइव आइज देशों से भी अब उन्हें समर्थन नहीं मिल रहा है। अब अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने जस्टिन ट्रूडो की तीखी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि ट्रूडो बिना सोचे समझे भारत पर आरोप लगा रहे हैं और इसमें वह फंस गए हैं।

साथियों अगर हम इस मामले पर कुछ विशेषज्ञों की राय की करें तो, कनाडा फाइव आइज इंटेलिजेंस गठबंधन का भी सदस्य है। ये पांचों देश फाइव आइज़ पैक्ट के तहत एक दूसरे से खुफिया जानकारियां शेयर करते हैं। इसलिए अमेरिका के अलावा ये देश भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, ब्रिटेन ने भी साफ कहा कि वो कनाडा की इस जांच का समर्थन करता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भी कहा कि भारत के खिलाफ लगे आरोप काफी गंभीर हैं ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए और ऑस्ट्रेलिया ने भारत के उच्च अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर बात भी की है। इस विवाद पर दुनिया भर की नजर है. क्योंकि कनाडा नाटोऔर जी-7 का भी सदस्य है। अमेरिका ने कनाडा के आरोपों पर कहा कि वो देश की परवाह किये बिना बुनियादी सिद्धांतों की रक्षा करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि इस मामले में अमेरिका, भारत को कोई विशेष छूट नहीं देगा, इस मामले में अमेरिका, उच्च स्तर पर दोनों देशों के संपर्क में है। 21 सितंबर को वॉइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, जैसे ही हमने कनाडा के पीएम के आरोपों के बारे में सुना, हमने सार्वजनिक रूप से इस मुद्दे पर चिंता जताई, जो कुछ हुआ उसकी सच्चाई जानने के लिए हम कानूनी प्रक्रिया का समर्थन करते हैं। दोनों देशों के बीच तनाव के बीच उन्होंने 21 सितंबर को आरोपों को दोहराया और कहा कि भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए. ट्रूडो ने न्यूयॉर्क में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, जैसा मैंने पहले भी कहा था, हमारे पास ऐसा मानने की वजह है कि भारत सरकार के एजेंट्स ने कनाडा में एक नागरिक को मारा है। ये हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ा मुद्दा है। हम कानून से चलने वाले देश हैं। हम एक ऐसे दौर में हैं जहां दुनिया में चल रहीव्यवस्था जरूरी होती है. हमारे पास एक स्वतंत्र न्याय व्यवस्था है। हम चाहते हैं कि भारत सरकार हमसे बात करे ताकि हम इस मसले की सच्चाई तक पहुंच सकें। एक भूरणनीति का विश्लेषण है कि ट्रूडो के बयान की वजह से भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी भरपाई में लंबा वक्त लगेगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का सांसद ने किया शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

वाल्मीकि समाज के युवाओं द्वारा जनपद के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आईपीएल की तर्ज पर 28 दिनों तक चलने वाला टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का शुभारंभ सांसद बृजभूषण शरण सिंह और जिले के सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व तथागत बुद्ध जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके किया।

इस अवसर पर सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय के दौरान उ का उत्साहबर्धन किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आईपीएल की तरह उत्सव का माहौल है, पूरे दिन ढोल बाजे के साथ अपनी अपनी टीमो का उत्साह बढ़ाने के लिए दर्शकों, समर्थकों का गजब का उत्साह देखने को मिला। शुभारंभ के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर मे ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है। खेल शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए आवश्यक है। बृजभूषण शरण सिंह यहां भी अपने अंदाज में बोल गए कि हम क्रिकेट खेलते हैं, कबड्डी और कुश्ती खेलते हैं, जरूरत पड़ने पर हम मारपीट भी करते हैं। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर आयोजक पवन चौधरी, रमेश चौधरी,हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत सहित हजारो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



- 28 जिलों की 48 टीमें ले रही हैं भाग, पहले दिन तीन टीमों का हुआ मैच
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 28 दिनों तक रहेगा क्रिकेट उत्सव

### राज्य स्तरीय एथलीट में चयन होने पर खुशी का माहौल



**हैदरगढ़।** लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीजापुर से एक युवती का चयन होने पर ग्राम वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बीजापुर से स्वर्गीय भवानी प्रसाद पाठक की पौत्री एवं युवा भाजपा नेता एडवोकेट गोविंद पाठक की सुपुत्री राजश्री पाठक का चयन राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में हो गया है। इस प्रतियोगिता की तैयारी गोविंद पाठक की पुत्री राजश्री पाठक पिछले कई वर्षो से लगातार कर रही थी जिसमें उन्हें सफलता प्राप्त हुई। उनकी ही सफलता से पूरे पाठक परिवार एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य मेले का किया उद्घाटन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



सीएचसी निघासन में आयोजित आयुष्मान भव- मेले का केंद्रीय गृह राज्य मंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि आयुष्मान भव- अभियान का पूरे देश में भव्य शुभारंभ हुआ है। इस अभियान के अंतर्गत देश की बड़ी आबादी को सरकार की मनसा के अनुरूप सरकारी योजनाओं का एक छत के नीचे लाभ मिलेगा। आयुष्मान भव- मेला प्रधानमंत्री जी की आम जनमानस को सेवा देने की सोंच को दर्शाता हैं। वहीं भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा रहा है। आज ग्रामीण स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चलाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। लाभार्थियों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा है।

मेले को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप एक छत के नीचे स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यक्रम और योजनाओं से लोगों को लाभावित किया जा रहा है। इस मेले के अंतर्गत लोगों को स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान और अंगदान के बारे में भी जागरूक किया गया। वहीं मेले में चिकित्सकों द्वारा आने वाले मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की जा रहीं हैं। इस दौरान उनके साथ सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, अधीक्षक सीएचसी निघासन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अचिन मेहरोत्रा ने सुनी मन की बात कार्यक्रम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 105वें एपिसोड के तहत मन की बात कार्यक्रम को निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र पंचमपुरवा की बूथ संख्या 292 पर सुना। इस दौरान प्रमुख रूप से बूथ अध्यक्ष सरोज सिंह, भाजपा कार्यकर्ता अंबुज पांडे जय प्रकाश पाण्डेय सूरज पांडेय शिवम शुक्ला भरत शुक्ला उमेश सिंह उमाशंकर पांडेय नवदीप सिंहअमित सिंह हिमांशू शुक्ला राहुल तिवारी रामनरेश श्रीवास्तव सीतलाबकश चौहान शिवा श्रीवास्तव निखिल श्रीवास्तव विशाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### बिजली चेकिंग में घर-घर दी गई नोटिस

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विभाग के आदेशानुसार बकाया वसूली व चोरी को रोकने के उददेश से रविवार को सुबह 7 बजे से ही जैदपुर उपकेंद्र के एस डी ओ, जेई सहित कर्मचारियों गठित टीम कस्बे के तमाम मोहल्ले में घर घर जाकर किसी को नोटिस दी तो किसी का कनेक्शन काट जल्द से जल्द बकाया जमा करने की चेतावनी भी दी गयी। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर में बकाया वसूली को लेकर आदेशानुसार सुबह सात बजे से उपकेंद के एस डी ओ प्रहलाद सिंह, जेई शमसुल तला, सुरेंद्र वसी अहमद, फुरकान इरशाद अंसारी आदि की गठित टीम ने मोहल्ला शाहकटरा रईस कटरा, गढीकदीम सहित कई अंय मोहल्ले में घर घर जाकर बकाया वसूली के तहत लगभग 15 कनेक्शन काट नोटिस भी दी है वहीं ब्रहम्नान में कई कनेक्शन काट दिया गया। इस संबंध में ऐस डी ओ व जेई बताया कि तगातार बकाया वसूली के लिए हम लोग लगे हैं वहीं बिजली चोरों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी रही है।

### 2024 में इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार-गोप



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** 24 में इंण्डिया गठबंधन की सरकार बनेगी भाजपा का सूपडा साफ हो जाएगा। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने नव नियुक्त प्रदेश सचिवों का नोमानी प्रतिष्ठान पर फूल माला पहनाकर स्वागत के पश्चात कही है।रविवार को रसूलपुर गांव के पास नोमानी के प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश सचिव मौलाना असलम काशमी एवं हफीज भारती का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत समारोह पूर्वक किया गया।इस अवसर पर रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश कुमार यादव राजू पूर्व विधायक सरवर अली पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, रवि वर्मा,असीम श्रीवास्तव,इन्तिखाब आलम नोमानी आदि ने हफीज भारती, मौलाना असलम, लल्लन वर्मा विजय कुमार यादव का समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष इन्तिखाब आलम नोमानी के प्रतिष्ठान पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा है कि 24 के चुनाव को लेकर भाजपा घबडायी हुयी है। केन्द्र व प्रदेश सरकार के हवा हवाई कार्यक्रम फुस हो चुके हैं । आम जनमानस मंहगाई बेरोज़गारी से त्रस्त है युवा रोजगार मांग रहा है । जनता मंहगाई कम करने की बात कर रही है। 24 के लोक सभा चुनाव में इंण्डिया गठबंधन की सरकार बनेगी । भाजपा का सफाया होना निश्चित है।इस मौके पर मो0 सबाह अब्दुल अहद एडवोकेट वी के सिंह, मनमोहन सिंह, शिवकुमार यादव, महेश कुमार मो0अकरम अंसारी प्रधान अजीत कुमार यादव हाजीमुस्ताक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बोल बम के जयघोषों के साथ कांवरियों ने किया डलमऊ कूच

- अनंत चौदस 28 सितंबर को करेंगे बाबा औसानेश्वर का जलाभिषेक
- निकली शोभा यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



हर-हर महादेव व बोल बम का जयकारों के बीच आज सैकड़ों कांवरियों ने अगड़बम कांवरिया संघ की अगुवाई में गंगाजल लाने के लिए डलमऊ के लिए कूच कर दिया। इस दौरान भगवा रंग की पोशाकों में रंग-बिरंगी कांवरों को कांधे पर धरे कांवरियों का शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कांवरिये 28 को श्री औसानेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे।

रामेश्वरम शिवाला से निकले कांवरियों का मुख्य बाजार व चौराहे से नहर तिपुला तक लोग स्वागत करते रहे। कांवरिया संघ संयोजक राजू भैया ने बताया कि डलमऊ में 24 की रात्रि विश्राम करने के बाद 25 की सुबह से कांवरिये अपनी कांवर की पूजा करेंगे और फिर गंगाजल भरकर कांवर कांधे पर उठाकर बाबा औसानेश्वर धाम के लिए कूच कर जायेंगे और 28 सितंबर को अनंत चौदस के दिन श्रद्धा के साथ कांवरिये बाबा जी का जलाभिषेक करेंगे।

कांवर लेकर जाने वालों में प्रमुख रूप से सोमनाथ शर्मा, रामसरन, सरवन वैश्य, शुभम तिवारी, डब्बू अवस्थी, हरगोविंद शुक्ला, राहुल, चंद्रकांत, रोहित मिश्रा, रामचन्द्र रावत, महेश अग्रवाल, महेश वैश्य, रामू वैश्य, अनिल कुमार, पप्पू, कल्लू पंडित, विष्णू शुक्ला, शिव कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### कांवरियों का जमकर हुआ स्वागत

रामेश्वरम शिवाला मंदिर से निकले कांवरियों का रास्ते भर जमकर स्वागत हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री बैजनाथ रावत , नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी भाजपा अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू, उद्योग व्यापार मंडल के जनार्दन शुक्ला ,योगेश द्विवेदी, विपिन सोनी , भाजपा नेता वेद प्रकाश बाजपेई, मोहित मिश्रा ,प्रधान नीरज सिंह ,सुधीर अवस्थी, पिंटू सिंह, दीपू तिवारी , मोनू तिवारी, सूरज दीक्षित,अंकित कुमार, उत्तम तिवारी,सभासद शिव वर्मा, अमित शुक्ला, सत्यम द्विवेदी,हरि राम वैश्य, अशोक कुमार, सन्तोष श्रीवास्तव आदि ने कांवरियो पर जहां फूल बरसाये। वहीं मालाओं से मालामाल कर दिया। जबकि इस दौरान बोल बम का नारा है भोले तेरा सहारा है, औसानेश्वर बाबा की जय, गंगा मइया की जय व हर-हर महादेव के जयघोषों से नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। जाहिर था कि कांवरियों के स्वागत में हैदरगढ़ की गंगा जमुनी संस्कृति एक बार फिर नजर आई।

## सेना में चयन होने पर दी बधाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के दादूपुर ग्राम स्थित सोल्जर अकादमी के प्रबंधक द्वारा अपने छात्र को सेना में चयन होने पर माला पहनाकर बधाई दी है। शोल्जर एकेडमी दांदुपुर द्वारा क्षेत्र के अब तक 30 से अधिक युवाओं का चयन देश की सेना, व अन्य सरकारी विभागो मे हुआ चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओसानेश्वर महादेव मंदिर के निकट स्थित दांदूपुर गांव मे शोल्जर एकेडमी की स्थापना एक साल पूर्व शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई थी। बीते एक साल मे 30 से अधिक युवाओं का चयन देश के विभिन्न विभागों मे हो चुका है. उसी क्रम मे रविवार को गौतौना निवासी अजीत बहादुर सिंह, सालपुर के आकाश सिंह, जरौली के विष्णु ओझा को एकेडमी के प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने सेना मे चयन होने पर सम्मानित किया. प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया शोल्जर एकेडमी ग्रामीण अंचल के युवाओं को देश की विभिन्न विभागों मे चयन करवाने के लिए तैयार करने का काम अनवरत कर रही है इससे युवाओं को एक नई दिशा मिल रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से आदर्श अवस्थी (सोनू) अनुपम अवस्थी, अमर बहादुर सिंह, आदित्य मिश्रा, प्रेम पाठक, सूरज आदि मौजूद रहे।



### गोमती मां की आरती में श्रद्धालुओं ने लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विश्व नदी दिवस के अवसर पर आज अवसानेस्वर महादेव मंदिर स्थित आदि गंगा गोमती मां के तट पर दिव्य आरती का भव्य आयोजन किया गया। दिव्य आरती में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सुप्रसिद्ध औशानेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी आरती आयाम प्रमुख अनुराग बाजपेई ने बताया कि विश्व नदी दिवस के अवसर पर नमामि गंगे परियोजना की तर्ज पर आदि गंगा गोमती तट पर पूर्ण रूप से साफ सफाई करके शाम 6-00 बजे भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लॉक प्रमुख त्रिवेदीगंज वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह शक्ति सिंह शिवकुमार चतुर्वेदी लाला लक्ष्मी नारायण साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ प्रतिनिधि पंकज दीक्षित राहुल दीक्षित राहुल चौहान महादेव पाठक युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक प्रधान गौरव सिंह प्रधान आसाराम वर्मा पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित पप्पू दीक्षित मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू भैया पूर्व प्रधान लाही कुसमेश मिश्रा प्रधान दादूपुर पंकज सिंह बाबा रामानुज चौरसिया सहित क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### स्वास्थ्य मेले का मरीजों ने उठाया लाभ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** आयुष्मान भव साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौलीगौसपुर में डाक्टर सन्तोष सिंह के संयोजन एंव नोडल अधिकारी डाक्टर एम के गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ । जिसमे करीब 35 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवायें दी गई।

रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौलीगौसपुर भवन में आयुष्मान भवः साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले में आये हुए मरीजो को डाक्टर एम के गुप्ता,डाक्टर देवेन्द्र सिंह ने स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवायें दी।इस मौके पर अमित दुआ चीफ फार्मासिस्ट अभय सिंह, चन्द्रेश वर्मा आदित्य अवस्थी राजेश प्रसाद कुशवाहा जोगिन्दर कुमार मौर्य एल टी प्रमोद कुमार अनूप कुमार जायसवाल आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## भारत क्लीनिक का समाजसेवी ने किया शुभारंभ

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा जैदपुर स्थित बुनकर कालोनी मे भारत क्लिनिक का शुभारंभ आज व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष,जैदपुर हीरो शोरूम के प्रोपराइटर समाजसेवी मोहम्मद सालिम द्वारा फीता काटकर किया गया।उद्घाटन के बाद डॉ मोहम्मद रूमान द्वारा लगभग एक सैकड़ा मरीजो की जांच कर निःशुल्क दवा दी गयी।इस मौके मोहम्मद सालिम ने कहाकि हमारे कस्बे मे भारत क्लिनिक का शुभारंभ होने से मरीजो को एमबीबीएस डॉक्टर को दिखाने के लिए नही जाना पड़ेगा। उन्होने कहा कि जैदपुर में मेडिकल की आधुनिक सुविधाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और समाज के सभी लोगों तक स्वास्थ्य की सुगम सुविधा के लिए भारत क्लीनिक मील का पत्थर साबित होगी, क्षेत्रवासियों को सस्ता और आसान इलाज भी मिलेगा।वही डॉक्टर मोहम्मद रूमान ने बताया कि उनका मकसद क्षेत्र के लोगो को अच्छा और सस्ता इलाज देने का है।

क्योकि ग्रामीण क्षेत्रो मे अभी भी डाक्टरो की कम उपलब्धता के चलते लोगो को दिखाने के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। जिसमे उनका पैसे और समय दोनो ज्यादा लगता है। उन्होने बताया कि उनके द्वारा भारत क्लिनिक पर सामान्य बीमारियो के अलावा पेट से सम्बन्धित सभी रोग, बच्चो की बीमारी, चर्म रोग, दिल की बीमारी सहित सभी रोगो का इलाज किया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रतिदिन वह शाम 6 बजे से 9 बजे तक मरीजो को देखेगे।

इस अवसर पर हाजी जालालुद्दीन, डा. मो. शादाब, सभासद निजामू, असलम खान, हाजी ताज, अकरम खान, हकीमुद्दीन अंसारी, नायाब, अब्दुल्लाह, मो. मुशीर, मो. रफी, गाजी हसन,रईस सहित क्लिनिक का स्टाप मौजूद था।

# शिक्षकों ने समुदाय संग मिलकर बदली संविलियन सरसवा की रंगत, बना दिया बेमिसाल

**शिक्षकों का सामूहिक प्रयास बना मिसाल, मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



खीरी में परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर पूरी तरह से बदलने लगी है। जिले के प्राथमिक विद्यालय अब कान्वेंट स्कूलों को टक्कर देने लगे हैं। स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी से लेकर शानदार बुनियादी ढांचा प्राथमिक स्कूलों के आधुनिक होने दिशा में बढ़ते कदम हैं। प्रयासों का ही नतीजा है कि छात्रों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है

खीरी जिले में परिषदीय विद्यालयों को आम से खास बनाने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अभिनव पहल ÷बेस्ट स्कूल आफ द वीक÷ मुहिम शुरू की, जिसके तहत लगातार नए प्रयोगों से अपना लोहा मनवाने वाले ब्लॉक धौरहरा के संविलियन विद्यालय सरसवा को अब उसकी खूबियों के लिए डीएम की अनूठी पहल ÷बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक÷ के लिए चयनित किया। स्कूल भवन के आकर्षण कक्ष, यूनिफार्म में पढ़ते नौनिहालो में शिष्टाचार, साफ सफाई के साथ विद्यालय परिसर में फूलबाड़ी सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है। कंपोजिट विद्यालय सरसवा का नामांकन 256 है। और यहाँ शिव बचन राम मौर्य प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल है। नीरज त्रिपाठी सहायक अध्यापक एवं एआरपी, आनंद कुमार गुप्ता व शिखा श्रीवास्तव सहायक अध्यापक, सविता वर्मा शिक्षामित्र के पद पर अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन कर रही है।विद्यालय का भौतिक और शैक्षिक परिवेश बहुत मनमोहक और आकर्षक है। सभी कक्षाओं में टाइल्स फर्नीचर पंखे आदि की अच्छी व्यवस्था है। वाल पेंटिंग, पुस्तकालय, टीएलएम का अच्छा उपयोग किया जाता है। स्वच्छ शौचालय, पीने के लिए आरओ का पानी की भी व्यवस्था है।

### समुदाय सहयोग ने बदली विद्यालय की सूरत

प्रधानाध्यापक शिव बचन राम मौर्य बताते हैं कि विद्यालय प्रगति में एसएमसी व अभिभावकों का अभूतपूर्व सहयोग है। उपस्थिति और नामांकन में एसएमसी का बहुत अधिक योगदान रहता है। समुदाय से संपर्क के लिए वह स्वयं एवं एआरपी नीरज त्रिपाठी कटिबद्ध है। शिक्षक/एआरपी नीरज त्रिपाठी विद्यालय को जल्द से जल्द निपुण बनाने के लिए जी जान से लगे है। विद्यालय को इस तरह विकसित करने में लगे है कि अन्य विद्यालय प्रेरणा ले सकें। समय-समय पर बच्चों को पुरस्कृत करके प्रोत्साहित भी करते रहते हैं।

### व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रमों की भरमार

विद्यालय को बाला कांसेप्ट पर विकसित करने का प्रयास किया गया, जिससे बच्चे विद्यालय की दीवारों पर बनी कलाकृतियों से सीख सके। प्रतिदिन बच्चों को नैतिक मूल्य व साफ सफाई के बारे में बताकर उनके चरित्र, व्यक्तित्व विकास का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षक एक टीम के रूप में चाहते है कि उनके छात्रों को भी वो सब मिले जो वे अपने खुद के बच्चों को देना चाहते बेहतर भवन, खेल-सामग्री, रुचिकर पुस्तकें एक सहानुभूति भरा वातावरण, उज्जवल भविष्य। यह सब करने के लिए इच्छा शक्ति चाहिए। इनका प्रयास है कि ये सभी अपना संकल्प पूरा करे। अपने छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें।

## आयुष्मान कार्ड पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड वितरण समारोह मैं मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने पत्रों को कार्ड वितरित किए आयुष्मान कार्ड प्राप्त करके पात्रों के चेहरे खिल उठे।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मंत्री एवं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड बहुत लाभप्रद है इस कार्ड के द्वारा बड़े से बड़े अस्पताल में पांच लाख तक का इलाज निशुल्क कराया जा सकता है उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी आज नौ लोगों को आयुष्मान कार्ड निशुल्क वितरण किए गए जिसमें मोहम्मद इसरार। रमेश चंद्र त्रिवेदी। रामखेलावन। संजय। जावरुन। छुटक्के । आजाद इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता सुशील त्रिवेदी मनोज गुप्ता आज तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा डॉ सुशील शुक्ला डॉक्टर मोहित वीर सिंह डॉक्टर आलोक सिंह डॉक्टर नमरा फार्मासिस्ट अमित श्रीवास्तव आदि तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

### विनोद शंकर अवस्थी ने किया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सीएससी खमरिया में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा किया गया। भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर कर रही है। जिसका बड़ा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। 5 लाख तक का निशुल्क उपचार आज के कोने के कोने में लाभार्थी उठा सकते हैं। इस अवसर पर डॉ मुनीष कुमार वर्मा, डॉ आरबी गुप्ता, फार्मासिस्ट अनिल कुमार, डेंटल हाइजीनिस्ट मो. जुनैद, एल टी सिम्मी, एलटी अखिलेश कुमार व बीएम सुभाष पाल, बीसीपीएम कमल किशोर राव व ट्रेनी फार्मासिस्ट और हॉस्पिटल का अन्य समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# विधायक ने लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड

**मछरेहटा, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान भव- मेले का शुभारंभ फीता काट कर मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने किया जिसमें पात्र लाभार्थियों को 27 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

रामकृष्ण भार्गव ने कहा कि मोदी योगी सरकार ने गरीबों के इलाज के लिए इस योजना को चलाया गया जिससे गरीब व्यक्ति भी अपना इलाज निशुल्क करवा सके इसके साथ ही गरीब मरीजों को सस्ती दर पर दवाओं के लिए जन औषधि केन्द्र भी खोला जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार ने बताया कि कुल कार्ड बनाए गए थे जिसमें 27 कार्ड विधायक के द्वारा वितरित किए गए मछरेहटा ब्लाक में कुल एक लाख बीस हजार कार्ड बनने थे जिसमें अड़तीस हजार कार्ड बन चुके है जो पात्र लाभार्थी है उनके आयुष्मान कार्ड सरकारी अस्पताल व प्रत्येक ग्रामपंचायत में पंचायत सहायक के द्वारा बनवा सकते है।

इस कार्यक्रम में डॉ अजीत सिंह, डा. ध्रुव लहरी, फार्मासिस्ट, अनिल कुमार, काजी इरशाद, रमेश गुप्ता, प्रभात दीक्षित, शम्भू दयाल, पवन सेठ आदि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह सम्पन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज का 25वां स्थापना दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करते हुए शंख की मधुर ध्वनि में भगवान की वंदना पढ़ी गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत 1008 स्वामी वीरेंद्रनंद पुरी महाराज तथा विशिष्ट अतिथि में राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक पंडित राम प्रसाद अवस्थी संरक्षक त्रिभुवन लाल शुक्ला अनिल मिश्रा सुरेंद्र नाथ अग्निहोत्री पीयूष कांत मिश्रा श्रवण बाजपेई संजय शर्मा शिव शंकर दयाल तिवारी उपस्थित रहे।

सभी राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी का सम्मान अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने किया कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर केडी जोशी डॉ पंकज अवस्थी डॉ प्रदीप पांडे डॉ यू सी दीक्षित डॉ अंकित अवस्थी तथा डॉक्टर रिमझिम मिश्रा का सम्मान किया गया तथा शिक्षकों की श्रेणी में स्वामी दयाल मिश्र सुशील पांडे ज्ञानवती दीक्षित अमित तिवारी वंदना तिवारी श्रवण अवस्थी संजय मिश्रा योगेंद्र पांडे विभा मिश्रा कुलदीप बाजपेई का सम्मान भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर किया गया शहर के प्रबुद्ध वर्ग में अरुणेश मिश्रा रजनीश मिश्रा अशोक अवस्थी प्रमोद मिश्रा सरल मिश्र विजय कुमार अवस्थी विमल मोहन मिश्रा व अभिषेक त्रिपाठी नायब तहसीलदार को सम्मानित किया गया तथा नगर पालिका परिषद में सभासद धीरज पांडे अनूप बाजपेई शशि देवी शुक्ला व प्रियंका दीक्षित को सम्मानित किया गया साथ ही मीडिया कर्मी गोल्डी शुक्ला राजेश मिश्रा लक्ष्मीकांत वाजपेई वीरेंद्र तिवारी आनंद तिवारी को सम्मानित किया गया अधिवक्ता वर्ग में विश्वनाथ दीक्षित अशोक शुक्ला प्रमोद शुक्ला सुरेश प्रसाद पांडे राहुल पांडे को सम्मानित किया गया साथ ही हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू का सम्मान भी किया गया सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में एकजुटता का संदेश दिया।



### गणपति महोत्सव में हुआ कला प्रतियोगिता का आयोजन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** पंजाबी धर्मशाला आर्य नगर में कला प्रतियोगिता का आयोजन गणेश महोत्सव आर्य नगर के राजा की कमेटी के द्वारा करवाया गया जिसमें बच्चों को पेंसिल रबर कटर कलर पेंसिल बॉक्स फ्रूटी गुब्बारा कैंडी फ्लावर चॉकलेट सभी बच्चों को वितरित किए गए और प्रथम स्थान पाने वालों को 100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में गणेश महोत्सव आर्य नगर के राजा की कमेटी के सदस्य राजीव गुप्ता, अनूप बाजपेई (बब्बू) सभासद ,अनूप टंडन ,रवि काश गुप्ता बिल्ले कोहली तरुण कोहली दीपक महेंद्र गौरव टंडन मोहित कपूर महेश अग्रवाल संजू लाला आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

# सांसद, विधायक व साधु संतों की मौजूदगी में संपन्न हुआ अयोध्या की रामलीला का भूमि पूजन

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



रविवार को अयोध्या की रामलीला का भूमि पूजन कार्यक्रम नयाघाट स्थित राम कथा पार्क में विधि विधान के साथ संपन्न हो गया।इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह,नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता,जगत गुरु स्वामी रामदिनेशाआचार्य,महंत जनार्दन दास,अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक, संरक्षक पवन वत्स,महासचिव शुभम मलिक व उपाध्यक्ष मनोज सहरावत मौजूद थे।इन सभी अतिथियों ने अयोध्या की रामलीला का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया तथा कमेटी पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए आशीर्वाद दिया।इस मौके पर सांसद श्री सिंह व विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि मेरे लिए यह खुशी और सौभाग्य की बात है जो मुझे हर साल अयोध्या की रामलीला के भूमि पूजन कार्यक्रम मे शामिल होने का अवसर मिल जाता है।इस साल उस अयोध्या की रामलीला का चौथा संस्करण हैं जिससे पूरे विश्व मे भगवान राम का सन्देश जाता हैं।अध्यक्ष श्री मलिक ने बताया कि अयोध्या की रामलीला में इस बार बॉलीवुड टीवी के जो कलाकार काम कर रहे हैं उनमें मशहूर अभिनेत्री पूनम ढिल्लों (मां शबरी)गजिंदर चौहान (राजा जनक )रजा मुराद (अहिरावण)राकेश बेदी (विभीषण)गिरिजा शंकर(रावण) अनिल धवन (इंद्रदेव) रवि किशन (केवट) वरून सागर (हनुमान जी) सुनील पाल (नारद मुनि), राहुल भूचर(श्री राम), लिलि सिंह (मां सीता) जिया मंघिशा अमिता नागिया(मंदोदरी) शिबा, पायल सिंह गोगा, प्रतिभा ऋतू शिवपुरी (कौशल्या) भाग्यश्री (वेदमती) शिवा (कुम्भकरण), बनवारी लाल झोल (परशुराम ), मनोज बक्शी(राजा दशरथ), गुलशन पाण्डेय, अवतार गिल, रूबी चौहान (मेघनाथ) और हरियाणा की प्रख्यात अभिनेत्री ममता सिंह कैकेई का किरदार निभा रही हैं जबकि प्रतिभा और वेद सागर (भरत) के अलावा कई अन्य कलाकार काम कर रहे हैं। बताया गया कि इस साल आगामी 14 से 24 अक्टूबर तक शाम सात से रात दस बजे तक राम कथा पार्क से,सजीव प्रसारण दूरदर्शन पर सेटेलाइट चैनल्स द्वारा टीवी पर तथा अयोध्या की रामलीला के अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव दिखाया जायेगा। अयोध्या की रामलीला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह तथा नगर निगम के सहयोग से आयोजित होती है जिसके लिए हम इनका धन्यवाद करते हैं।इस दौरान अध्यक्ष सुभाष मलिक, महासचिव शुभम मलिक, संरक्षक पवन वत्स, वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल, प्रदीप अग्रवाल, करण शर्मा,रवि भारती, वाईस प्रेजिडेंट योगानंद बाबू मिश्रा, देवेन्द्र शर्मा, विनोद कुमार, सीता राम, अनुज अग्रवाल, दीपक भागचंदानी, गुलशन शर्मा, आदित्य अग्रवाल,जतिन मलिक,पीयूष वत्स व आयुष वत्स मौजूद थे।

# दलित विरोधी है भाजपा सरकार: प्रभात गौतम

- आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में आगामी 28 सितम्बर को जिले से शुरु होगी संविधान बचाओ यात्रा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**आजाद** समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में जिले के ग्राम गुटयाखेरे मे एक जाति तोडो समाज जोडो जनसभा का आयोजित हुई। जनसभा में आगामी 28 सितम्बर को संविधान बचाओ यात्रा निकाले जाने को लेकर भारी संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

जनसभा को सम्बोधित करते हुएं मण्डल उपाध्यक्ष छविराम जाटव ने कहा कि एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद समस्त बहुजनों की आवाज उठा रहे और शोषित पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य कर रहे है। उन्होने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद पूरे भारत में संविधान बचाओ यात्रा कर रहे हैं। उन्होने लोगों से आवाह्न किया कि लोकसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी का सपोर्ट करें। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरे जिले बैठक एवं जनसभा के माध्यम से लोंगों को पार्टी की नीतियों और रीतियों से अवगत कराते हुए बहुजन समाज को जोडने का कार्य जिले में किया जा रहा है और जन-जन तक चन्द्रशेखर आजाद के संघर्षों को लोगो तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि 28 सितम्बर से संविधान बचाओ यात्रा कन्नौज जिले में शुरू होने जा रही। श्री गौतम ने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग यात्रा मे शामिल हों। कहा कि जीवन के अन्तिम समय तक संविधान की रक्षा करेगें। उन्होने कहा कि आप सभी लोग लोकसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी को मजबूत करें जिससे दलित विरोधी बीजेपी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंक सकें। इस मौके पर जिला प्रभारी पवन गौतम, जिला महासचिव बंटू कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश कबीर, मीडिया प्रभारी ओमनरायण धानुक, अजय प्रधान, विधानसभा सचिव रजनीकांत, विजय, आकाश, प्रियंका, शिवानी, अंशिका, रामकुमार, रामसिंह, आदि मौजूद रहे।

# मजलिसों में एहलेबैत के चाहने वालों की पहचान होती है: मौलाना अबूज़र

- 11वें इमाम हसन असकरी के ताबूत की जियारत बरामद हुई
- दरगाह मौला अब्बास पर हुआ मजलिसों का समापन

इटावा। समृद्धि न्यूज

**मोहर्रम** और चेहलुम के बाद आज मजलिसों का सिलसिला सम्पन्न हो गया, दरगाह मौला अब्बास महेरे पर स्व. विरासत फ़ातिमा द्वारा स्थापित अलविदाई मजलिस का आयोजन निगहत जाफ़री की ओर से किया गया जिसमें 11वें इमाम हसन असकरी अस. की शहादत पर ताबूत की जियारत बरामद की गई।

मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अबूज़र अब्बास खान जौनपुरी ने कहा मौला अली ने 83 जंग लड़ीं और एक हजार लोगों को कत्ल किया। अली की तलवार उसी पर चली जिसकी सात पुश्तों में कोई मोमिन नहीं थी। मजलिसों में एहलेबैत के चाहने वालों की पहचान होती है। ग्यारहवें इमाम हसन असकरी को कैदखाने में नजरबंद रखा और जहर देकर शहीद कर दिया गया। उस वक्त इमाम मेंहदी 5 साल के थे। इमाम मेंहदी अपने वालिद की शहादत के बाद से पर्दे गैब में हैं। इमाम हसन असकरी के जनाजे में काफी भीड़ थी लेकिन कर्बला में इमाम हुसैन और उनके घराने की लाशें तपती जमीन पर पड़ी रहीं।मजलिस के दौरान इमाम हसन असकरी के ताबूत की जियारत बरामद हुई, ताबूत को मातमी नोहाख्वानी के साथ मस्जिद से दरगाह लाया गया। जहां मर्दों व महिलाओं ने ताबूत की जियारत की। मजलिस में सोजख़्वानी तसलीम रज़ा, सलीम रज़ा ने की, कलाम ताहा, शाजी अलीगढ़, सलमान रिज़्वी, आबिद रिज़्वी, कैफ वारसी, तालिब रज़ा ने पेश किए और तनवीर हसन, ज़ैन अलीगढ़ ने नोहाख्वानी की। अलविदाई मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, विकार हुसैन, अमीर हैदर जाफ़री, अदनान जाफ़री, इमरान जाफ़री, सईद नक़वी, मो. मियां, राहत हुसैन रिज़्वी, मुशीर हैदर, कुमैल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## परिषद् के संस्कृति सप्ताह के आयोजन पर विचार मंथन

**इटावा।** भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा इटावा के तत्वावधान में संस्कृति सप्ताह का आयोजन 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक नारायण वेंकट हाल में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष इन्द्र नारायण पाण्डेय के आवास पर रविवार को एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के निर्णायकों का चयन किया गया। भारत जानो और समूहगान प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, प्रान्तीय महासचिव पांचाल प्रान्त, इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष, अत्रि दीक्षित-सचिव, शैलेश पाठक कोषाध्यक्ष, श्रीमती रीना राठौड़, हरी शंकर त्रिपाठी, राज नारायण चौधरी और विमलेश शर्मा संयोजक मण्डल, शिव किशोर दुबे एडवोकेट, विवेक रंजन गुप्ता, विनय कुमार पाण्डेय,आदित्य प्रकाश त्रिपाठी, शैलजा पाठक, श्यामला पाण्डेय उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर ने प्रभावी पुलिस प्रबन्ध के संबंध में गोष्ठी की

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं जनपद के अन्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ गणेश विसर्जन एवं बारावाफात आदि त्यौहारों, अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत प्रभावी पुलिस प्रबन्ध के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित की गयी। अपर पुलिस महानिदेशक ने गोष्ठी के दौरान दिशा निर्देश दिये कि गणेश विसर्जन एवं बारावाफात त्यौहारों के आयोजन स्थलों एवं जलूसों आदि को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस व्यवस्थापन किया जाये।गणेश विसर्जन एवं बारावाफात के जलूस व अन्य आयोजन से सम्बन्धित अन्जुमन व अखाड़ों को सूचीबद्ध कर आयोजकों की गोष्ठी कर ली जाये। गणेश विसर्जन एवं बारावाफात के अवसर पर होने वाले समस्त कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अन्जुमनों, कमेटियों के साथ गोष्ठी में चर्चा कर कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व से योजना बना ली जाये।।विगत वर्षो अथवा इस वर्ष में अभी तक जिन-जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद परिलक्षित हुआ हो उन स्थानों पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अभी से स्थिति का अध्ययन कर लिया जाये एवं विवाद को सुलझाने, संवेदनशीलता को दूर करने के लिये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।।छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए समुचित एवं त्वरित रिस्पांस किया जाये। शोभा यात्रा, जलूस के नये रास्ते, नई परम्परा की अनुमति कदापि न दी जाये।अपराध नियंत्रण हेतु चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाये। जनपद में हुई लूट, चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण किया जाये।

# खबरें एक नजर में

## मीना की कहानियां अंधविश्वास एवं रूढ़िवादिता के प्रति करतीं हैं जागरूक: गरिमा सिंह

**हमीरपुर।** बच्चों को शिक्षा का महत्व और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने की सीख देने वाली मीना का जन्मदिन परिषदीय स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने केक काटा और शिक्षकों के साथ जन्मदिन के मौके पर खुशियां साझा की। विकासखंड सुमेरपुर के कंपोजिट विद्यालय सिकरी में सहायक अध्यापक गरिमा सिंह ने मीना के किरदार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक ऐसी लड़की है जिसके मन में उमंग, उल्लास, सहानुभूति एवं सहायता का भाव है। तोता मिट्ठू उसका प्यारा दोस्त है। प्रत्येक वर्ष 24 सितंबर को मीना का जन्मदिन मनाया जाता है। उसके किरदार पर ही मीना की कहानियां बनाई गई हैं जो अंधविश्वास एवं रूढ़िवादिता के प्रति जागरूक करती हैं। इसके अलावा विद्यालय में मीना मंच का गठन भी किया जाता है। जिसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता, आत्म सम्मान, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व का विकास एवं सहयोग की भावना को विकसित करना है।इस मौके पर पावर एजेंल शिवानी द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं। इस मौके पर श्रेष्ठ बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जीके द्विवेदी समेत अवधेश कुमार, स्नेह सचान, सोनम, आतशा नाज मौजूद रहीं।

## 90 किलो गांजा सहित कार को पुलिस ने पकड़ा

**मौदहा।** लम्बे समय से गांजा, शराब सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के लिए प्रसिद्ध रहा मौदहा अब पुलिस की सख्ती के चलते क्षेत्र के तस्करों ने बिंवार थानाक्षेत्र का रास्ता पकड़ लिया है। कुछ समय पहले एक ट्रक में गांजा की बड़ी खेप पकड़ी गई थी, तो वहीं शनिवार देर रात बिंवार पुलिस ने एक कार से 90 किलो गांजा और तमंचा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शनिवार देर रात बिंवार पुलिस वारंटी और वांछित अभियुक्तों की तलाश के साथ ही क्षेत्र की शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भ्रमण कर रही थी। उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि ललपुरा की ओर से यूपी 78 सीएम 5253 नंबर की प्लेट लगी फोर व्हीलर गाड़ी आ रही है। जिसमें कुछ नशीला पदार्थ होने का पूरा अनुमान है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रास्ते पर बैरीकेड कर पुलिस की गाड़ी भी तिरछी लगा दी, लेकिन गाड़ी चालक ने स्थिति को भांपते हुए उसे दूसरी दिशा में मोड़ दी और भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस ने अमित शिवहरे, दीपक शिवहरे निवासी छानी थाना बिंवार और थाना सिसोलर गांव निवासी ब्रजराज यादव को गिरफ्तार कर लिया और उनमें से एक के पास तमंचा तथा गाड़ी से करीब नब्बे किलो गांजा बरामद किया है। सीओ विवेक यादव ने कहा कि अनुमानित लागत करीब 20 लाख रुपये है। पकडे गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट तथा औषधि प्रशासन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## हमीरपुर शहर में रेलवे स्टेशन स्थापित करने को लिखा 291वां पत्र

**हमीरपुर।** जनपद मुख्यालय में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हमीरपुर के नाम से रेलवे स्टेशन तो बनाया गया, लेकिन यह जनपद कानपुर के बरीपाल में हमीरपुर रोड स्टेशन के नाम से है। शहर के करीब 12 किमी दूर होने व वहां तक संसाधनों की कमी के चलते यहां के लोगों को रेलवे का लाभ नहीं मिल रहा है। इसकों लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज मिश्रा व उनके समर्थक अपने संकल्प के साथ लगातार पत्राचार कर रहे हैं। इन्होंने फिर 291वां ई मेल रेलवे अधिकारियों को भेजा है। जनपद मुख्यालय में रेलवे स्टेशन स्थापित करने के लिए पिछले कई वर्षो से विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ अधिवक्ता व समाजसेवी प्रयासरत हैं। लेकिन रेलवे विभाग हमीरपुर रोड के नाम से रेलवे स्टेशन संचालित कर रहा है। जब भी कभी कोई पत्र भेजा जाता है तो अधिकारी पूर्व से ही स्टेशन होने की बात कह रहे हैं। इस सबके बावजूद पिछले दो वर्षों से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज मिश्रा व उनके समर्थक केन्द्रीय मंत्रालय व उच्च अधिकारियों को पत्राचार कर रहे हैं। इनके इस कदम की लोग प्रशन्सा कर रहे हैं। अधिकारियों ने हमीरपुर में रेलवे स्टेशन स्थापित होने पर रेलवे की आय में इजाफा होने की संभावना जताई है। नीरज मिश्रा ने रेलवे स्टेशन तथा नए रेल मार्ग बनाए जाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों द्वारा की जा रही अर्नगल बनावटी असंगत आपत्तियों को समाप्त कराने के लिए उन्होंने भारत सरकार के सर्वोच्च प्राधिकारियों को 291वां जनहितकारी ज्ञापन ईमेल व रजिस्टर्ड डाक से पुनः भेजा है।

## पोषण पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन आज अपरान्ह 12 बजे से

**हमीरपुर।** लाभार्थियों को बाल विकास विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबंधन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा आदि के सम्बन्ध में पोषण पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को अपरान्ह 12 से दो बजे के मध्य महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री की अध्यक्षता में एनआईसी के माध्यम से वीडियो कॉन्फेसिंग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शलेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य थीम कुपोषित का प्रकार, कारण एवं आठ माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवाएं हैं। इस पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा इस संबंध में हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का लाइव बेव-कास्ट लिंक https://webcast.gov.in/up/icds है। इस लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थी आम जन-मानस इस कार्यक्रम में सीधे जुड़ सकता है। समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी, समस्त मुख्य सेविकाएं. आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने स्मार्ट फोन के द्वारा वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़ेंगी।

## छत से गिरकर किशोरी घायल

**कुरारा।** कस्बा के वार्ड नंबर 5 में शनिवार की शाम छत पर घूम रही किशोरी का पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको परिजन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर पहुंचे। कस्बा के वार्ड नंबर 5 के निवासी सर्वेश की पुत्री रिंकी 16 शनिवार की शाम छत के ऊपर घूम रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पंचामृत व औषधियों से हुआ राधा श्याम सुंदर का महाभिषेक

इटावा। समृद्धि न्यूज

**श्री** गौर निताई परिवार के तत्वाधान में शहर के नुमाइश पंडाल में राधा अष्टमी महामहोत्सव श्रद्धाभाव के साथ भक्तिमय वातावरण में मनाया गया।

श्री राधा श्यामसुंदर के महाअभिषेक में शामिल होने के लिए देर रात तक आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। यहां पर वैदिक मंत्रोचार के बीच 108 मटके जल के अलावा पंचामृत व औषधीय द्रव्यों से श्री राधा श्यामसुंदर का महाभिषेक किया गया। अभिषेक के समय श्रद्धालु राधा नाम संकीर्तन करते रहे। राधा श्याम सुंदर के महा अभिषेक के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। कार्यक्रम की शुरुआत राधा नाम संकीर्तन के साथ हुई और उसके बाद एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास ने श्रद्धालुओं को श्री राधा प्राकट्य कथा का श्रवण पान कराया। महा महोत्सव में शामिल होने के लिए जिलेभर से काफी संख्या में श्रद्धालु आए थे जो देर रात तक डटे रहे। श्री राधा प्राकट्य कथा के बाद श्री राधा श्यामसुंदर के महाभिषेक की तैयारियां शुरू हुई। पंडित मनु पुत्र दास ने विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद महाभिषेक शुरू किया। और इसके बाद बारी-बारी से भक्तों ने लाइन लगाकर अभिषेक किया। कार्यक्रम में पहुंची सदर विधायक सरिता भदौरिया, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, सपा जिला अध्यक्ष गोपाल यादव ने भगवान का आरती पूजन व अभिषेक किया। गौर निताई परिवार के सदस्यों ने वाद्य यंत्रों के बीच एक से बढ़कर एक बधाई गीत व भजन प्रस्तुत किये जिन पर महिलाएं, युवतियां, बच्चे, युवक जमकर झूमे। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र फूलों वाली तोप रही जिससे राधा श्याम सुंदर के ऊपर बराबर पुष्प वर्षा होती रही।

# कोरी समाज ने नपं अध्यक्ष आशारानी कबीर को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया



कुरारा। समृद्धि न्यूज

**अखिल** भारतीय कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास शंखवार ने कुरारा नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर की कोरी समाज में समर्पण व निष्ठा को मद्देनजर महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने की घोषणा की है।प्रदेश अध्यक्ष ने मनोनीत महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशारानी कबीर को अपने निज निवास में मनोनयन पत्र सौंपा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन कर समाज के संगठन को और अधिक मजबूत करके में सहभागिता निभाएं। कुरारा कस्बे में रविवार को कोरी समाज की नव मनोनीत महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष आशा रानी कबीर के प्रथम बार आगमन पर समाज के बुजुर्गो, महिलाओं व युवाओं व समर्थकों के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। समाज के लोगों के सम्मान में कोई आंच नहीं आने देंगी। उन्होंने समाज का बहनों का आहवान किया कि कोरी समाज के संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## विश्व नदी दिवस पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**इटावा।** विश्व नदी दिवस पर गंगा समग्र इटावा की तरफ से जनजागरण अभियान चलाया गया और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये गए। एक दिवस पूर्व अलग अलग शैक्षिक संस्थाओ के लगभग 500 छात्रों को इटावा की नदियों की जानकारी देते हुए उनसे 24 सितम्बर को परिवार सहित नदी भ्रमण का आग्रह किया गया। वही विश्व नदी दिवस पर प्रातः 8 बजे से गंगा समग्र के आयाम प्रमुख और सदस्यों ने यमुना नदी के किनारे पर पैदल जागरण यात्रा निकालकर वहाँ स्थिति एक दर्जन से अधिक मंदिरो का भ्रमण कर लोगों को यमुना के वैदिक महत्व के बारे में अवगत कराया। 11 बजे से स्कूली छात्रों को नदियों के महत्व पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एडवोकेट अभिनेन्द्र चौहान द्वारा पवन विहार कॉलोनी में कराया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के दो दर्ज़न से अधिक छात्रों में उत्साह के साथ भाग लिया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्नव द्वितीय स्थान अदिति और नंदिनी और तृतीय स्थान आयुष्मान ने प्राप्त किया।

# कस्बे का कम्पोजिट विद्यालय का भवन जर्जर हालत में

- सरकार के आदेश के बाद कस्बे के परिषदीय विद्यालयों का नहीं हुआ कायाकल्प

सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज

**शासन** के कड़े निर्देश के बाद भी नगर पंचायत ने परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के तहत कोई कार्य नहीं कराया है। योजना के लागू होने के पांच वर्ष गुजर जाने के बाद कस्बे के परिषदीय विद्यालयों की स्थिति जस की तस बनी है। नगर पंचायत कार्यालय के पीछे संचालित कंपोजिट विद्यालय के भवन बेहद जर्जर हालत में है। जरा सी बारिश होते ही छत जगह-जगह से टपकने लगती है। यहां की बाउंड्रीवॉल भी कई जगह से ध्वस्त है।

प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प योजना को करीब पांच वर्ष पूर्व लागू किया गया था। इस योजना से भवनों के मरम्मत करने के साथ अन्य कई तरह के कार्य कराएं जाने थे। लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता के चलते कस्बे के विद्यालयों की लिए यह योजना दिवास्वप्न की तरह रही है। नगर पंचायत के ठीक पीछे संचालित कंपोजिट विद्यालय के जूनियर का भवन बेहद जर्जर है। इसमें किसी भी वक्त हादसा हो सकता है। यहां के इंचार्ज प्रधानाध्यापक गजेंद्र सिंह ने बताया कि भवन की जीर्णशीर्ण हालात से कई मर्तबा पत्राचार करके अवगत कराया गया है। लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात की तरह हैं। सभी कमरों की छत बारिश होते ही जगह जगह से टपकने लगती है। किसी तरह का हादसा न हो जाए। इसके मद्देनजर बारिश शुरू होने पर बच्चों इधर उधर बैठना पड़ता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन के अलावा विद्यालय कैंपस की बाउंड्रीवॉल भी बेहद जर्जर है और कई जगह से ध्वस्त हो गई है। यह कभी भी भरभरा कर ढह सकती है। कस्बे के अन्य विद्यालयों का भी कुछ ऐसा ही हाल है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया कि सभी विद्यालयों का शीघ्र सर्वे कराया जाएगा। उधर खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह ने बताया कि कायाकल्प योजना में शामिल करने के लिए नगर पंचायत के अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया जाता है। लेकिन विद्यालयों को योजना में कब शामिल किया जाएगा यह नहीं बता सकते हैं।

## भगवान राम का चरित्र समाज को जोड़ने का करता है काम

**राठ।** राम कथा और राम चरित्र रामजी का व्यक्तित्व समाज का जोड़ने का काम करता है। कहा कि भगवान के भक्तों, संतों की सेवा करना शुरू कर दो। ठाकुरजी इतने में ही प्रसन्न हो जाएंगे। कहा कि असली शहंशाह वह है जिसकी चिंता मिट गई होती है। यह बात जलविहार मंच पर चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन विन्द्रावन से पधार भरत शरण महाराज ने कही। उन्होंने कथा के माध्यम से कहा कि वनवास काल में भगवान राम सबसे मिले। उन्होंने किसी राजा महाराजा को नहीं बल्कि कोल भील बनवासी को अपना साथी बनाया, उन्हें गले से लगाया। वनवास काल की कथा सुनात हुए कहा कि 14 वर्ष का वनवास होने के बाद भगवान चित्रकूट पहुचे। वहां के लोगों ने खूब स्नेह और प्यार दिया। इसके बाद जब दशरथजी का मरण हुआ तब भरत चित्रकूट पहुंचे और अपने बडे भाई राम को अयोध्या वापस चलने के लिए मनाने लगे।

# एकता कॉलोनी में चला हस्ताक्षर अभियान

इटावा। समृद्धि न्यूज

**शहर** की नई बस्तियों में जल भराव की समस्या को लेकर कर्तव्य एवं जन अधिकार आंदोलन के बैनर तले दीपक राज के नेतृत्व में आज नौवे दिन शहर की एकता कॉलोनी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यहां पर जल भराव की समस्या के साथ-साथ लोगों के घर तक गालियां और नालियां भी नहीं बनी है यहां के लोग नगर पालिका को टैक्स अदा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की तरह बहुत ही कष्टों के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं। एकता कॉलोनी के कृष्ण बाबू मिश्रा, सुभाष चंद्र गुप्ता, गजेंद्र सिंह, शिवम सिंह चौहान, साधों सिंह एवं अनिल कुमार ने टीम के साथ रहकर कई जगह टूटी फूटी गलियां, जल भराव के स्थलों को दिखाते हुए बताया कि हम लोग बहुत ही कष्टकारी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हम अपने पढ़ने वाले बच्चों को पैदल ही लेकर दूर खड़े स्कूल वाहनों तक पहुंचाते पाते हैं स्कूलों के वाहन हमारे घर तक नहीं पहुंच पाते जिससे बच्चों को बहुत ही कष्ट होता है हम लोगों ने कई बार नगर पालिका में शिकायत की लेकिन हमारी शिकायतों को कोई महत्व नहीं दिया गया। साथ में चल रहे साधू सिंह ने बताया कि एक बार हमारी गली को नगर पालिका के लोग नाप कर ले भी गए थे लेकिन फिर भी कुछ नहीं हुआ। जनप्रतिनिधि यहां पर सिर्फ आश्वासन देखकर चले जाते हैं संयोजक विनोद सिंह चौहान ने लोगों से कई तरह के प्रश्न करके उनको अस्वस्थ किया कि आप लोग इकट्ठे होकर मुझे खबर करिए मैं आप लोगों को नगर पालिका लेकर चलूंगा। संगठन सचिव बीके कुल श्रेष्ठ ने भी लोगों से पूछताछ की और फिर कहा कि हम सब लोग मिलकर इन समस्याओं का समाधान प्रशासन से करवाएंगे।

# गणेश पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

**गणेश** उत्सव पर सजाए गए पंडालों में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। वहीं शाम को होने वाली आरती में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार की रात मुख्यालय के गौरा देवी नई बस्ती मोहल्ला स्थित गणेश पंडाल में आए कलाकारों ने शिव पार्वती समेत अन्य झाकियां प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गणेश उत्सव को लेकर मुख्यालय समेत जिलेभर के कुल 21 स्थानों में गणेश पंडाल सजाए गए हैं। मुख्यालय के चार स्थानों में गणपति महाराज की प्रतिमा स्थापित कर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यालय के रमेड़ी मोहल्ला स्थित गणेश पंडाल में होने वाले आरती में सैकड़ों की संख्या में भक्त उमड़ रहे हैं। गौरा देवी नई बस्ती मोहल्ले में जागरण कार्यक्रम हुआ और बाहर से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, सांई बाबा समेत अन्य झाकियां प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन पंकज सिंह भदौरिया ने किया। वहीं मेरापुर स्थित गणेश पंडाल में महिलाओं ने ढोलक की थाप और मंजीरे के साथ भजन कीर्तन गाकर गणपति महाराज को याद किया।



### गणेश पण्डाल में राधा कृष्ण आर्केस्ट्रा कलाकारों ने पेश की दर्जनों झांकियां

**सुमेरपुर।** शनिवार की रात कस्बे के गणेश महोत्सव मण्डल रामलीला मैदान कमेटी के पंडाल में कानपुर से आए कलाकारों ने देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। रामलीला मैदान में सजे गणेश पंडाल में कानपुर से आए कलाकारों ने नृत्य गीत झांकियां प्रस्तुत करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बताते चलें की रात्रि में 9 बजे से सुबह 4 बजे तक गणेश पण्डाल में आयोजकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए। कानपुर से आए मुकेश राज राधा कृष्ण आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ मयूर नृत्य, सुदामा चरित्र, इकत्तीस मुखी महाकाली एवम भोले नाथ की भव्य झाकियां आदि कार्यक्रम प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता उर्फ लालू, प्रवीण निगम, आयुष ओमर, विशाल गुप्ता, शुभम दीक्षित, शुभम गुप्ता, सतीश ओमर, नितिन ओमर, रवि, दीपक, पंकज महाराज, मनु गुप्ता, अजय प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### गणेश उत्सव में जनक विलाप देख दर्शकों के झलके आंसू



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** शनिवार की रात कस्बे के गणेश सेवा समिति के पंडाल में धनुष भंग लीला का आयोजन कराया गया। जनक विलाप देखकर लोगों के आंसू झलक उठे। शनिवार की रात नगर पंचायत के समीप गणेश पंडाल में आयोजक मंडल की ओर से रामलीला का आयोजन कराया गया। कलाकारों ने सीता स्वयंवर, जनक विलाप, लक्ष्मण परशुराम संवाद की जीवंत लीला प्रस्तुत करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम की भूमिका का निर्वहन अवनीश पांडेय, लक्ष्मण की भूमिका प्रदीप पांडेय हमीरपुर, जनक की भूमिका बबलू मिश्रा पलरा, परशुराम द्विवेदी बांदा ने परशुराम का दमदार अभिनय किया। जनक विलाप देखकर लोगों की आंखें छलक उठी। इस मौके पर समिति के संरक्षक महेश गुप्ता दीपू, अध्यक्ष बाबू सोनी, सोनू तिवारी, बालगोपाल गुप्ता, संजय ओमर, विनीत गुप्ता, अजय धुरिया, अनुज गुप्ता, अमर ओमर, अमन कसौधन, अभिषेक ओमर, लकी मिश्रा, संदीप गुप्ता, अशोक गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, पीयूष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। उधर रामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जहां बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# 528 बूथों पर सुना गया मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय** जनता पार्टी जिला संगठन स्तर के 528 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात सुना व देखा गया! जिले के सभी 11 मंडलों में 732 बूथों में से 528 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को एलईडी एवं रेडियो के माध्यम से मोहल्ले चौपाल में ग्राम वासियों, शहर वासियों एवं मोहल्ले वासियों द्वारा सुना गया! जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने महोबा के नयापुरा नैकाना बूथ संख्या 118 में बूथ अध्यक्ष संदीप कुशवाह के निवास पर कार्यक्रम को पदाधिकारी के साथ सुना जिसमे शक्ति केंद्र संयोजक उमाकांत गुप्ता, जिला मंत्री ओम नारायण तिवारी रोशन सिंह जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता जिला मीडिया संपर्क प्रमुख वियोगी शाश्वत मंडल अध्यक्ष कौशल शर्मा मंडल महामंत्री संतोष गुप्ता युवा मोर्चा महामंत्री प्रवेंद्र रघुवंशी मातृशक्ति उपस्थित रही! मन की बात कार्यक्रम माह के अंतिम रविवार को सुबह 11:00 से 11:30 तक रेडियो, टीवी के विभिन्न चैनलों एवं डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रसारित होता है; भाजपा संगठन इस कार्यक्रम को बूथ स्तर पर करवाता है जिसमें माननीय जन प्रतिनिधियों, संगठन के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारीयों की भागीदारी होती है।

## खबरें एक नजर में

### गौरहारी में हुआ भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन



**चरखारी महोबा।** चरखारी के गौरहारी ग्राम में बस स्टेंड पर गणेश जी मूर्ति विराजमान है इसी के चलते विगत रात्रि विशाल जवाबी कीर्तन गुड्डू परदेशी उरई एवम शिप्रा आजाद कानपुर के बीच हुआ जिसमे गुड्डू परदेशी ने गणेश जी वंदना करते हुए कहा ,तुम्ही मेरे साधन तुम्ही साधना हो तुम्ही मेरे वंदन तुम्ही वंदना हो जवाबी के पहले चक्र में गुड्डू परदेशी ने कहा महराज गजानन आए आते ही विघ्न हटाए,एक के दो बारह हुए ,एक पे दो बारह हुए , निराली है इनकी कला कला जय हो उमा के लला, मंच का सुंदर संचालन कर रहे नितेंद्र चौबे ने कहा की जवाबी दो पक्षों के दरम्यान हुआ करती है रस छंद अलंकार से कविता महान हुआ करती है आज की रात्रि सार्थक बनाने के लिए आपकी तालिया ही महान हुआ करती है , इसके बाद पहले दौर की जवानी का नंबर आया शिप्रा आजाद कानपुर ने वंदना करते हुए कहा मां के आंचल को ये अंबर भी पा नही सकता ,हृदय की गहराई को ये सागर भी पा नही सकता, इसके बाद जवाब में शिप्रा आजाद ने कहा गजराज गजानन आए आते ही विघ्न में आए विघ्न उनका पल में टला टला जय हो शिवा के लला , ऐसा ही पूरी रात्रि जवाबी कीर्तन का मुकाबला चलता रहा और लास्ट में दोनो लोगो का मुकबला बराबर रहा गणेश पंडाल मंच में मंच का सुंदर संचालन किया नितेंद्र चौबे कुलपहाड़ ने ,कीर्तन कारो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिसमें डाक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी जी कुलपहाड़ एवम डॉक्टर योगेंद्र मिश्रा जी ने किया , कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे एवम सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी विनोद सिंह ,हेड कांस्टेबल देवीशरण,कांस्टेबिल कामिल ,कुलदीप उपस्थित रहे।

### वनविभाग व स्कॉन टीम ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को पकड़ा

**इटावा।** बाजरे की खडी फसल के बीच खेत में विशालकाय मगरमच्छ आ जाने से किसानों मे हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची सेंचुरी व सामाजिक वनविभाग और स्कॉन टीम द्वारा रेस्क्यू कर मगरमच्छ को सुरक्षित चंबल नदी में छोड दिया। बढपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत उदी बाह मार्ग पर स्थित ग्राम कृष्णा नगर के पास नागेंद्र सिंह भदौरिया के बाजरे की खडी फसल के खेत में करीब पांच फिट लंम्बा मगरमच्छ को किसान बबलू राजपूत द्वारा देखने के बाद खेतों पर रखवाली कर रहे अन्य किसानों मे हडकंप मच गया। मगरमच्छ को देखकर किसान दहशत में आ गए। जिसके बाद सूचना पर पहुंचे समाजिक वनविभाग व चंबल सेंचुरी बढपुरा और स्कॉन की संयुक्त टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू करके सुरक्षित उच्च अधिकारियों के निर्देशन मे चंबल नदी में छोड दिया गया। संस्था स्कॉन एवं वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान ने बताया कि कृष्णा नगर गांव के पास किसान बाजरे की फसल की रखवाली कर रहे थे, उसी दौरान खेत मे एक करीब पांच फिट लंम्बा मगरमच्छ देखने के बाद चंबल सेंचुरी, सामाजिक वानकी,एवं संस्था स्कॉन टीम सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ का रेस्क्यू करके उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मगरमच्छ को चंबल नदी में छोड दिया गया है। मगरमच्छ की लंम्बाई करीब पांच फीट है। करीब चार से पांच वर्ष के बीच इसकी उम्र है। रेस्क्यू के दौरान वन क्षेत्राधिकारी चंबल सेंचुरी हरिकिशोर शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी बढपुरा अशोक शर्मा, चंबल सेंचुरी बढपुरा रेंज अधिकारी ओमप्रकाश वघेल, वनजीव रक्षक चंबल सेंचुरी, लक्ष्मी नारायण, सामाजिक वानकी प्रभाग रेंज बढपुरा संतोष कुमार सिंह, वन दरोगा ताबिस अहमद,चंबल सेंचुरी बढपुरा कर्मचारी अवधेश कुमार राजपूत आदि मौजूद रहे।

### इटावा में तीन ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**इटावा।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल इटावा की जिला कार्यकारिणी ने जिलाध्यक्ष विकार अहमद के नेतृत्व में एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आदेश चौधरी की उपस्थित में इटावा जंक्शन पर ट्रेनों के ठहराव के सम्बंध में रेल मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक पी एम मीणा को सौंपा। ज्ञापन में रीवा एक्सप्रेस, बरौनी से ग्वालियर, रतलाम उज्जैन तीनों ट्रेनों के अप एण्ड डाउन में ठहराव की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि यदि उक्त तीनों ट्रेनों का ठहराव इटावा में हो जायेगा तो जिला इटावा की जनता के साथ-साथ उसके आस-पास के जनपद औरैया, मैनपुरी एवं फर्रुखाबाद की जनता भी लाभान्वित होगी और रेलवे की आय भी बढ़ेगी। ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में प्रदेश उपाध्यक्ष आदेश चौधरी, जिलाध्यक्ष विकार अहमद, जिला महामंत्री सुनील तिवारी एडवोकेट आदि साथ रहे।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**इटावा।** जसवन्तनगर के भारद्वाजपुर में एक युवक ने रात्रि के समय खेतों पर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवरण के अनुसार बेंचेलाल प्रजापति का 22 वर्षीय बेटा दीपक कुमार प्रजापति रात्रि में भाइयों के साथ बातचीत करता रहा। आधी रात में घर से निकल कर चला गया और उसने खेतों की ओर फाँसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन सुबह जानवरों का गोबर एकत्रित करने के बाद खेतों पर डालने के लिए गए तो उन्होंने देखा कि उनके अपने निजी ट्यूबवेल पर खड़े शहतूत के पेड़ पर स्टॉल द्वारा चौथे नंबर के लड़के दीपक ने आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना जैसे ही गाँव में फैली तो हर व्यक्ति सदमे में आ गया और घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ा। वहाँ पर मौजूद महिलाओं में भी कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक युवक नोयडा में किसी कंपनी में कार्य करता था उसकी कुछ दिनों पूर्व ही शादी तय की गई थी। मौत की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु इटावा भेज दिया गया।

### चोरों ने घर में घुसकर उड़ाए लाखों के गहने और नकदी

राठ (हमीरपुर)। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। पुलिस की निष्क्रीयता से चोरों के हौसले बुलंद है। शनिवार रात चोरों ने औंता गांव के एक घर में घुसर नकदी समेत लाखों के गहने चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव निवासी छिद्दू पुत्र भिम्मा प्रजापति ने लिखित तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। बताया कि आधी रात के बाद चोर उसके घर में घुस गए। बताया कि चोरों ने कमरे में रखे 60 हजार रुपये की नगदी व सोने चांदी के गहने और गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब वह जागा तो कमरे में सामान फैला पड़ा था। ग्रामीणों का जब चोरी की घटना की जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया।

# क्षेत्रीय युवा खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**क्षेत्रीय** युवा खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अवधेश गुप्ता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी की उपस्थिति में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर डायट प्राचार्य संतोष सक्सेना उपस्थित रहे। इस मौके पर समस्त अतिथियों एवं कार्यक्रम की संयोजिका पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने गणपति पूजन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान प्रतियोगिता के सहसंयोजक रामदीन सोनी, खेल प्रभारी नंदराम यादव एवं हरचरण राजपूत कामता गुप्ता, जगदेव वर्मा, देवेंद्र कुमार, राजकुमार जाटव, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, रूबी, इस्लाम, राजेंद्र सिंह, बृजभूषण, रवि प्रकाश, निशांत सिंह, अतुल कुमार, विनीता, जयप्रकाश, राजकिशोर, राम सिंह, रामकृपाल, आकांक्षा चौरसिया, संतोष, आशी सिंह, अनु देशवाल, रेनू शांडिल्य, अमित कुमार, शशिकांत गुप्ता, शबाना, शांति, मीरा, नीलम, रश्मि, हरकुंवर, सीता, नीतू, वंदना, सोनम, धर्मेंद्र, रंजना, नेहा सोनी, कल्पना, आकांक्षा सैनी, पूर्ति, मंजू, रेखा आदि प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, खेल शिक्षक, व विद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी रामचंद्र का भी विशेष सहयोग रहा। बता दें कि पिछले 50 वर्षों पहली बार किसी महिला प्रधानाचार्या को क्षेत्रीय युवा खेलकूद प्रतियोगिताओं को करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसका प्रधानाचार्या सरगम खरे बखूबी निर्वहन किया। इन्हीं के उत्कृष्ट कार्यकाल की वजह से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा को पीएम श्री योजना की सौगात मिली है। वर्तमान में लगभग साढ़े चार हजार छात्राएं इसी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। समापन के अवसर पर सब जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग, जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग, सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई, साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सीनियर बालिका वर्ग में साई इंटर कॉलेज महोबा की रिंकी पुत्री गुमान सिंह एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की संध्या पुत्री कल्लू ने चैंपियन का खिताब जीता। इसी तरह जूनियर बालिका वर्ग में राजकीय हाई स्कूल सिजहरी की छात्रा कमला पुत्री लक्ष्मी प्रसाद व सब जूनियर बालिका वर्ग में संत जोसेफ इंटर कॉलेज महोबा की वंशिका चौरसिया पुत्री राजा चौरसिया चैंपियन बनी। इसी तरह सीनियर बालक वर्ग में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा के अजेंद्र पुत्र हलकाई, जूनियर बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा के सुनील सोनी पुत्र स्वामी प्रसाद व राजकीय हाई स्कूल सिजहरी के संतोष कुशवाहा पुत्र देवीदीन तथा नेहरू इंटर कॉलेज महोबा के रामविवेक, सब जूनियर बालक वर्ग में डीएवी इंटर कॉलेज के स्वतंत्र प्रजापति पुत्र जयराम चैंपियन बने।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



हमीरपुर। प्रधानमंत्री की 105वी मन की बात कार्यक्रम को भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बूथों पर जाकर सुना। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक बूथ संख्या 104 में कल्पवृक्ष प्रांगण में मन की बात सुनने पहुंचे। भाजपाइयों एवं स्थानीय लोगों के साथ सुना। साथ में राकेश पाल झांसी डायरेक्टर (यूपीसीएलडी) भी रहे। इसी प्रकार पूर्व जिला अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, प्रीतम सिंह किसान, गणेश यादव, लक्ष्मी रतन साहू, नारवेंद्र सिंह, किशन ब्यास, सिद्धार्थ सिंह, आकाश त्रिपाठी ने भी सुना। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आराधना राजपूत के नेतृत्व में सभी मातृ शक्तियों में अपने-अपने बूथों में पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। जनपद के सभी मंडल अध्यक्ष अपने सेक्टर संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों के साथ बूथों पर पहुंचकर कार्यक्रम को सुना एवं प्रधानमंत्री जी के द्वारा बताई गई विभिन्न जानकारी को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। सुमेरपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष आरिमर्दन सिंह, जिलामंत्री संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, रोहित शिवहरे, गीता वर्मा, मीना यादव, आदित्य अवस्थी ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन



**पनवाड़ी/महोब। समृद्धि न्यूज**

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया! जिसमें दर्जनों रोगियों ने अपना निःशुक्ल चेकअप कराया! सामुदायिक स्वास्थ्य अधीक्षक एवम भारतीय जनता पार्टी के आयुष के जिला संयोजक डॉ मंगल महान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे! विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी सन्तोष विश्वकर्मा मण्डल अध्यक्ष रहे! उपरोक्त स्वास्थ शिविर में मरीजों को निःशुल्क जांच एवम उपचार हेतु दवाएं वितरित की गई! ग्राम कोहनियां में भी स्वास्थ शिविर निःशुल्क आयोजित किया गया! जिसमें सभी उपस्तित डॉ स्टाफ एवम भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, मण्डल अध्यक्ष एवम भारतीय जनता पार्टी के जिला महा मंत्री डॉ मंगल सिंह महान सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे! इसी क्रम में पनवाड़ी स्वास्थ केंद्र पर भाजपा नेता नीरज द्विवेदी, श्री प्रकाश मिश्रा, सन्तोष अग्निहोत्री, हर नारायण यादव, सन्तोष पाठक, उपेन्द्र द्विवेदी मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

# महाआरती में नशामुक्ति का संकल्प लिया

- नगर में नशामुक्त सदभावना जनजागरण रैली निकाली गई

**कुरारा। समृद्धि न्यूज**



**भगवती** मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय अखंड श्रीदुर्गा चालीसा पाठ रायल गार्डन में किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत नगर में नशामुक्त सदभावना जनजागरण रैली निकाली गई। संगठन के प्रचार मंत्री चंद्रकुमार द्विवेदी ने कहा साधना ही वह पथ है जिस पर चलकर आत्मकल्याण और जनकल्याण किया जा सकता है। आम अवधारणा है कि कलियुग आ गया है। चारों ओर अनीति- अन्याय- अधर्म फैल रहा है। अभी और भयानक कलिकाल आना है और यदि इससे बचना है। तो शक्तिसाधक बनना पड़ेगा। माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा की साधना- आराधना करनी होगी। प्रीति कुशवाहा ने कहा कि इस कलियुग से परेशान मत हो, डरो नहीं, बल्कि इस कलियुग में अच्छी बात यह है। जो कभी नहीं हुआ, कलियुग केवल नाम आवारा। हमें केवल अनीति अन्याय अधर्म से युद्ध करना है और यदि कलिकाल के प्रभाव से बचना है, तो स्वयं में, स्वयं के विचारों में परिवर्तन लाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि नशा, मासांहार से मुक्त चरित्रवान जीवन धारण करना है?। पुरुषार्थी और परोपकारी बनना है तथा मां की भक्ति करनी है, मां का गुणगान करते रहना है। अपने आपको इतना बदल डालो कि सम्पूर्ण समाज प्रकाशित हो उठे। अपने तन को मंदिर बनाओ, अपने घर को मंदिर बनाओ, अपने गाँव को मंदिर बनाओ, एक न एक दिन पूरा देश मंदिर बन जाएगा। कुरारा ब्लाक अध्यक्ष देवनारायण पांडेय ने कहा शारदीय नवरात्र में 22,23,24 अक्टूबर को शहडोल मध्यप्रदेश में शिविर का आयोजन किया है जिसमें आप सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लें। संचालन हरीओम योगभारती ने किया। चालीसा पाठ में हजारों लोगों ने नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया।

### आयुष्मान भवः कार्यक्रम योजना के तहत लगा मेला

**इटावा।** आयुष्मान भवः कार्यक्रम योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदी मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ सदर विधायक ने फीता काटकर किया। बढपुरा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम उदी मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज रविवार को आयुष्मान भवः योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें संक्रमण लोगों की जानकारी ली गई, साथ ही उन्हें जागरूक करने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर भाजपा नेता सागर दुबे, बिकास भदौरिया, नीतू नारायण मिश्रा, दिनेश भदौरिया, राजेश प्रजापति, सीएचसी प्रभारी डॉ विनोद कुमार शर्मा, प्रशांत कुमार शर्मा, अनुपम चौहान आदि मौजूद रहे।

# नाना साहब पेशवा को पुण्य तिथि पर किया याद

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**




**सुमेरपुर,** आजादी के दीवानों की प्रासंगिकता को देखते वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जरा याद करो कुर्बानी के तहत 97वीं समर के महान सूरमा नाना साहब पेशवा की पुण्यतिथि 24 सितंबर 1859 पर संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने उन्हें सुमनान्जलि दी। कहा नाना साहब सही अर्थो में 1857 के स्वातंर्त्य समर के महान शिल्पकार थे। उनके योगदान को बिस्मृत नहीं किया जा सकता है। नाना का जन्म 19 मई 1824 को माधव नारायण भट्ट और माता गंगा बाई के घर हुआ था। इनकी जन्मभूमि कुछ लोग बिठूर मानते तो कुछ लोग महाराष्ट्र का वेणुग्राम, इनके बचपन का नाम धोडोपंत था। पूना के शासक बाजीराव पेशवा द्वितीय के कोई संतान नहीं थी।उन्होंने माधवनारायन भट्ट के पुत्र को गोद ले लिया, नाना साहब ने बिठूर मे ही अस्त्र शस्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया। यहीं पर रानी लक्ष्मीबाई ने घुड़सवारी तथा अस्त्र शस्त्र के संचालन का ज्ञान प्राप्त किया। क्योंकि रानी अर्थात मनु के पिता मोरोपंत बिठूर में ही रहते थे।1851 मे बाजीराव द्वितीय की मृत्यु हो गई। अब नाना साहब ने राज्य का भार संभाला। अंग्रेजों ने बाजीराव द्वितीय को बिठूर आने के बाद पेंशन बंद कर दी थी, नाना को भी पेंशन नहीं मिली, पेंशन बहाली के लिए अजीमुल्ला खान के द्वारा लंदन तक पहल की। पर सफलता नहीं मिली। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में नाना साहब की केन्द्रीय भूमिका थी, रानी लक्ष्मी बाई, तात्याटोपे और कुछ तत्कालीन सूरमाओं ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। नाना ने कानपुर में कब्जा कर लिया था। वहां पर गोरों का शासन नहीं रहा था। पर गोरों की भारी फौज और भारतीय भितरघातियों का सहयोग तथा प्रबंधन के फलस्वरूप नाना को कानपुर छोड़ कर नेपाल चले गए। कई युद्धों में नाना ने गोरों को शिकस्त दी। कालांतर में यह सत्तावनी सूरमा 24 सितंबर 1859 को नहीं रहा।कार्यक्रम मे अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, अशोक अवस्थी, बंसतलाल कसौधन कर्वी, रामबाबू गुप्ता, मुन्ना विश्वकर्मा, लखन और रमेशचंद्र कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा के दस कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**मुस्करा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 युवाओं ने रक्तदान किया। जबकि 15 ने जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने के लिए पंजीकरण कराया। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष श्लोक अग्रवाल ने बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मोर्चा द्वारा कस्बे की सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। साथ ही आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा द्वारा जो रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, इससे जरूरतमंद एवं बीमार लोगों को मदद मिलेगी। हमीरपुर से आई रक्तदान यूनिट के प्रभारी बीके यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर में 10 लोगों ने रक्तदान किया और 15 लोगों ने भविष्य के लिए रक्तदान करने के लिए पंजीकरण कराया। रक्तदान करने वालों में कुंवर संजय राज सिंह बुंदेला, राजेश राजपूत, जयवीर राजपूत, जय सिंह राजपूत, प्रेम सिंह यादव, दीपेंद्र चंसोरिया, मयंक दुबे, आनंद दिक्षित, कपिल सैनी, सत्य प्रकाश राठौड़ उर्फ़ विक्रम राठौर शामिल रहे। मौके पर प्रमुख रूप से जिलापंचायत सदस्य करन सिंह राजपूत दद्दू, ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.महेश चंद्रा, मुस्करा सीएचसी प्रभारी डॉ.बीएस राजपूत, पूर्व ग्राम प्रधान मुस्करा त्रिभुवन सिंह राजपूत, जिला मंत्री कुबेर राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मुस्करा मंडल प्रभारी अरविंद मुखिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

# भतीजे ने ही सुपारी देकर कराई थी चाचा की हत्या

- पुलिस ने सुपारी किलर समेत पांच को किया गिरफ्तार, पेचकस से गोद कर तालग्राम थाना क्षेत्रान्तर्गत एक्सप्रेस वे पर फेंका था शव
- एसपी ने घटना का अनावरण करने वाली एसओजी व तिर्वा पुलिस टीम की हौसलाफजाई करते हुए 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया


घटना का खुलासा करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**एसओजी** एवं सर्विलान्स टीम और थाना तिर्वा पुलिस ने विगत 12 सितम्बर को थाना तालग्राम क्षेत्रान्तर्गत एक्सप्रेस वे पर मिले एक शख्स के शव की हत्या का पर्दाफाश कर दिया। तीनों टीमों के संयुक्त प्रयास से हत्या में शामिल सुपारी किलर समेत मृतक के भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक का भतीजे ने ही सुपारी देकर अपने चाचा की हत्या कराई थी। बताया कि मामले में एसओजी टीम समेत सर्विलांस टीम और तिर्वा कोतवाली पुलिस की टीम को घटना का खुलासा करने के लिए लगाया गया था। तीनो टीमे सुरागरसी में लगी हुई थीं तभी सूचना के आधार पर तिर्वा क्षेत्र के ग्राम नथापुरवा की ओर जाने वाले मोड के पास खडी सिल्वर रंग की मारूति एसक्रोस कार एचआर 26 डीबी 4051 पर सवार राजेश पुत्र बदन सिंह निवासी टुसावारी थाना तिर्वा, धर्मवीर पुत्र जनार्दन भगत निवासी पंजाब के थाना भटिण्डा क्षेत्रान्तर्गत माडल टाउन मकान नंम्बर 442 व अभिषेक पाण्डेय पुत्र ज्ञानेन्द्र पाण्डेय मूल निवासी ग्राम अबहीपुर थाना परसपुर गोण्डा हाल पता म0नं0 185 गली नं0-5 नई बिसलेवा कालोनी अपोजिट ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा तथा गौरव कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह एवं शुभम उर्फ नवीन पुत्र सतवीर निवासी पैगल्टू थाना होडल जिला पलवल हरियाणा को घेराबन्दी कर गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि उक्त अभियुक्तगणों ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतक दो भाई थे शिवनाथ और बदन सिंह, बदन सिंह। बदन सिंह के दो लडके हैं राजेश एवं विमलेश उक्त राजेश ने अपने पिता की सारी सम्पत्ति अपने दूसरी पत्नी शकुन्तला के नाम करा दी थी, जिसमे विमलेश ने आपत्ति लगा रखी थी और मामला कोर्ट में चल रहा था। वहीं राजेश का यह मानना था कि विमलेश का साथ शिवनाथ दे रहा था और यदि इसे रास्ते से हटा दिया जाये तो सम्पत्ति हथियाने का उसका मंसूबा पूरा हो जायेगा। इसी बात को लेकर राजेश एवं शिवनाथ का पूर्व में झगडा भी हो चुका था। राजेश की पुत्री अंजली जो दिल्ली मे रहती थी उससे एक डेटिंग एप के माध्यम से धर्मवीर से मुलाकात हुई, अंजली ने धर्मवीर को अपने माँ बाप से मिलवाया और शादी की बात रखी जिस पर अंजली का परिवार शादी के लिए तैयार हो गया। राजेश ने अपने जमीन का मामला धर्मवीर को बताया और शिवनाथ को मरवाने के लिए पैसो की बात की। धर्मवीर इस बात पर तैयार हो गया और उसने अपने मित्र अभिषेक पाण्डेय से कहा कि एक आदमी को मारना है, जिसमें 4 लाख रूपये मिलेंगें। अभिषेक पाण्डेय को आफर अच्छा लगा और उसने शिवनाथ की हत्या करने के लिए अपने साथ काम करने वाले लडके गौरव को 2 लाख का आफर दिया और मारने की योजना बनायी। 23 मई .2023 को धर्मवीर अपने साथ गौरव को लाया था और मृतक शिवनाथ का घर का रास्ता आदि दिखा दिया था। जिसके बाद 01 जून 2023 को सुनियोजित योजना के तहत गौरव ने फरीदाबाद से गाडी बुक करके आये और अपने साथियों के साथ शिवनाथ को मारने का प्रयास किया, लेकिन शिवनाथ द्वारा शोर मचाने के कारणे आसपास के लोग जग गये। गांव के लोगो के जगने के डर से ये लोग वापस आ गये। एसपी ने बताया कि उक्त राजेश एवं धर्मवीर के द्वारा अभिषेक पाण्डेय को मृतक शिवनाथ की नित्यक्रिया से अवगत कराया गया था और अभिषेक द्वारा गौरव एंव इसके अन्य साथियों को इस बात से भली भांति अवगत करा दिया गया था कि मृतक शिवनाथ रोजाना सांय 5-6बजे के बीच कन्नौज तिर्वा रोड पर स्थित घासी बाबा मन्दिर पर पूजा करने जाता है।, अभिषेक पाण्डेय और गौरव पूर्व में भी कई बार तिर्वा में शिवनाथ को मारने की नियत से पीछा किये थे। अभिषेक पाण्डेय के आफर पर गौरव कुमार प्रजापति पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी पैगल्टू थाना होडल जिला पलवल हरियाणा अपने साथी शुभम उर्फ नवीन पुत्र सतवीर निवासी पैन्गल्टू थाना होडल जिला पलवल हरियाणा एवं शोएब खान पुत्र मकसूद निवासी ग्राम सलोका थाना मुन्डकटी जिला पलवल हरियाणा 12 सितम्बर 2023 को किराये पर एस क्रोस कार लेकर तिर्वा पहुचें। जब शिवनाथ मन्दिर से पूजा करके घर जा रहे थे तभी इन तीनों ने उनके पास गाडी रोककर प्रापर्टी के काम के बहाने शिवनाथ को गाडी में बैठा लिया और थाना तालग्राम क्षेत्रान्तर्गत एक्सप्रेस वे किनारे पहुंचे और गाडी के टूल बाक्स के पेचकस से तीनों ने बेहरहमी से एक के बाद कई वार कर शिवनाथ की हत्या कर दी और शव को वहीं फेक दिया और वहां से भाग निकले। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल शोएब पुत्र मकसूद निवासी सलोंखा नियर सरकारी स्कूल थाना जिला पलवल हरियाणा की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस टीम ने एसपी ने घटना का सफल अनावरण करने पर एसओजी टीम व थाना तिर्वा पुलिस टीम की 25 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

## खबरें चलते-चलते

### अपहृता/पीड़िता को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद किया गया

**विशुनगढ़ कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ पुलिस टीम द्वारा अपहृता/पीड़िता को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 श्री अरविन्द कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना विशुनगढ़ पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद कर किया गया सराहनीय कार्य। थाना विशुनगढ़ क्षेत्र निवासी वादी द्वारा अपनी पुत्री उम्र करीब 18 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 44/2023 बनाम प्रशान्त आदि 03 के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री संतोष कुमार द्वारा संपादित की जा रही है । उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता को थाना विशुनगढ़ पुलिस, सर्विलांस टीम व विभिन्न माध्यमो से पीड़िता/अपहृता के बारे मे जानकारी प्राप्त कर अथक प्रयास के बाद बरामद किया गया । उपरोक्त पीड़िता/अपहृता को पुलिस द्वारा सकुशल बरामद करने पर उनके परिवारीजनों द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी है साथ ही उक्त प्रकरण में अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद करने वाली टीम उ0नि0 संतोष कुमार उ0नि0 सुदेश कुमार पूनम रामलखन बरामद किया।

### अलग-अलग स्थानों पर चले लाठी डंडे

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर मामूली विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताखेपुरवा निवासी दिनेश सिंह ने बताया है कि पड़ोसी गांव के कुछ लोगों ने उसके घर में आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर दिया। वही कुंडरीपुरवा निवासी प्रेम सिंह ने बताया है कि गांव के ही लोगों ने उसके घर पर जाकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वही कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस जवानों को कराया गया रिहर्सल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में रिर्जव पुलिस लाइन मे पुलिसकर्मियों को बलवा ड्रिल का रिहर्सल कराया गया। इस दौरान सीओ सिटी ने भीड़ नियंत्रण, बलवाइयों व दंगाइयों पर काबू पाने के तरीके व तैयारियों के बारे में टिप्स दिये और दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रिहर्सल कराया। जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने व किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य से रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाए गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों का अभ्यास कराया गया। करीब दो घंटे चले बलवा ड्रिल प्रशिक्षण में सभी पुलिस कर्मियों को बलवा या दंगा के दौरान बलवाइयों पर पुलिस की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई को अलग-अलग टीम बनाकर प्रदर्शित किया गया। बलवा ड्रिल के दौरान पाई गई खामियों पर विस्तृत रूप से पुलिस कर्मियों को फीडबैक लेकर सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## अब आयुष्मान कार्ड बनाना हुआ और भी आसानः जिलाधिकारी

- घर बैठे ही आयुष्मान एप के माध्यम से बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**अब** आयुष्मान कार्ड बनाना हुआ और भी आसान हो गया है। पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को भी मिलेंगे आयुष्मान कार्ड। इसके लिए घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। आयुष्मान एप के माध्यम से बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड। उक्त जानकारी जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने रविवार को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में कलेक्टेऊट के गांधी सभागार में आयोजित हुई बैठक में दी।

डीएम ने बताया कि जनपद में 37817 पात्र गृहस्थी राशन कार्ड परिवारों के 248502 सदस्यों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुए आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया जाएगा। कहा कि अब व्यक्ति आयुष्मान कार्ड घर बैठे भी बना सकता है जिसके लिए व्यक्ति को अपने मोबाइल में आयुष्मान एप इंस्टॉल करना होगा। आयुष्मान कार्ड एप के माध्यम से बहुत ही आसानी से कार्ड बनाया जा सकेगा। कहा कि जनपद में 77 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में एवं 63 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जा चुके है। बनाए गए 88000 कार्ड संबंधित विभाग को प्राप्त हो चुके हैं जिनका वितरण आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव अभियान जनपद में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि आयुष्मान-भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र गृहस्थी परिवारों को सम्मिलित किया गया है, जिन परिवारों में 06 या 06 से अधिक सदस्य (यूनिट) हैं, ऐसे लाभार्थियों की सूची (आशाओं एवं पंचायत सहायकों) को उपलब्ध करायी जानी है, जिससे कि उन परिवारों के आयुष्मान कार्ड जारी करते हुए उन्हें शीघ्र संतृप्त किया जा सके। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त उचित दर विक्रेताओं कि उनकी उचित दर दुकान पर सम्बद्ध 06 या 06 यूनिट से अधिक के राशनकार्ड धारकों को इससे अवगत करायें तथा उनकी सूची बनाकर अपनी ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक एवं आशा कार्यकत्री से समन्वय कर 06 या 06 यूनिट से अधिक के राशनकार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में अपना पूर्ण सहयोग करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कन्नौज जिले को ऐतिहासिक एवं अनुपम भेंट




**छिबरामऊ कन्नौज।** सुप्रभाष अकैडमी जेएसआईटीएम के संस्थापक स्व सुप्रभाष चंद्र सक्सेना के द्वारा लिखित शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास की किताब छात्र-छात्राओं को फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी संस्था के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने जानकारी दी। पिता जी स्व सुप्रभाष चंद्र सक्सेना जी के द्वारा लिखित इस ऐतिहासिक पुस्तक में सम्पूर्ण जिले के स्वतंत्रता संग्राम एवम वीर सेनानियो का ज्ञात इतिहास दर्ज है । जिले के समस्त नागरिकों को कन्नौज के स्वतंत्रता इतिहास की यह गाथा समर्पित करते हैं। स्व पिताजी ने हॉस्पिटल में एडमिट रहने के दौरान , अपने अंतिम दिनों में इस पुस्तक को पूर्ण किया। कोरोना खतम होने के उपरांत इस पुस्तक को अंतिम रूप देते मुझे करीब 1 वर्ष का समय लग गया , जिसके लिए क्षमा प्रार्थी हू। इस पुस्तक को धरातल पर लेकर आने में मदद करने वाले समस्त सम्मानित लोगो के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हू।अतिशीघ्र ही विमोचन के उपरांत यह ऐतिहासिक पुस्तक मेरे द्वारा स्थानीय प्रशासन के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों एवं डिग्री कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में निशुल्क वितरित की जाएगी ताकि हमारे यहां के छात्र छात्राएं भी स्थानी स्वतंत्रता सेनानियो एवं स्वतंत्रता इतिहास से परिचित हो सकें।

## विद्युत टीम ने छापेमारी कर काटे 81 कनेक्शन


विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद एसडीओ

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** एसडीओ अरविंद कुमार ने अरविंद कुमार मौर्य ने विकास कुमार अवर अभियंता, भूपेन्द्र कुमार कौशल अवर अभियन्ता, आशीष कुमार कार्यालय सहायक, आशिफ सिद्दीकी, विपिन चौरसिया, शिवम सिंह, अंकित कुमार, अरविंद कुमार, संजय सिंह, संतोष कुमार, शिव सागर, सौरभ कुमार ने नगर में छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई की। अलग-अलग गठित सात टीमों ने मेगा विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान विद्युत टीम ने नगर के जवाहर नगर, आजाद नगर, अफसरी, किदवई नगर, रामगंज, रामकिशन नगर, अशोक नगर, गांधी नगर में छापेमारी की। जिसमें अलग-अलग मोहल्ले में 81 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटकर राजस्व जमा करने की चेतावनी दी। जिसमे से 25 उपभोक्ताओं ने जामा किया गया। 08 लोगों का घरेलू से कमर्शियल में परिवर्तन किया गया। 15 उपभोक्ताओं का विद्युत भार बढ़ाया गया। 05 मीटर परिसर के बाहर किए गए। कुल 270000 रुपये राजस्व जमा कराया गया।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपने घर के बाहर बैठी महिला से गांव के लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र लेकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र ग्राम सराय दौलत निवासिनी मुन्नी बेगम पत्नी मोहम्मद हसन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रविवार को सुबह करीब 10.30 बजे जब वह अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के दबंग युवक आए और उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

## डॉटर्स डेः सोशल मीडिया पर छायी रहीं बेटियां

- दिन भर शुभकामनाएं और बधाई का चलता रहा सिलसिला



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बेटियां** किसी भी परिवार का एक अहम हिस्सा होती हैं। भारत में बेटियों को देवी लक्ष्मी (धन और समृद्धि की देवता) के रूप में देखा जाता है। प्रत्येक वर्ष बेटियों को विशेष महसूस कराने और अपने जीवन में उनके महत्त्व को समझने- समझाने के लिए एक दिन बेटी दिवस (डॉटर डे) के रूप में मनाया जाता है।

ब्लॉक क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने विद्यालय के फेसबुक पेज पर बेटियों की तस्वीर साझा कर सोशल मीडिया पर बधाई दी। वही होनहार बेटियों को माता पिता ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि उनके विद्यालय में बेटियों को आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। और सभी बेटियां अच्छे स्वभाव और शिक्षा के प्रति जागरूक है। कहा कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नही होता दोनों को ही समान समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेटी दिवस पर सरकार से चाहते है। कि बेटियों के लिए अच्छे से अच्छा कानून बनाया जाए। और उनकी सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूक करने के ठोस कदम उठाए जाएं। ताकि बेटियां भविष्य में आगे बढ़कर अपने माता-पिता के साथ देश का नाम रोशन कर सकें। सोशल मीडिया पर दिन भर बेटियां छाई रही। लोगों ने जमकर शुभकामनाएं और बधाईयां दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना की।

## मोदी ने दुनिया में किया देश का नाम रोशन


इस्माइलपुर में अल्पसंख्यक जोड़ो अभियान के दौरान मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

- अल्पसंख्यक जोड़ो अभियान में पदाधिकारियों ने की अपील

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**रविवार** को ग्राम इस्माइलपुर में अल्पसंख्यक जोड़ो कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री मखमूल अहमद द्वारा किया गया। जिसमें पदाधिकारियों ने लोगों से भाजपा से जुड़ने की अपील की। कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्ग, धर्म, जातियों को हक व सम्मान दिलाने का कार्य कर रही है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवि शंकर हवेलकर पूर्व सद्स्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य स्तरीय सलाहकार समिति उत्तर प्रदेश शासन व अतिथि अकील अहमद खान राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा समर्थक मुस्लिम महासंघ ने कहा कि मोदी योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। आज दुनिया भर के देश मोदी का नाम ले रहे है। भाजपा शासन में देश विश्वगुरू बनने जा रहा है। जबकि विरोधी दल इंडिया गठबंधन बनाकर एक दूसरे को समाप्त करने का षड़यंत्र रच रहे है। आज देश में मोदी का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा के ऐतिहासिक कार्यों ने विरोधियों को परास्त कर दिया है। आगामी 2024 में भी फिर से जनता भाजपा व मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाने का कार्य करेगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, अशफाक खान, जहीर कोटेदार, नूर आलम, शमशाद फौजी, सैयद खान, महफूज खान, शमशुल खान, जावेद सिद्दीकी, रामरतन शाक्य, विजय पाठक, फरहान, वाशिम, अफरोज आलम आदि मौजूद रहे।

## श्री गणेश पंडाल में पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**प्रेमपुर** सेवा समिति की तरफ से गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया जो हिंदू जागरण मंच पदाधिकारी ने गणेश भगवान की आरती कर प्रसाद ग्रहण कियाकि हर बार की बात इस वर्ष भी नमीवार गणेश भगवान विराजमान किए गए कल की रात गा मा देवी म्यूजिकल ग्रुप कानपुर की तरफ से सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई और भक्त जनों ने भक्त जनों ने झांकियां देखी और खूब ताली बजाई इस मौके पर आचार्य गिरीश चंद्र दुबे सत्येंद्र यादव सोनू शर्मा विपिन तोमर अमरदीप वर्मा भोलू पाल विनीत गुप्ता विवेक दुबे अशीष शाक्य पंकज यादव रजनीश यादव पिंटू यादव आज कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज द्वारा संचालित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम 2023 में आज रात्रि 8.00 बजे नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे वह नगर इंचार्ज राहुल शर्मा द्वारा श्री गणेश भगवान की आरती उतारी गई तथा उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ कार्यक्रम की शुरुआत श्री शनि देव की आरती के द्वारा प्रारंभ हुआ शनि देव के रूप में सजे अंश भदोरिया ने सबका मन मोह लिया तथा यशिका रानी ने चंदा ने पूछा तारों से तारों ने पूछा हजारो से सबसे प्यारा कौन है पापा मेरे पापा नामक गीत पर बनी अपनी प्रस्तुत दी दर्शकों की वाह बाई लूटी श्री कृष्ण जन्म लीला का मंजन श्री दशरथ श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया जिसे देख सभी भाव विभोर हो गए महिषासुर बध नामक नाटक में महिषासुर बने यश तिवारी भैरव बने अमन शर्मा दुर्गा जी बनी तनु आदि ने बहुत तालियां बटोरी मेरा दिल तुझपे कुर्बान मुरलिया वाले रे नामक गीत पर पागल का स्वरूप धारण कर कललू ने अपनी प्रतिभा दिखाई जिसे देख दर्शन बहुत खुश हुए कार्यक्रम शुरू होते गए पंडाल में बैठे दर्शक उठने का नाम नहीं ले रहे थे कार्यक्रम का प्रस्तावित समय रात्रि 8ः00 बजे से 11ः00 बजे निर्धारित किया गया है 11 बचने के बाद भी दर्शक बच्चों की जीवंत झांकियां देख मोहित हो गए और उठने का नाम नहीं ले रहे थे उसके बाद फागुन में होली खेलूंगी मैंने कर ली है सब तैयारी पिया मंगवा दे मोर पिचकारी नमक गीत पर सभी ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया तथा समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी को पुनः अवगत कराया कि श्री गणेश भगवान जी का विसर्जन दिनांक 28 सितंबर 2023 को होना था लेकिन कुछ अपरिहार कारण बस तथा प्रशासनिक आज्ञानुसार श्री गणेश भगवान जी का विसर्जन अब 28 सितंबर 2023 के स्थान पर 29 सितंबर 2023 को होना तय हुआ है विसर्जन 29 सितंबर 2023 को इंदिरा आवास कॉलोनी से ककरारी तालाब पर विसर्जन यात्रा प्रात हवन पूजन के बाद 9.00 बजे प्रारंभ होगी विसर्जन यात्रा में सभी समिति के सदस्यों एवं श्री गणेश जी के भक्तों से सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया गया जिससे शोभा यात्रा की सुंदरता बढ़ सके कार्यक्रम का संचालन श्री दशरथ श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी को प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# आयुष्मान भव कार्यक्रम का अश्नील ने फीता काटकर किया शुभारम्भ



आयुष्मान भव कार्यक्रम में मौजूद अश्नील दिवाकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत भोलेपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान कार्ड बनाये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्दघाटन किया। सरकार की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र पर पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये और विभिन्न प्रकारकी निःशुल्क जांचें की गई।

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में निरक्षरों ने दी परीक्षा

## राष्ट्रीय बालिका दिवस मीना जन्मोत्सव के साथ धूमधाम से मनाया गया



भारत साक्षरता परीक्षा में भाग लेंती महिलायें

> मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अध्यापकों व छात्रों ने सुना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में साक्षरता परीक्षा में निरक्षरों ने भाग लिया। साथ ही राष्ट्रीय बालिका दिवस मीना जन्मोत्सव के रुप में मना और प्राथमिक विद्यालय मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

रविवार को अवकाश होने के बावजूद परीक्षा सम्पन्न करायी गई। भारत साक्षर अभियान के तहत तीन निरक्षरों ने परीक्षा दी। विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला व सहायक अध्यापक योगेन्द्र कुमार की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न हुई। निरक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से परीक्षा का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री के मन की बात प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के अध्यापक, कर्मचारी व ग्रामीणों एवं बच्चों ने सुनी। राष्ट्रीय बालिका दिवस को मीना जन्मदिन के तहत मनाया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों को क्रीम विस्कुट के पैकेट वितरित किए। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने कहा कि मीना एक सहासी बालिका थी।

आर्थिक तंगी होने के कारण परिवार के लोग उसे पढ़ा नहीं पा रहे थे। विषम परिस्थितियों में उसने अपनी पढ़ाई जारी रखी और नियमित विद्यालय पहुंचकर साक्षर बनी और उसके पढ़ने के बाद अपने परिवार का जिम्मा खुद उठाया। कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, पेशकार, गिरन्द सिंह, प्रेमवती, मोहिनी, आशा, उमा आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मांगों को लेकर 18 अक्टूबर को लखनऊ में शिक्षा मित्र करेंगे आंदोलन



शिक्षा मित्र के कार्यक्रम में मौजूद प्रांतीय महामंत्री व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 28 अक्टूबर को प्रांतीय व्यापी आंदोलन लखनऊ में आयोजित होने के लिए रुपरेखा तय हुई। साथ ही समीक्षा बैठक सुबोध कांवेंट पब्लिक स्कूल में प्रांतीय महामंत्री सुनील यादव व प्रांतीय मंत्री अरविन्द वर्मा ने कहा कि संघर्ष करने के लिए आंदोलन की बहुत जरुरत है।

मांगों को लेकर प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 18 अक्टूबर को लखनऊ में आंदोलन होगा। जिसमें जनपद से ज्यादा से ज्यादा शिक्षा मित्रों से कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आह्वान किया गया। समस्याओं का निराकरण, बकाया तीन माह का मानदेय एवं मूल विद्यालय में वापसी आदि समस्याओं को लेकर आंदोलन होगा। साथ ही शिक्षा मित्रों को नियमित करने व निर्णायतीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक समान कार्य वेतन व 12 माह तक किये जाने की सरकार से मांग की है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ऋषि पाल सिंह यादव, प्रदीप गौतम, ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रवीण कटियार, दल सिंह यादव, दीपक भास्कर, राजेश कुमार, जगपाल, धर्मेन्द्र सिंह, कमलेश कुमार, श्याम दयाल, हरि सिंह, बलराम, नारायनदत्त पाठक, साजिद अली, कमलेश गौतम आदि दर्जनों लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मेले में गर्भवती महिलाओं का हुआ परीक्षण, लगाये गये टीके



स्वास्थ्य केंद्र पर फीता काटकर उद्घाटन करती डा0 शोभा सक्सेना

> दिव्यांग प्रकोष्ठ के सह संयोजक अभिषेक त्रिवेदी ने रखे विचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार की सरकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में एक साथ नगरी स्वास्थ्य केद्रों पर स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया गया। जिसके अंतर्गत आयुष्मान भारत नगरी हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर रकाबगंज में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक व राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी एवं नगरी स्वास्थ्य केंद्र की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर शोभा सक्सेना ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया एवं गर्भवती महिलाओं ने टीकाकरण एवं अपने स्वास्थ्य से जुड़ी हुई सभी जांचों को निःशुल्क कराया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ समृद्ध साली बनाना चाहती है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार के आयुष्मान कार्ड होने चाहिए, ऐसे में प्रदेश में केंद्र की मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भव के अंतर्गत अब हर व्यक्ति अपने-अपने मोबाइल से आयुष्मान कार्ड को बना सकता है। केंद्र व प्रदेश की सरकार हर भारतवासी को स्वस्थ देखना चाहती है।

इस मौके पर समाजसेवी संजय गर्ग ने विचार रखे। डा0 शोभा सक्सेना ने कि हर रविवार को अभियान के अंतर्गत सभी मरीजों को अच्छी तरीके से उनके स्वास्थ्य का परीक्षण नियमित रूप से जारी रहेगा। इस मौके पर सरोज पांडे, कुमारी कंचन, विकल्प कुमार, दीपक कुमार, पंकज कुमार, कुमारी शीतल सहित कई मरीज ने भी भाग लिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान में भाग लेते स्वयंसेवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुन्दर लाल के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में मेरी माटी मेरा देश एवं स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन हुआ। अभियान के अन्तर्गत स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, सफाई अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्यों में साक्षरता, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता आदि पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न गतिविधियों के बारे में विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने राष्ट्र प्रेम एवं समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत कार्यक्रम को सफल बनाया है। कार्यक्रम प्रभारी डा0 सुन्दर लाल ने स्वयंसेवकों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश के युवाओं में व्यक्तित्व विकास करने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। यह हर वर्ष 24 सितंबर को मनाया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर सन् 1969 ई0 को की गई थी। इस संगठन की स्थापना की बात आजादी पूर्व से दिवगंत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समय से चल रही थी। जिसे अंतिम रूप तत्कालीन शिक्षामंत्री डा0 वी0के0 आर0वी0 राव द्वारा 24 सितंबर 1969 को 37 विश्वविद्यालयों में आरंभ करके किया गया। जिसमें करीब 40 हजार स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस दिन आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। इस मौके पर स्वयंसेवक सूर्यकांत, सुमित, प्रांशु कटियार, वंश, शौर्य सुमित आदि के साथ-साथ राजेश ने भी अभियान को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया।

# भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रा0वि0 जनैया सठैया में पांच निरक्षरों ने दी परीक्षा



परीक्षा में भाग लेते निरक्षर मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा का आयोजन विकास खण्ड बढ़पुर के प्राथमिक विद्यालय जनैया सठैया में एन0आई0एल0पी0 नोडल उत्कर्ष यादव ने परीक्षा सम्पन्न करायी। शासनादेश के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की परीक्षा विभिन्न स्कूलों में सम्पन्न हुई। जिसके तहत प्राथमिक विद्यालय जनैया सठैया में पांच निरक्षरों ने विद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा में भाग लिया। साथ ही एक निरक्षर अनुपस्थित रहा। परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होकर दोपहर 1 बजे तक सम्पन्न हुई। परीक्षा का उद्देश्य है कि निरक्षर भी साक्षर बने। जिसके तहत विद्यालय में परीक्षा का आयोजन हुआ। भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा में भाग लेने वाले निरक्षरों की उम्र की कोई बाध्यता नहीं है। जब चाहें तब साक्षर होने के लिए प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। जिसके तहत रविवार को परीक्षा सम्पन्न करायी गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद की कराटे टीम 9 सितम्बर को मण्डल विजेता बनी थी। जिसके तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितम्बर से 28 सितम्बर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में होगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का चयन टीम के कोच पुष्कर भारद्वाज व टीम प्रभारी निहारिका चौहान ने की। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने जारी आदेश कर मण्डल में जीत हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी थी। जिला कराटे संघ के सचिव पारस भारद्वाज ने पूरी एसोसिएशन को बधाई दी और कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीतने के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी।

# राठौर साहू समाज के अधिवेशन में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया गया सम्मानित



कार्यक्रम में सम्मानित छात्रायें व मौजूद मंचासीन अतिथि व समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला राठौर साहू समाज का 32वां अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चन्द्र राठौर ने की। संचालन इंद्रा राठौर ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अधिवेशन में 188 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फिरोजाबाद की मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि समाज को संगठित होकर एक एक मत से चुनाव में समर्थन करना चाहिए। उन्होंने मेधावियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों द्वारा टॉपटेन बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला आफजाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि आईएस व पीसीएस बनने के लिए अध्ययन करना बहुत जरुरी है। फतेहचन्द्र राठौर ने कहा कि समाज को एकजुट होने आवाह्न किया। विजय राठौर ने बच्चों को पुरुस्कार वितरित करवाये। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयास से बच्चे यहां तक पहुंचे है। विधायक सुशील शाक्य ने भी कहा कि खूब पढ़ो और अधिकारी बनो, जिससे समाज की तरक्की हो। जिलाध्यक्ष रामसिंह राठौर ने समाज के लिए उत्थान की बात कही और कहा कि कार्यक्रम करने से मेधावियों का सम्मान होता है और समाज के लोग एक मंच पर आकर अपने विचारों को साझा करते है। पूरे जनपद से आये सजातीय बंधुओं व मेधावियों का राम सिंह राठौर सम्मानित किया। सभी ने एक साथ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर अरविन्द साहू, अनिल कुमार राठौर, किशन पाल राठौर, उमेश राठौर, सुधीर राठौर, पंकज, रमेश, राकेश राठौर मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष का भी स्वागत किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन संघ की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। पूर्व प्रधानाचार्य रामनरेश मराल ने प्रस्ताव पास किया कि संगठन को प्रभावी एवं सशक्त बनाये रखा जाये। ताकि सेवानिवृत्तों के हित सुरक्षित रह सकें। जगदीश चन्द्र कटियार ने कहा कि सेवानिवृत्त होने के पश्चात 5 से 10 एवं 15 वर्षों के पश्चात पेंशनों में बढ़ोत्तरी की जानी चाहिए। 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को एक वेतन वृद्धि मिलनी चाहिए। राममुराली शुक्ला ने कहा कि जिला सम्मेलन किया जाये। सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर दिनांक तय करने की बात कही। महामंत्री एस0एस0 तोमर ने कहा कि सदस्यता हेतु सभी लोग प्रयास करें, ताकि शत-प्रतिशत सदस्यता हो सके। इस मौके पर प्रवेन्द्र कुमार श्रीमाली, रेनू कुमार, चन्द्रप्रकाश शर्मा, पीडी वर्मा, जगदीश कटियार, ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री, आनन्द त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की कमेटी का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** आवास विकास स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में बैठक कर कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अरुण राठौर को दी गई व महामंत्री उमेश चंद्र गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष आयुष कटियार को बनाया गया है। व0 उपाध्यक्ष डॉ0 बृजभूषण सिंह बने। दिनेश चंद्र को उपाध्यक्ष बनाया गया।, शिवम पटेल, धनंजय कनौजिया, मृदुल कटियार मंत्री बने। संदीप पांडे, अर्पित अग्निहोत्री, कमलेश अग्निहोत्री, जनार्दन, मनोज, गिरीश चंद्र पदाधिकारी बने। संरक्षण मंडल में पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, अनिल भदौरिया, हरनाम सिंह कटियार, विजय कटियार, रविंदर गंगवार, रविंद्र कुमार गुप्ता, प्रेम नारायण दुबे, सुरेश चंद यादव, नाहर सिंह भदौरिया, श्रीनिवास गुप्ता को बनाया गया है। बैठक में नवरात्रि में मां दुर्गा की मूर्ति व प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया।

# श्रीमद् भगवत कथा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



बैठक में मौजूद बीके शोभा बहन व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अंगूरीबाग जटवारा जदीद आश्रम पर रविवार सुबह बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 18 दिसंबर से 24 दिसंबर में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के संदर्भ में बीके शोभा बहन ने विचार रखे और उन्होंने कहा कि सभी भाई बहनों को उनकी जिम्मेदारियां दी जायेगी। जिसमें दतिया से बीके दीपा बहन कथावाचक रहेगी। कथा का आयोजन पांचाल घाट रोड स्थित रतन कोल्ड स्टोरेज में आयोजित होगी। जिसमें सभी के तन मन धन के सहयोग की आवश्यकता है। कथा में करीब 5-6 लाख रूपये का खर्चा होगा।

सभी भाई बहनों ने उमंग उत्साह से सेवा करने के लिए अश्वासन शोभा बहन को दिलाया। बैठक में देव कुमार शर्मा, सुआलाल मिश्र, अजीत शर्मा, अभिलाख, गंगा सिंह, मानसिंह, रवि शर्मा, विनोद, अंकित कपूर, दीनदयाल, राजेश, प्रवीण, कार्तिकेय, रामशरण, हेमचंद्र, रामेंद्र, सुमन, मीरा आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा वह कुंजी है जिससे सब द्वार खुल जाते हैं: बसपा जिलाध्यक्ष



जज हिमानी के साथ परिजन व बसपा जिलाध्यक्ष

> जज बनी दलित समाज की बेटी हिमानी गौतम का जनपद आगमन पर बसपाईयों ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों दलित समाज की बेटी ने जनपद का नाम रोशन करते हुए सिविल जज की परीक्षा पास की थी। जिस पर समाज ने उन्हें जमकर बधाइयां दी थी। रविवार को वह अपने गृह जनपद भोलेपुर नगला राजन पहुंची तो समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। बधाई देने पहुंचे बसपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह आंबेडकर व कानपुर के बसपा मंडल प्रभारी राम नरेश गौतम ने दलित समाज से जज बनी हिमानी गौतम को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा वह कुंजी है जिससे सब द्वार खुल जाते है। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जिसे पीकर हिमानी गौतम ने जज बनके दहाड़ लगाई है। समाज की समस्त लड़कियों के लिए हिमानी एक संदेश है, प्रेरणा है।

हमारी समाज के लोगों से अपील है कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे और पढ़ाये। जिससे वह परिवार का नाम रोशन कर सकें।

वही बसपा कानपुर मंडल प्रभारी रामनरेश गौतम ने कहा कि हिमानी बाबा साहब के बताए आदर्शों पर चलकर समाज का भला करेंगी। जज बनी हिमानी ने कहा कि बाबा साहब की देन है आज महिलायें उच्च पदों पर काबिज है। सभी महिलायें आगे बढ़े और पढ़े। जिससे वह अपने पैरों पर खड़े होकर अपने देश का नाम रोशन कर सकें।

# फतेहगढ़ स्टेशन पर ग्रुप लीडर किरन कश्यप के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्रुप लीडर किरन कश्यप द्वारा रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत लोगों को जागरुक किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इज्जतनगर महादेवी वर्मा ग्रुप फतेहगढ़ मण्डल की वरिष्ठ संरक्षाधिकारी नीतू के आदेशानुसार विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि सपनों के लिए बिना मेहनत की नींद चाहिए और लक्ष्य के लिए बिना नींद की मेहनत। ज्वलनशील पदार्थ (स्टोव, गैस सिलेण्डर, कैरोसिन, पैट्रोल, डीजल, विस्फोटक पदार्थ इत्यादि) धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट) आदि का चलती ट्रेन में प्रयोग न करें और यात्रा के दौरान पायेदान, छत, कपलिंग पर न बैठे। यात्री दिव्यांगजन कोच का प्रयोग न करें वह केवल दिव्यांगों के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि यात्री मवेशियों को ट्रैक पर न चराये और न ही ट्रैक पार करे। रेलवे ट्रैक पार करते समय एयरफोन का प्रयोग न करें।

जिससे कोई भी दुर्घटना हो सकती है। रेलवे द्वारा बनाये गये नियमों का सभी लोग पालन करें, आदि जागरुकता कार्यक्रम के साथ छात्राओं को शपथ दिलायी गई। साथ ही उन्होंने रेल संरक्षण के बारे में जानकारियां दी और कहा कि हर व्यक्ति जानकारी रखे। जानकारी ही बचाव है। इसलिए सभी लोग रेलवे के नियमों का पालन करें। इस मौके पर सहायक ग्रुप लीडर पूजा, गाइड कैप्टन ज्योति शुक्ला, आरपीएफ के जवान व स्टेशन अधीक्षक एवं कर्मचारी आदि लोगों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, सोमवार, 25 सितम्बर, 2023










# जानलेवा हमले में घायल पूर्व प्रधान की अस्पताल में मौत

- बीती 9 सितंबर को खेत से बरसात का पानी निकालने को लेकर हुआ था विवाद
- पुलिस ने गांव के ब्रह्मानंद समेत अन्य लोगों पर मामूली धाराओं में दर्ज किया था मुकदमा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत में भरे बरसात के पानी को निकाले जाने को लेकर दो पक्षों के मध्य हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल पूर्व प्रधान की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर बैरागर निवासी पूर्व प्रधान रक्षपाल पुत्र रामसनेही का गांव के ही ब्रह्मानंद से खेत में भरे बरसात के पानी जिसे निकाले जाने को लेकर विवाद हो गया था। बताया गया है पीड़ित किसान का खेत ब्रह्मानंद के खेत के निकट लगा हुआ है। बरसात का पानी जो पीड़ित के खेत में भर रहा था। जिसे पीड़ित निकालने का प्रयास कर रहा था। आरोप है ब्रह्मानंद ने अपने खेत की मेड़ को ऊंचा कर दिया था। जिससे पानी नहीं निकल पा रहा था, जबकि पीड़ित पानी को निकाल रहा था। उसी दौरान आरोपी से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि ब्रह्मानंद, सदानंद पुत्रगण सुखलाल तथा पवन पुत्र ब्रह्मानंद आदि लोगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा फावड़े से सिर में प्रहार कर दिया। जिससे पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 9 सितंबर दोपहर 12 बजे की है। गंभीर रूप से घायल पूर्व ग्राम प्रधान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां भी हालत गम्भीर होने पर उसे जनपद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा था। जब यहां हालत बिगड़ी तो परिवार के लोगों ने कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बीते दिवस की शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पीड़ित द्वारा आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें लाठी-डंडों तथा फावड़े से गंभीर रूप से घायल कर देने का उल्लेख किया गया था, लेकिन शमशाबाद थाना पुलिस द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से ना लेकर मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। परिणाम जिंदगी और मौत से संघर्ष करने वाले पूर्व ग्राम प्रधान की आखिरकार दर्दनाक मौत हो गई। जब इस मामले की जानकारी शमसाबाद पुलिस से की गई तो पुलिस का कहना था आरोपियों में कुछ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई थी।


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

## पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी आवास विकास बढ़पुर थाना कादरीगेट को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध अ0सं0 381/14 धारा 406, 504, 506 भा0द0वि0 में मुकदमा दर्ज था। यह काफी समय से फरार चल रहा था। आखिरकार आज यह पुलिस की गिरफ्तार में आ ही गया।

# गीता एक ऐसा ग्रंथ जिसकी जयंती मनायी जाती

- मुख्य अतिथि डॉ0 उमेश पालीवाल ने रखे विचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भगवत गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन बिर्राबाग स्थित रेडियन्टो हॉस्पिटल एवं काम्पलेक्स सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 उमेश पालीवाल ने कहा कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है जिसकी जयंती मनायी जाती है। गीता कार्य का रास्ता दिखाती है। गीता पूज्यनीय व अनुकरणीय है। सर्वभाव, सर्वधर्म की बात करती है। मुख्य वक्ता अमर नाथ ने कहा कि बलिराम हेडगेवार कहा करते थे प्रत्येक हिन्दू को सम्मान की नजरों से देखा जाये। उन्होंने कहा कि गीता का वितरण व जाप करना चाहिए। उमेश गुप्ता ने कहा कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है जो स्वयं भगवान के मुख से संबोधन हुआ। गीता के माध्यम से हम विश्व गुरु बनने की ओर है। ओमकारदास महाराज ने कहा कि गीता पढ़ने के बाद कुछ भी शेष नहीं रह जाता है। अनिल सिंह ने कहा कि गीता और गंगा के बारे सबको जानना चाहिए। मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि जैसे कार्य करना अनिवार्य है। व्यक्ति उसी तरह गीता पढ़े और अपने बच्चों को गीता अवश्य पढ़ाये। रंगनाथ मिश्रा ने कहा कि पतित पावनी गंगा के तट पर गीता पढ़ने से जीवन धन्य हो जाता है। श्याम सिंह ने कहा कि गीता मेरी पूजा है, गीता मेरा धर्म है। डा0 सुबोध वर्मा ने कहा कि वर्तमान एक यज्ञ है और प्रत्येक सनातनी इस यज्ञ में आहूति डाले। निशा गौतम, डा0 रजनी सरीन, प्रवीण, कमल किशोर पाण्डेय ने गीता के बारे में विचार रखे। इस मौके पर अनिल प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र सिंह, अलका सिंह, अरविन्द, प्रशांत पाठक, आशू अवस्थी, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रभात अवस्थी, महेश पाल सिंह उपकारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

# अलेपुर मार्ग पर लगने वाले जाम से लोग हलकान

- रविवार को भी काफी लंबा लगा जाम, घंटों फंसे रहे वाहन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना चौराहे के निकट अलेपुर मार्ग पर रविवार को काफी लंबा जाम लग गया। जिसे मुख्य मार्ग पर आवागमन काफी देर तक अवरुद्ध रहा। सड़क किनारे आड़े तिरछे वाहन खड़े कर देने से जाम की स्थिति उत्पन्न हुई।

शमशाबाद थाना चौराहे पर अक्सर डग्गामार वाहनों से जाम के हालात देखे जा रहे हैं। परिणामस्वरुप लोगों को जाम की समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है। बताते हैं विगत दिनों पूर्व जाम की समस्याओं को लेकर कुछ जनप्रतिनिधियों ने इसका विरोध किया था, तो शमशाबाद थाना पुलिस ने डग्गामार वाहनों को अनयंत्र स्थानों रामलीला मैदान के निकट खड़ा करने के आदेश दिए थे। साथ ही नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण फैलाने वाले व्यापारियों को भी चेतावनी देकर कार्रवाई के आदेश दिए थे। बताया गया है वर्तमान में सड़क किनारे जहां एक ओर व्यापारियों द्वारा फुटपाथ तक अतिक्रमण फैलाया गया है, वहीं दूसरी ओर सड़क पर डग्गामारी करने वाले छोटे बड़े वाहनों को भी जाम का प्रमुख कारण माना जा रहा है। परिणाम लोगों को आए दिन जाम की समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। बताते हैं शमशाबाद थाना चौराहे से अलेपुर चिलसरा फर्रुखाबाद मार्ग तथा पीएनबी चौराहा शमशाबाद के अलावा ढाईघाट शमशाबाद ढलान पर भी डग्गामार वाहनों की भीड़ देखी जा रही है। यहां भी व्यापारियो द्वारा फैलाया गया अतिक्रमण जिसे सड़क किनारे फुटपाथ तक देखा जा रहा है यही कारण है मुख्य पर मार्ग पर अक्सर जाम देखा जाता है। रविवार को भी थाना चौराहे से अलेपुर जाने वाले मार्ग पर दोपहर के वक्त डग्गामार वाहनों की भीड़ के चलते जाम लग गया। शमशाबाद थाना पुलिस को अवगत कराया तो पुलिस मौके पर पहुंची और जैसे तैसे डग्गामार वाहनों को हटवा कर जाम खुलवाया। बताते हैं फैजबाग शमशाबाद तथा अलेपुर फर्रुखाबाद मार्ग पर लगभग आधा सैकड़ा मैजिक, टेंपो देखे जा रहे हैं। यही डग्गामार वाहन मुख्य मार्ग पर जाम का प्रमुख कारण बन रहे हैं। यह पुलिस की मेहरबानी से बेखौफ दौड़ रहे हैं।



अलेपुर मार्ग पर लगा जाम

## दो वांछित आलाकत्ल फावड़ा सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को आलाकत्ल एक अदद फावड़ा सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 9 सितंबर को शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर बैरागर निवासी पूर्व प्रधान रक्षपाल पुत्र रामसनेही का गांव के ही ब्रह्मानंद से खेत में भरे बरसात के पानी जिसे निकाले जाने को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर ब्रह्मानंद पुत्र सुखपाल व सदानंद पुत्र सुखपाल ने रक्षपाल पर फावड़े से हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था। पुलिस ने मामूली धारा 227/2023 धारा 323, 504, 506/34 भा0द0वि0 में मुकदमा दर्ज किया था। रविवार को पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर अभियुक्तों की घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। वहीं कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती रक्षपाल की आज मौत हो गयी।

# युवक ने बुजुर्ग को लाठी से पीट-पीटकर किया लहूलुहान, अस्पताल में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रुपए व शराब न देने पर एक दबंग युवक ने अधेड़ व अन्य लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, लेकिन तब तक दबंग युवक फरार हो चुका था।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम कन्हायो निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र वेदराम ने थाना कमालगंज पुलिस को दी तहरीर में बताया की मेरी ग्राम भूलनपुर चिरपुरा में खेती है। जिसकी देखभाल करने मैं अपने गांव से आता जाता रहता हूं। रविवार को जब मैं जीरागौर ग्राम के पास शराब लेने के लिए गया, तो देशी शराब की दुकान के पड़ोस में स्थित गांव नगू नगला निवासी होतेलाल पुत्र रामस्वरूप शराब पीने के लिए मांगने लगा। मना करने पर मुझे व अन्य ग्राहकों के साथ लाठी लेकर मारपीट करने लगा। युवक की पिटाई से एक बुजुर्ग लहूलुहान हो गया। इसके अलावा वहां पर मौजूद अन्य लोगों के भी काफी चोटें आयीं। युवक ने कहा कि यहां जो भी शराब लेने आयेगा वह उसे या तो शराब दे अन्यथा पैसे दे। जिससे लोग सहम गये। ठेका संचालक ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी।


घटना की जानकारी देते घायल लोग

# भाकियू की पंचायत में उठायी गयीं जन समस्यायें, भ्रष्ट अधिकारी रहे निशाने पर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की पंचायत वीरेंद्र गुप्ता के प्रतिष्ठान कंपिल रोड कायमगंज में हुई। पंचायत की अध्यक्षता प्रताप सिंह गंगवार संगठन सचिव द्वारा की गई। पंचायत में वीरेंद्र कुमार गुप्ता को नगर अध्यक्ष कायमगंज व अनूप गुप्ता को नगर महासचिव नियुक्त किया गया था। इन्होंने 11 सदस्यों की कार्यकारिणी बना ली। आज प्रथम पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि देश में महंगाई, बेरोजगारी बड़ी मात्रा में बढ़ गई है। वहीं विभिन्न विभागों में तैनात अधिकारी कर्मचारी बगैर रिश्वत लिये कोई काम नहीं करना चाहते हैं। जिससे किसानों के काम नहीं हो रहे हैं। बाढ़ राहत, घर गिरी व फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला। वहीं जनपद में बाढ़ से गंगा नदी व राम गंगा की सड़क कट गई। जिसका निर्माण नहीं कराया गया। बाढ़ के बाद बीमारियां बुखार, मलेरिया, टायफाइड, उल्टी, दस्त, खुजली के मरीज बढ़ रहे हैं। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में सही इलाज नहीं मिल रहा है। लोग परेशान हैं। डेरी प्रोडक्ट दूध मानक के अनुसार नहीं है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैंपल न भरने के 5000 रिश्वत वसूल कर रहे हैं। आगामी समय त्योहारों का है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की अवैध वसूली पर अंकुश लगाया जाए। कस्बा में बाजार बंदी रविवार को नहीं हो रही है। संबंधित अधिकारी कर्मचारी को दंडित किया जाए। आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, अनूप गुप्ता नगर महासचिव, प्रताप सिंह गंगवार जिला संगठन सचिव, महिपाल सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष, विनीत कुमार सक्सेना जिला मीडिया प्रभारी, राजू कौशल, राहुल गुप्ता, अनुज सक्सेना, सुनील कुमार, सूरज पाल, प्रशांत गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद भाकियू पदाधिकारी

# आदर्श रामलीला परिषद की बैठक सम्पन्न, सौंपी गयीं जिम्मेदारियां


बैठक के दौरान मौजूद रामलीला कमेटी के पदाधिकारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के बाजार के समीप पुरानी तहसील के सामने आदर्श रामलीला अमृतपुर की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक में लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। मुख्य संरक्षक भास्कर दत्त द्विवेदी, संरक्षक थाना अध्यक्ष अमृतपुर, अध्यक्ष राम दुलारे अवस्थी पूर्व प्रधानाध्यापक, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य अमृतपुर, मुख्य मेला प्रबंधक सुनील कुमार अवस्थी, कौशल अग्निहोत्री, शैलेश अवस्थी, सहप्रबंधक प्रदीप अग्निहोत्री, ओमप्रकाश अवस्थी उर्फ नन्हें उस्ताद, प्रभात शुक्ला उर्फ चंदन, शीलू अवस्थी, गोपाल सक्सेना, गौरव शर्मा, सूरजभान अवस्थी, कोषाध्यक्ष कौशल अग्निहोत्री, कानूनी सलाहकार विनोद प्रकाश द्विवेदी नोटरी एडवोकेट, मंत्री महेश चंद्र अवस्थी पूर्व प्रधानाध्यापक, उप मंत्री रामनरेश अवस्थी पूर्व प्रधानाध्यापक, ऑडिटर चंद्रशेखर अग्निहोत्री उर्फ मिंटू कथाव्यास, मनोज अवस्थी उर्फ पिंकी, राधेश्याम अवस्थी उर्फ दद्दा, मंच संचालक रामऔतार अग्निहोत्री, बलराज सिंह गहरवार, कुंज बिहारी अवस्थी आदि लोगों को पद वितरित किए गए।

इसके बाद समस्त ग्रामवासियों द्वारा अपने-अपने हस्ताक्षर किए गए। जिसके बाद ग्राम प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी द्वारा मंच का निरीक्षण किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## देवर-देवरानी के साथ मारपीट में जेठ-जेठानी समेत पुत्रों पर एनसीआर दर्ज

**संकिसा (सं.)।** नगर के थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी श्री राजनाराण की पत्नी विमला देवी ने अपने जेठ उद्देश्य नारायण पुत्र रामस्वरूप व जेठ के पुत्र रामू तथा अजय उर्फ श्यामू एवं जेठानी सीता के विरुद्ध मारपीट की एन सी आर दर्ज कराई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार शनिवार को उपरोक्त आरोपितों ने मेरे साथ मारपीट की और खुद मेरे विरुद्ध थाने में शिकायती पत्र दे गए। रविवार को मेरे पति श्री राजनाराण घर से गेहूँ पिसाने जा रहे थे तो उपरोक्त लोगों ने मेरे पति को घर पर ही दबोच लिया और मेरे व मेरे पति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी जिससे हम लोगों के काफी चोटें आई। मेरापुर पुलिस ने घायल दम्पति का सीएचसी मोहम्मदाबाद में चिकित्सीय परीक्षण करवाया और तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज (सं.)।** क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी राजेश की (19) वर्षीय पुत्री रश्मी ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी रूचि (25) पत्नी जागन, कायमपुर कायमगंज निवासी जुगुल किशोर की (17) वर्षीय पुत्री गुंजन व कम्पिल क्षेत्र के गांव पचरौली महादेवपुर निवासी उर्मिला देवी (36) पत्नी जौहर सिंह घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गुंजन व उर्मिला को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## महिला को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**कायमगंज (सं.)।** क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी अंजली (35) पत्नी अमित को जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## अधेड़ की मौत पर मचा कोहराम

**कायमगंज (सं.)।** कम्पिल क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी नाथूराम (55) पुत्र कंचन सिंह की रविवार को अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## पत्नी की गैरइरादतन हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**संकिसा (सं.)।** नगर के कस्बा व थाना मेरापुर निवासी धर्मवीर पुत्र मान सिंह को दहेलिया चौराहे के पास से दरोगा धर्मेन्द्र सिंह गहलोत ने गैरइरादतन पत्नी विनीता की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गौरतलब है कि कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव सनौड़ा ईश्वरी निवासी सुधीश ने मेरापुर निवासी बहनोई धर्मवीर व धर्मवीर के भाई सोनू के विरुद्ध बहन विनीता की मौत के मामले में गैरइरादतन हत्या का केश दर्ज कराया था।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**मेरापुर (सं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेरापुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त धर्मजीत पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम मेरापुर थाना मेरापुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 180/23 धारा 323, 504, 304 भादवि में मुकदमा दर्ज था। जिसमें वह वांछित चल रहा था।

# अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते अरविन्द राजपूत व अन्य

- बाबूजी कल्याण सिंह ने सर्व समाज के लिए जो अविस्मरणीय कार्य किये उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता: रुपेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा की ओर से भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह सेंट्रल जेल चौराहे के पास बेचेलाल वर्मा के आवास पर आयोजित किया गया।

स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने भव्य स्वागत से अभिभूत अपने को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि लोधी समाज के लिए हर समय कदम से कदम मिलाकर रहता हूँ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सनातन के पुरोधा बाबू जी कल्याण सिंह ने सर्व समाज के लिए जो अविस्मरणीय कार्य किये उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उन्होने मौजूद लोगों को खुद माला पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से संरक्षक बेचेलाल वर्मा, प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिला अध्यक्ष महेश चंद्र राजपूत, महामंत्री राम लड़ैते राजपूत, वरिष्ठ महामंत्री अरविंद राजपूत, रामगोपाल वर्मा, नवीन राजपूत, अनिल राजपूत, कुशपाल सिंह राजपूत, अमर सिंह राजपूत, नरेश चंद्र राजपूत, लक्ष्मीकांत राजपूत, सुधीर वर्मा रिंकू, संजय राजपूत, राकेश सिंह राजपूत, अजय पाल सिंह राजपूत, रोशन लाल राजपूत, कालिका प्रसाद राजपूत, प्रवीन वर्मा, अजय राजपूत फौजी, भाजपा नेता डॉ0 धर्मेन्द्र राजपूत, प्रो0 के0के0 राजपूत, मगन लाल वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहरलाल राजपूत व संचालन रामाधार वर्मा ने किया।

# चिंतन शिविर को लेकर खण्ड विकास अधिकारी ने कर्मचारियों की ली बैठक



सचिवों व कर्मचारियों की बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड परिसर में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर के लिए विकास खंड अधिकारी में सचिवों तथा अधीनस्थों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शिविर में जिले के उच्च अधिकारी तथा सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर 25 सितंबर को भारत सरकार की मंशा के अनुरूप चिंतन शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया की जो कल चिंतन सेवक का आयोजन होगा वह भारत सरकार के दिशा निर्देशों पर आकांक्षात्मक ब्लॉक नवाबगंज होने के कारण विकास खंड कार्यालय पर शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें जिले के सभी उच्च अधिकारी जिला अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं जनप्रतिनिधि में सांसद, एमएलसी तथा सभी विधायक, ब्लॉक प्रमुख को आमंत्रित किया गया है। विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने शिविर को लेकर अपने अधीनस्थों के साथ गहनता के साथ बैठक कर सभी से विचार विमर्श किया गया तथा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी, एडीओ एग्रीकल्चर दशरथ सिंह, एपीओ गौरव दिवाकर, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, सुरेश कुमार, वरिष्ठ अकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजनंदन लाल, सुनील कुमार, जुबेर अहमद, कुलदीप राजपूत, बृजेश यादव, मानवेंद्र प्रताप, धर्मेंद्र सिंह, मोतीलाल यादव, अरविंद कुमार, बीएमएम ममता ममता, संजीव कुमार सहित सभी कर्मचारी मौजूद